शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 205 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

विधायक नुरुल हुदा ने अभियान में पहुंचाई बाधा पेज 3
'आत्मनिर्भर भारत' के लिए हथियारों और युद्ध उपकरणों का स्वदेशीकरण जरूरी पेज 4
जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य : मुख्यमंत्री पेज 5
महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम को धमकी पर भीलवाड़ा में सनातन समाज ने ... पेज 8

## त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में 81 फीसदी से ज्यादा मतदान





**अगरतला।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए गुरूवार को कड़ी सुरक्षा में हुआ मतदान अब संपन्न हो गया है। मतदान केंद्रों पर ईवीएम को सील कर सुरक्षित किया जा रहा है। राज्य में 81.1 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई थी। पूरे राज्य में 3,337 केंद्रों पर मतदान हुआ। इस मैदान में कुल 259 उम्मीदवारों के बीच चुनाव लड़ा जा रहा है। पहले के जारी अपडेट के मुताबिक, दोपहर तीन बजे तक त्रिपुरा में 69.60 फीसदी मतदान हुआ है। शाम 4 बजे तक 77.8 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, 40-45 स्थानों पर ईवीएम खराब होने की सूचना मिली, लेकिन सभी मशीन बदल दी गईं और मतदान फिर से शुरू हो गया। त्रिपुरा विधानसभा की 60 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है और पहले चार घंटों में सुबह 11 बजे तक 32 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ। पुलिस ने कहा कि विपक्षी दलों से अगरतला के रामनगर और खैरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में हिंसा की कुछ छिटपुट शिकायतों को छोड़कर, पूर्वोत्तर राज्य में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा है। जहां लगभग 28.13 लाख मतदाता हैं - जिनमें 13.98 लाख महिलाएं और 77 तीसरे लिंग शामिल हैं। राज्य में 3328 मतदान केंद्रों पर 259 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद करेंगे। जिनमें मुख्यमंत्री माणिक साहा और केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक का भाग्य भी शामिल हैं। दक्षिण त्रिपुरा जिले के शांतिरबाजार निर्वाचन क्षेत्र में कलाचेरा मतदान केंद्र के बाहर एक भाकपा समर्थक को उस समय पीटा गया जब वह मतदान केंद्र जा रहा था। पुलिस ने कहा कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। शहर के अधिकांश मतदान केंद्रों पर -शेष पृष्ठ दो पर

### कांग्रेस और भाजपा को ईसी का नोटिस

**अगरतला।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद त्रिपुरा कांग्रेस और भाजपा को उनके अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किए गए अपने स्वयं के दलों के पक्ष में वोट की अपील के लिए नोटिस भेजा है।

## मेघालय में भ्रष्टाचार खत्म करेगी भाजपा : अमित शाह



**शिलांग।** मेघालय में विधानसभा के चुनाव होने हैं। मेघालय में भाजपा इस बार पूरी ताकत के साथ चुनाव में उतर रही है। इन सब के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह मेघालय के नॉर्थ तूरा में एक चुनावी जनसभा को करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की और कहा कि उनकी सरकार यहां से भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि भाजपा बहुत बड़ा दल बनकर यहां पर उपस्थित होने वाली है। उन्होंने कहा कि मेघालय का चुनाव होने वाला है और इसमें हमारे सभी 60 उम्मीदवार उतर रहे हैं और ये इस आशा से उतर रहे कि यहां पर भाजपा एक मजबूत पार्टी बनकर उभरेगी। भाजपा नेता ने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि हमारे उम्मीदवारों को पीएम की टीम में शामिल करें और गारो हिल्स के विकास के दरवाजे खोल दें। मैं आपसे भाजपा को मजबूत करने का आग्रह करता हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम मेघालय से भ्रष्टाचार का सफाया कर देंगे। उन्होंने कहा कि मेघालय में 50 वर्षों से सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है। यहां कोई विकास नहीं हुआ है। इसलिए भाजपा को मजबूत बनाइए और हम मेघालय से भ्रष्टाचार को हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे। शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में 2014 से देशभर में चारों तरफ विकास हो रहा है। अभी मोदी जी यहां ढेर सारी योजनाएं भेजते हैं, लेकिन मेघालय आते-आते वो सारी योजनाएं अदृश्य हो जाती हैं, मेघालय के नागरिकों तक नहीं पहुंचती। अमित शाह ने आगे कहा कि मेघालय में 50 साल से कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है। असम में हमने 5 मेडिकल कॉलेज बनाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मेघालय के लिए 2 मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित किए। हालांकि, राज्य सरकार कोई भी निर्माण करने में असमर्थ थी। शाह ने कहा कि हमने वादा किया है कि पूरे भारत में शिक्षा व्यवस्था को हम स्थानीय भाषा में करेंगे। भाजपा यहां प्राइमरी, सेकेंडरी और हायर एजुकेशन के सभी कोर्सेस गारो भाषा में शुरू करेगी। उधर केंद्रीय गृह मंत्री कहा कि मेघालय में चुनाव से पहले भाजपा ने एनपीपी से अपना गठबंधन -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में 147 करोड़ की शराब इत्यादि जब्त : ईसी




**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए धन का वितरण, शराब और अन्य वस्तुओं का प्रलोभन रुक नहीं रहा है। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव में 147 करोड़ रुपए की शराब, मादक पदार्थ और नकदी जब्त की गई है, जो पिछले चुनाव में जब्त सामग्री के मुकाबले 20 गुना अधिक है। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान हुआ, जबकि मेघालय व नगालैंड के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को बताया कि अवैध मादक पदार्थों के इस्तेमाल को रोकने करने के लिए अंतर एजेंसी विशेष टीम का गठन किया गया, जिसका -शेष पृष्ठ दो पर

## नगांव में वाजपेयी भवन का भूमि पूजन पीयूष ने किया



**नगांव ( विभास )।** असम के जल संसाधन, सूचना व जनसंपर्क मंत्री पीयूष हजारिका नगांव उपस्थित होकर नए तौर से निर्माण होने वाला नगांव शहर के मोरीकलंग स्थित भारतीय जनता पार्टी का मुख्य कार्यालय तीन मंजिला बनने वाला वाजपेयी भवन के भूमि पूजन में हिस्सा लिया। बाजपेयी भवन के भूमि पूजन के मांगलिक कार्यसूची में उपस्थित होकर मंत्री पीयूष हजारिका ने कांग्रेस के विधायक रकीबुल हुसैन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के दिन में काजीरंगा के चारों तरफ अवैध तौर से जमीन का दखल का सिलसिला जारी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाक में पेट्रोल 272 रुपए लीटर




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। सरकार ने गुरुवार से पेट्रोल में 22 तो डीजल में 17 रुपए की बड़ोतरी की है। आज से एक लीटर पेट्रोल अब 272 रुपए का तो एक लीटर डीजल 280 रुपए का हो गया है। इस तरह पिछले एक महीने में पेट्रोल 58 रुपए और डीजल 53 महंगा हुआ। 16 जनवरी को पेट्रोल की कीमत 214.80 रुपए तो डीजल की कीमत 227.80 रुपए थी। पाकिस्तान के फाइनेंस डिवीजन ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की वजह पाकिस्तानी करेंसी (रुपए) में आई गिरावट को बताया है। जिओ न्यूज के मुताबिक, इस समय पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा का भारी संकट है। इससे आयात और निर्यात पर असर पड़ रहा है। महंगाई बड़ रही है। आईएमएफ (आईएमएफ) कर्ज नहीं दे रहा है। आईएमएफ ने कर्ज के लिए सख्त शर्तें -शेष पृष्ठ दो पर

Door graphy Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## स्पोर्ट्स पॉवर बनाने का मार्ग है सांसद खेल महाकुंभ : प्रधानमंत्री



**गोरखपुर ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को स्पोर्ट्स पॉवर बनाने के लिए नए रास्ते चुनने होंगे। नई व्यवस्थाएं बनानी होंगी। सांसद खेल महाकुंभ ऐसा भी नया मार्ग है, नई व्यवस्था है। सांसद खेल महाकुंभ खेल क्षेत्र का वह नींव है, जिस पर भविष्य की भव्य इमारत का निर्माण होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इससे खेल प्रतिभाओं में निखार आता है। उनका मनोबल मजबूत होता है। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को गोरखपुर के क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे थे। वीडियो संदेश के जरिये प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बड़ाने के लिए सरकार ने बजट में कई प्रावधान किए हैं। 2014 की तुलना में खेल मंत्रालय का बजट तीन गुना कर दिया गया है। अनेक आधुनिक स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

### मेघालय में भूकंप

**शिलांग ( हि.स. )।** मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिला में गुरुवार सुबह 09 बजकर 26 मिनट 29 सेकेंड पर 3.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के चलते लोगों में दहशत फैल गई। सिस्मोलॉजी विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिला में जमीन के अंदर 46 किमी नीचे बताया गया है। भूकंप का एपिक सेंटर 25.30 उत्तरी अक्षांश तथा 91.71 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

## रुद्राक्ष लेने उमड़ी भीड़ में महिला की मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सिहोर में कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। भीड़ इस कदर बढ़ गई कि वहां भगदड़ मच गई। रुद्राक्ष लेने के चक्कर में हालात इस कदर बेकाबू हुए कि एक महिला की मौत हो गई और कई लोग लापता हुए हैं। वहीं कथा के दौरान प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अगर मौत आनी है तो आएगी ही। लोग मौत से इतना डरते हैं कि कहते हैं कि बहुत सर्दी है तो वे केदारनाथ नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर मौत आनी होगी तो घर में भी -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

जो व्यक्ति दुसरो के काम मे न आए, वास्तव मे वह मनुष्य नहीं है।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर

### न्यूज गैलरी

### पायलट को सीएम फेस बनाने की फिर उठी मांग

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर से सत्तारूढ़ कांग्रेस में अंर्तकलह देखने को मिल रही है। अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने युवाओं और प्रदेशवासियों का हवाला देते हुए सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने दावा किया कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने पर कांग्रेस एक बार फिर से सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि अगर -शेष पृष्ठ दो पर

## पटना : अतिक्रमण पर बवाल, लोगों ने बरसाए पत्थर



**पटना।** गुलजारबाग रेलवे स्टेशन के पूरब मेहंदीगंज गुमटी के समीप रेलवे लाइन किनारे के भूखंड से गुरुवार दोपहर अतिक्रमण हटाने पहुंची रेलवे पुलिस प्रशासन को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक दुकानदार ने आत्मदाह का प्रयास किया। महिलाओं और पुरुषों ने ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी किया। रेलवे के तथाकथित भूखंड पर बनी दुकान को तोड़ने के लिए दोपहर करीब 1:45 बजे जैसे ही जेसीबी आगे बढ़ी लोग उग्र हो गए। एक व्यक्ति जेसीबी के अगले हिस्से में जाकर लेट गया। जानकारी के अनुसार, रेलवे पुलिस व अधिकारी हार्डवेयर दुकान के बाहर खड़े होकर विरोध कर रहे लोगों से बातचीत कर ही रहे थे कि अचानक दुकान में आग लग गई। दुकान में खड़े दुकानदार के शरीर में आग लगी थी। पास खड़े लोगों तथा पुलिस कर्मियों ने आग से जल रहे दुकानदार को बचाने के लिए प्रयास किया। घटना स्थल पर मौजूद पुलिस प्रशासन -शेष पृष्ठ दो पर

## पागल हाथी ने तीन को कुचलकर मार डाला



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में पागल हाथी को 5 घंटे बाद काबू में कर लिया गया। उसे ट्रेंकुलाइजर गन से शॉट दिया गया। जिसके बाद पकड़ में आया। वह मोहम्मदपुर माफी गांव में कलश यात्रा के लिए बुलाया गया था। वहां पर भीड़ को देखकर भड़क गया। उसने कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घटना के बाद आयोजन को रद्द कर दिया गया है। सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का एलान किया है। गांव के रहने वाले रामलखन के अनुसार 16 से 24 फरवरी तक गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया था। पहले दिन करीब डे? बजे कलश यात्रा निकलनी थी। कलश यात्रा के लिए महिलाएं जल भरने जाने वाली थीं। यात्रा में शामिल होने के लिए 2 हाथी और 2 ऊंट किराए पर लाए गए थे। मौके पर पंडाल में एक हजार से अधिक लोग जमा थे। वहां पर हाथी को देखने और उसके साथ फोटो खिंचवाने वालों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ और शोर की वजह से हाथी भड़क गया। उसने पूजा कर रही दो महिलाएं कांति देवी (55) और कौशल्या देवी (50) को सूंड में लपेट लिया। उसके बाद जमीन पर पटक कर पांव से दबा दिया। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# राजस्थान से अगवा कर दो युवकों को जिंदा जलाया, बजरंग दल व सीआईए पर आरोप

**भिवानी।** राजस्थान की सीमा से सटे लोहारू कस्बे के गांव बारवास की बणी में गुरुवार सुबह लावारिस हालात में बोलेरो में जिंदा जलाए गए दो युवकों के कंकाल मिले हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह बणी के अंदर जली हुई बोलेरो के बारे में सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद लोहारू के डीएसपी और पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो की पिछली सीट पर दो लोगों के जली हुई हालत में सिर्फ कंकाल बचे थे। गाड़ी पर नंबर प्लेट तक जल चुकी थी। पुलिस ने चेसिस नंबर से गाड़ी का पता लगाया। इसके बाद मृतकों की पहचान राजस्थान के जिला भरतपुर के गोपालगढ़ पुलिस थानाक्षेत्र के गांव घाटमिका निवासी जुनैद और नासिर के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने फिरोजपुर झिरका सीआईए और बजरंग दल सदस्यों पर दोनों को अपहरण कर मारपीट के बाद जिंदा जलाकर उनकी हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले गो-तस्करी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। राजस्थान के भरतपुर जिले के गोपालगढ़ पुलिस थाने में मृतक के चचेरे भाई इस्माइल ने नासिर और जुनैद के अपहरण के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के भाई का आरोप है कि उसके दो चचेरे भाई नासिर और जुनैद दोनों अपनी बोलेरो से भोरू वास सीकरी ससुराल गए थे। मंगलवार की रात को वहीं रुक गए थे। बुधवार की सुबह छह बजे वह बोलेरो से लौट रहे थे। आरोप है कि करीब आठ-दस लोगों ने उनकी बोलेरो को रोक लिया और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने दोनों का बोलेरो सहित अपहरण कर ले गए। वहीं, मृतक के चचेरे भाई इस्माइल का आरोप है कि फिरोजपुर झिरका सीआईए और बजरंग दल के मोनू मानेसर व रिंकू सैनी, फिरोजपुर झिरका ने अपने साथियों के साथ उनके दोनों भाइयों की गाड़ी का पीछा किया। सीआईए की गाड़ी ने आगे से टक्कर मारी और बजरंग दल सदस्यों ने उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मारकर रोक लिया। फिर मारपीट कर दोनों को अधमरा कर दिया। उन्हें थाने ले जाया गया। आरोप है कि थाने की पुलिस ने वापस ले जाने को कह दिया। इसके बाद दोनों को बोलेरो में ही भिवानी जिले के लोहारू के गांव बारवास की बणी में ले जाकर जिंदा जलाकर मार डाला। परिजनों ने दोनों युवकों के अपहरण, मारपीट के बाद उनकी हत्या के बाद शव खुर्द-बुर्द किए जाने के आरोप भी सीआईए फिरोजपुर झिरका व बजरंगदल सदस्यों पर लगाए हैं। फिलहाल भिवानी पुलिस दोनों जले हुए कंकालों को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। लोहारू पुलिस ने जली हुई बोलेरो के चेसिस नंबर से दोनों मृतकों के बारे में पता लगाया। इसके बाद भरतपुर गोपालगढ़ पुलिस थाना के एसएचओ रामनरेश लोहारू पुलिस थाना पहुंचे। एसएचओ ने दोनों मृतकों की पहचान गांव घाटमिका निवासी नासिर और जुनैद के रूप में कर दी।

# इस्त्राइली फर्म ने क्या भारत के चुनावों को किया था प्रभावित

**नई दिल्ली।** इस्त्राइल की एक कॉन्ट्रैक्टर्स की टीम द्वारा दुनिया के 30 से ज्यादा देशों के चुनाव में हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि इस्त्राइली एजेंसी भारत में हैकिंग और फेक न्यूज के जरिए चुनावों में हेर-फेर कर रही है। भारत में इसके तार किससे जुड़े हैं? इसकी जांच होनी चाहिए। गुरुवार को पार्टी की ओर से की गई प्रेसवार्ता में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और सुप्रिया श्रीनेत ने इस्त्राइली एजेंसी कथित इस्तेमाल की जांच की मांग की और सरकार से इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ने को कहा। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर भारतीयों के डेटा से समझौता करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्त्राइल की टीम जॉर्ज, जिस पर दुनिया भर में 30 से अधिक चुनावों में हस्तक्षेप करने का आरोप है, को भारत सहित कई देशों में नकली सोशल मीडिया अभियान संचालित करने के लिए एक सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है। श्रीनेत ने कहा कि हमने भारत में एक पैटर्न देखा है। हम चाहते हैं कि सरकार अपनी चुप्पी तोड़े और बताए कि देश में लोकतंत्र को बचाने में उसका क्या योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में इसका सीधा असर पड़ रहा है और इसकी जांच होनी चाहिए। इस दौरान पवन खेड़ा ने कहा कि अगर सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर रही है, तो इसका मतलब है कि वह देश के लोकतंत्र और चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए विदेशी फर्मों से मदद मांग रही है। भारतीयों के डेटा को एक विदेशी फर्म को सौंपकर समझौता किया जा रहा है। श्रीनेत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब नरेंद्र मोदी सरकार पर डेटा चोरी के आरोप लगाए गए हैं। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस्त्राइल के कॉन्ट्रैक्टर्स की एक टीम ने दुनिया में 30 ज्यादा चुनावों में हेरफेर की। ऐसा उन्होंने हैकिंग, सोशल मीडिया के जरिए दुष्प्रचार और चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डाल कर किया। कॉन्ट्रैक्टर्स की इस टीम के संचालक 50 वर्षीय ताल हनान हैं, जो तेल अवीव में रहते हैं। वे इस्त्राइल के एक स्पेशल फोर्स के पूर्व कर्मचारी हैं। वे छद्म नाम जोर्ज से काम काम करते हैं।

# वन विभाग की छापेमारी में रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त



**नगरबेड़ा ( निसं )।** पश्चिम कामरूप के विभिन्न हिस्सों में अवैध भूमि खनन, लकड़ी, रेत आदि की तस्करी के आकर्षक कारोबार के बीच वन विभाग ने बीती रात रेत से भरा एक ट्रैक्टर जब्त किया। बताया जा रहा है कि नगरबेड़ा नदी आरक्षित वन कार्यालय के वन कर्मियों की एक टीम ने नियमित गश्त के दौरान रंगेश्वरी-भखुराड़िया मार्ग से एक बिना नंबर का रेत भरा ट्रैक्टर जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर को बाद में नगरबेड़ा वन कार्यालय लाया गया। हालांकि छापेमारी करने वाली टीम इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं पकड़ पाई है। गौरतलब है कि वन विभाग लंबे समय से क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रेत के साथ-साथ खुलेआम मिट्टी की खुदाई कर रहा है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या विभाग आने वाले दिनों में इस तरह की गतिविधियों में शामिल सभी लोगों को पकड़ पाएगा कि नहीं यह होगा लक्षनीय।

# बीबीसी के दफ्तर पर आयकर विभाग का सर्वे तीसरे दिन भी जारी

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर आयकर विभाग (आईटी) का लगातार तीसरे दिन भी सर्वे जारी है। अधिकारियों ने सर्वे के दौरान चुनिंदा कर्मचारियों से वित्तीय डेटा इकट्ठा किया और इलेक्ट्रॉनिक और पेपर डेटा की कॉपियां बनाईं। केजी मार्ग स्थित एचटी भवन और मुंबई के सांताक्रूज ईस्ट में सीएसटी रोड स्थित विंडसर भवन में बने बीबीसी कार्यालयों पर आईटी ने मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे सर्वे शुरू किया था। इस तरह कार्रवाई को तीन दिन से ज्यादा हो चुके हैं। अधिकारियों ने बुधवार को कहा था कि सर्वे कुछ और देर तक जारी रहेगा। आईटी अधिकारियों ने बताया कि सर्वे टीम बीबीसी से वित्तीय लेन-देन, कंपनी संरचना और कंपनी के बारे में अन्य विवरण को लेकर जवाब मांग रही है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की कॉपी भी की जा रही है। बता दें कि आईटी ने भारत में बीबीसी के खिलाफ बार-बार आयकर नियमों को तोड़ने और कर चोरी की जांच के तहत मंगलवार सुबह यह कार्रवाई शुरू की थी। भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूर्व में बीबीसी ने ट्रांसफर प्राइसिंग को लेकर कोई विश्वसनीय जवाब नहीं दिया था।

# अतिसामरिक क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठ पर सरकार उठाए कड़े कदम : अभाविप

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** नगांव एवं शोणितपुर जि़लि में बूढ़ा-चापरी वन्यजीव अभ्यारण्य के कुछ हिस्सों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध कब्जों को हटाने वाले राज्य सरकार के अतिक्रमण मुक्त अभियान का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने समर्थन किया है। अभाविप इस अतिक्रमणरोधी अभियान को राष्ट्रीय सुरक्षा, क़ानून व्यवस्था एवं पर्यावरणीय बिंदुओं पर आवश्यक मानती है और सरकार से घुसपैठियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग करती है। उल्लेखनीय है कि बूढ़ा-चापरी वन्यजीव अभ्यारण्य लगभग 44 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है और इसे 1974 में संरक्षित वन और भारत में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। पिछले कुछ वर्षों में बंगला देश से अवैध रूप से आए घुसपैठियों ने इस अभ्यारण्य की भूमि पर पक्के घर, पांथिक-प्रार्थना एवं प्रशिक्षण स्थल और अन्य निर्माण कार्य अवैध रूप से बना लिए थे। जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा, क़ानून तथा न्याय सहित पर्यावरणीय जैव विविधता को खतरा पैदा कर दिया। इस बहुआयामी समस्या पर ध्यान देते हुए असम सरकार ने राज्य के अन्य हिस्सों की तरह 14 फरवरी से जो अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया और सरकार इस भूमि से अवैध कब्जा को हटवा रही है।

**SHORT QUOTATION NOTICE**

Short quotations are hereby invited from the intending quotationer (s) affixing non- refundable Court Fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight and Paisa Twenty Five) only for supply of the following item under SOPD-Development of Other Wildlife Areas during 2022-23. The quotation will be received by the undersigned up to 3.00 P.M. (1.S.T) on 03/03/2023 during the office hours and the quotation will be opened in the same day at 3.30 P.M. (I.S.T.) and if for any reason, the office remains closed or declared a holiday, on the aforesaid date the quotations will be received on the very next working day at same time & venue mentioned above. The quotationer (s) should mention on the sealed envelope as "SOPD-Development of Other Wildlife Areas" during 2022-23" at the Divisional Forest Officer, Kamrup East Division, Basistha, Guwahati-29 as per specification shown below:-

The detail of item is mentioned herein --

| Sl. No. | Details Specifications |
|---|---|
| 1 | Jungle Walking Stick with torch and taser (Smart Stick) |
| 2 | Rescue Net for small animals |
| 3 | Snack Catching Kit 6″ |

*-- Janasanyog /C/20277/22*

Divisional Forest Officer,
Kamrup East Division, Basistha,
Guwahati-29

## पृष्ठ एक का शेष

### त्रिपुरा विधानसभा चुनाव...

मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई और बूथों के सामने लंबी कतारें सुबह से ही देखी गयी है। त्रिपुरा में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ हालांकि शुरुआत में मतदान केंद्रों पर धीमा रहा, जहां ईवीएम में कुछ खराबी पायी गयी थी। मुख्यमंत्री ने उज्जयंत पैलेस के सामने महारानी तुलसीबाती एचएस स्कूल में सबसे पहले मतदान किया और दावा किया कि वह न केवल बारडोवाली सीट से बड़ी जीत हासिल करेंगे, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी आसानी से बहुमत के साथ सत्ता में वापस आएगी, क्योंकि राज्य की जनता ने चुनाव में माकपा-कांग्रेस गठबंधन को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं मतदाताओं से बड़ी संख्या में बाहर आने और बिना किसी डर के अपना वोट डालने की अपील करता हूं। ईसीआई ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं और इस चुनाव को देश के सामने एक मॉडल के रूप में पेश करने का प्रयास किया गया है। मैं प्रशासन से लगातार संपक में हूं और अभी तक कहीं से कोई व्यवधान पैदा नहीं हुआ है। अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के तहत अभयनगर क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा दोनों कार्यकर्ताओं ने एक साथ अपना अस्थायी बूथ शिविर बनाया और बड़े प्यार से एक दूसरे को नाश्ता साझा किया। अगरतला में कांग्रेस के कद्दावर नेता सुदीप रॉयबर्मन भाजपा उम्मीदवार एवं पार्टी के राज्य महासचिव पापिया दत्ता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने हालांकि आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं को रामनगर और खैरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तक पहुंचने से रोक रहे हैं और सुरक्षा बल पर्याप्त नहीं हैं। केंद्रीय बलों को बूथों का प्रबंधन करने वाले मतदान केंद्रों तक सीमित कर दिया गया है, जबकि सड़क पर तैनात राज्य पुलिस और टीएसआर के जवान मूकदर्शक बने हुए हैं। सत्तारूढ़ भाजपा 55 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनावी मैदान में उतरी है, जबकि उसके गठबंधन सहयोगी इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है, क्योंकि अम्पीनगर में वह किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। भगवा खेमे को चुनौती देने के लिए अपने समय में एक दूसरे के धुर विरोधी वाम मोर्चा और कांग्रेस ने इस चुनाव में गठबंधन किया है।

### मेघालय में भ्रष्टाचार...

तोड़ दिया ताकि वह सभी 60 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सके और मजबूत बनकर उभर सके। नॉर्थ तूरा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करने का वादा करते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य में कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण, 2022-23 में घाटा 1849 करोड़ रुपए था। यह मेघालय जैसे छोटे राज्य के लिए एक बड़ी राशि है। आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेघालय देश में सबसे धीमी गति से विकास कर रहा है। शाह ने रैली में कहा कि भाजपा को राज्य में एक मजबूत पार्टी बनाएं और हम भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाली मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) सरकार का हिस्सा रह चुकी भाजपा 27 फरवरी को होने वाले चुनाव में सभी 60 सीट पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि हमने मेघालय में गठबंधन (एनपीपी के साथ) तोड़ा ताकि भाजपा सभी सीट पर चुनाव लड़ सके और एक मजबूत पार्टी के रूप में उभर सके। क्षेत्र के लिए केंद्र द्वारा की गई विकास पहल को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि पीएम-डिवाइन योजना 6,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ शुरू की गई है। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगर हम राज्य में सरकार बनाने में सक्षम होते हैं तो मेघालय पीएम-डिवाइन योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी होगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जो 51 बार पूर्वोत्तर आए और क्षेत्र के विकास में मदद की।

### त्रिपुरा, नगालैंड और ...

नतीजा है कि त्रिपुरा में 14.2 करोड़ रुपए के गांजा की फसल को नष्ट किया गया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि तीनों राज्यों में की गई जब्ती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वर्ष 2018 में इन राज्यों की विधानसभा चुनाव के दौरान जब्त की गई सामग्री के मुकाबले 20 गुना अधिक है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने निगरानी पर जोर दिया था और चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने बताया कि प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास, गहन निगरानी, विधानसभा क्षेत्रों में खर्च को लेकर संवेदनशीलता और फिल्ड टीम की पर्याप्त नियुक्ति के कारण तीन राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से अब तक 147.84 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई है।

### नगांव में वाजपेयी भवन ...

था। इसके अलावा इन लोगों द्वारा गैंडे का हत्या का महायज्ञ शुरू हुआ था। कांग्रेस इन लोगों को सुविधा दे रखी थी। असम का गौरव एक सिंग वाले गैंडे के हत्या को रोकने के लिए चारों दिशाओं में अतिक्रमण चलाया गया। वहीं लाउखोवा में चलाए गए अतिक्रमण को लेकर कांग्रेस के विधायक नुरुल हुदा के संदर्भ में मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि जमीन का कागजात दिखाना चाहते है तो दिखाएं पर सरकार द्वारा अवैध तौर से जमीन दखल करने वालों के खिलाफ अतिक्रमण जारी रहेगा। मंत्री ने पत्रकार के आगे कहा कि दूसरी बार भी भाजपा भारी बहुमत से राज्य में सरकार गठन करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव में 14 सीटों में से भाजपा 12 सीटों पर अपना जीत का परचम लहराएगी।

### स्पोर्ट्स पॉवर बनाने ...

खिलाड़ियों को लाखों रुपए की मदद की जा रही है। हमें खेलों के प्रति होलिस्टिक विजन अपनाना होगा। *टॉप्स* जैसी योजना से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। खेलो इंडिया के साथ साथ फिट इंडिया और योग जैसे अभियान भी आगे बड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि किशोरावस्था में हम देखते हैं कि हर किशोर पेड़ पर या अन्य कहीं लटक कर अपनी लंबाई बड़ाने का प्रयास करते हैं। यह इस बात का संकेत है कि फिट रहने की इच्छा हर किसी में होती है। हमारे परम्परागत मेलों में खेलकूद होते थे। अखाड़ों में भी भांति-भांति के खेल होते थे पर बाद में खेलकूद को उपेक्षित कर दिया गया। हालात यह हो गए कि पीटी के पीरियड को भी टाइम पास मान लिया गया। तीन-चार पीढ़ियों तक न खेल के लिए सुविधाएं बड़ीं और न ही खेल का आकार। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के खिलाड़ियों में बहुत गुप्त और सुप्त सामर्थ्य है जो बाहर आने को लालायित भी है। इस सामर्थ्य को मंच देने, निखारने में सांसद खेल महाकुंभ की बड़ी भूमिका है। खुशी है कि भाजपा के सैकड़ों सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करा रहे हैं। इससे बड़ी संख्या में खेल प्रतिभाओं को मौका मिल रहा है। इन्ही खेल प्रतिभाओं में कुछ राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे। आगे चलकर ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में देश के लिए मेडल जीतेंगे। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से कहा कि आप में से हजारों की संख्या में ऐसे युवा हैं जो किसी छोटे गांव या छोटे कस्बे से आये हैं। ये दिखाता है कि सांसद खेल प्रतियोगिताएं किस तरह युवा खिलाड़ियों को नये अवसर देने का नया प्लेटफार्म बन रही है। आप लोग जो टीवी पर तमाम तरह के टैलेंट हंट कार्यक्रम देखते हैं तो ये भी पाते हैं कि उसमें भी कितने भी बच्चे छोटे-छोटे शहरों से होते हैं। प्रधानमंत्री ने खेलों के विकास व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी है कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल सुविधाओं का विकास हो रहा है। रीजनल स्टेडियम इसका उदाहरण है। चौरीचौरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। महायोगी गुरू गोरखनाथ जी की पवित्र धरती को श्रद्धापूर्वक नमन करने के साथ प्रधानमंत्री ने सांसद खेल प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने बहुत मेहनत की है। इस प्रतियोगिता में कुछ खिलाड़ियों को जीत मिली होगी कुछ को हार का सामना करना पड़ा होगा। खेल का मैदान हो या जीवन का मैदान हार-जीत हमेशा लगी रहती है। खिलाड़ी अगर यहां तक पहुंचे हैं तो वे हारे नहीं हैं। उन्होंने जीतने के लिए बहुत कुछ सीखा है, ज्ञान अर्जन किया है, अनुभव प्राप्त किया है। यही तो सबसे बड़ी पूंजी है। यही खेल भावना भविष्य में सफलताओं के दरवाजे खोल देगी।

### रुद्राक्ष लेने उमड़ी ...

आ जाएगी। कथा के दौरान प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अगर मौत आनी होगी तो पैरदान पर पैर रखते समय वह फिसल जाएगा और आप मर जाएंगे। आप मौत से कितना भी बचने की कोशिश करें लेकिन बच नहीं सकेंगे। कथावाचक ने कहा कि जो लोग रुद्राक्ष लेने के लालाच में कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे हैं, वो लोग यहां न आएं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले लोग सिर्फ भोलेनाथ के लिए ही आएं। बता दें कि कुबेरेश्वर धाम में करीब 10 लाख लोगों की भीड़ पहुंच गई, जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। इसी दौरान हार्ट अटैक से एक महिला की मौत हो गई। इंदौर हाई वे पर लाखों लोग रुद्राक्ष लेने के लिए कुबेरेश्वर धाम पहुंचे। भीड़ इस कदर बढ़ गई कि पैदल चलना तक मुश्किल हो रहा है। अलग अलग राज्यों से भक्त सिहोर पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कुबेरेश्वर धाम में उनकी काफी आस्था है। चमत्कारी रुद्राक्ष पाकर वह हम स्वस्थ हो जाते। नासिक के मालेगांव से पहुंची मंगला बाई की तबीयत अचानक खराब हो गई, चक्कर आने के बाद वह जमीन पर गिरकर उसकी मौत हो गई। ये जानकारी मंडी थाना एएसआई की तरफ से दी गई है।

### पाक में पेट्रोल ...

रखी हैं। इनमें डीजल और पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी भी शामिल है। पाकिस्तान की शाहबाज सरकार ने पिछले हफ्ते एलान किया था कि सरकार आईएमएफ बेलआउट पैकेज को अनलॉक करने के लिए चार महीनों में 170 बिलियन पाकिस्तानी रुपए जुटाने के लिए एक मिनी-बजट पेश करेगी। इसी के चलते पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में 15 फरवरी को एक बजट पेश किया। इसके तहत कई तरह के टैक्स में बढ़ोतरी की गई है। जिसका सारा भार महंगाई और भुखमरी की कगार पर पहुंच चुकी पाकिस्तान की जनता को उठाना होगा। पाकिस्तान में केवल पेट्रोल ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाला केरोसिन, लाइट डीजल और हाई स्पीड डीजल के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। इससे देश में महंगाई और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। मूडी एनालिटिक्स के सीनियर इकोनॉमिस्ट कैटरिना एल के मुताबिक, इससे 2023 की पहली छमाही (जून तक) में पाकिस्तान में महंगाई दर बढ़कर 33त्न हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश की इकोनॉमी को वापस ट्रैक पर लाने के लिए आईएमएफ का लोन भी काफी नहीं रहेगा।

### पटना : अतिक्रमण पर...

का कहना था कि दुकानदार अनिल कुमार गुप्ता ने आत्मदाह का प्रयास किया। उसे बचाने में दुकानदार के बड़े भाई अजीत कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार गुप्ता और पास में कचरी दुकान लगाने वाले कन्हाई जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए लोग निजी अस्पताल ले गए। वहीं, नीम की भट्ठी क्षेत्र निवासी जख्मी अनिल कुमार की पत्नी सोनी कुमारी, भाभी रानी कुमारी व अन्य का आरोप था कि आग दुकानदार ने खुद से नहीं, बल्कि अतिक्रमण हटाने आए लोगों ने लगाई है। भीड़ में कुछ लोग कहते सुने गए कि दुकानदार ने अपनी ही दुकान का थिनर सिर व शरीर पर डालकर आग लगा ली। स्वजन इस बात को गलत बता रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा रेलवे लाइन किनारे बने पक्का मकान व दुकान को तोड़ने का प्रयास करने के दौरान आग लगने की घटना के बाद उग्र हुई भीड़ ने अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर पथराव शुरू कर दिया। रेलवे पुलिस, अधिकारी व कर्मी जान बचाकर भागे। भीड़ ने जेसीबी पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद मेहंदगीगंज, आलमगंज, अगमकुआं समेत कई थानों की पुलिस घटना स्थल पहुंची। लोग तितर-बितर हो गए, लेकिन घटनास्थल पर तनाव बरकरार है। मेहंदीगंज गुमटी से पश्चिम में रेलवे लाइन किनारे दर्जनभर पक्का निर्माण है। इसमें मकान, हार्डवेयर दुकान, चाय नाश्ते की होटल व अन्य दुकानें खुली हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे पुलिस व अधिकारी दलबल के साथ पहुंचे थे। इस कार्रवाई को रोकने की गुहार लगाते हुए आंदोलन कर रहे महिला-पुरुष ने कहा कि उनके पूर्वज 1932 से पहले से यहां रहते आ रहे हैं। प्रभावित लोगों का कहना था कि मामला न्यायालय में लंबित है। 24 फरवरी को सुनवाई होनी है। ऐसे में अधिकारी से दो दिन की मोहलत मांग रहे थे।

### पागल हाथी ने तीन...

फिर खेत की ओर भाग निकला। कौशल्या देवी की गोद में उनका नाती कृष्णा (4) भी था। कौशल्या अपने बीमार नाती को हाथी की पूजा कराने गोद में लेकर गई थीं, लेकिन हाथी ने कौशल्या के साथ ही मासूम कृष्णा को भी अपने पांव के नीचे दबाकर मार डाला। दोनों महिलाएं मोहम्मदपुर माफी इलाके की रहने वाली थी। ग्रामीणों के मुताबिक घटना की सूचना मिलने के 1 घंटे बाद करीब 2 बजे पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उनके साथ महावत भी था। सबसे पहले महावत ने उसे काबू में करने का प्रयास किया, लेकिन वह काबू में नहीं आ पाया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने हाथी को काबू करने के लिए ट्रेंकुलाइजर गन से शॉट दिया। जिसके थोड़े देर बाद हाथी शांत होकर जमीन पर बैठ गया। शाम साढ़े 6 बजे उस पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जिस बच्चे की मौत हुई है, वह काफी बीमार चल रहा था। उसके ननिहाल वालों ने मां से कहा था कि बच्चे को यज्ञ में लाकर पूजन कराओ तो वह ठीक हो जाएगा, जिसके बाद मां बच्चे को लेकर मायके आई थी। वह हाथी का पूजन कर बच्चे को आशीर्वाद दिलाने पहुंची थी। मरने वालों में शामिल कांति देवी 5 बच्चों की मां थीं। उनके बेटे अनूप और बेटी दीपमाला की शादी नहीं हुई है। वहीं, कौशल्या देवी के भी 5 बच्चे हैं। जिसमें बेटी डाली और बेटे राजू की शादी अभी नहीं हुई हैं। मृतक कृष्णा कौशल्या देवी की बेटी पूजा का बेटा था। बच्चे के पिता का नाम राजू है। वह सहजनवां के सरैया गांव का रहने वाला था। परिवार के लोगों ने बताया, मृतक कृष्णा की मां पूजा की शादी के 12 साल बाद बच्चा हुआ था। बाद में उसकी मां को कुछ दिक्कत हो गई थी। जिसके बाद ऑपरेशन करके उनकी बच्चेदानी निकाल दी गई थी। तीन दिन पहले मां और बेटा ननिहाल आए थे। 3 महीने पहले इसी मंदिर पर कृष्णा का मुंडन संस्कार हुआ था। जहां पर ये घटना घटी है। वहीं ग्रामीण राजेश मौर्य ने बताया कि गांव के लोग महावत से बार-बार हाथी को दूर ले जाने के लिए बोल रहे थे, लेकिन महावत उनकी कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं था।

### पायलट को सीएम ...

सचिन पायलट को नेतृत्व देते हैं तो 100 फीसदी सत्ता रिपीट होगी। जनता अगर ये चाहती है तो होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो बार-बार कह रहा हूं कि राजस्थान की जनता और युवा चाहती है कि सचिन पायलट अगर कांग्रेस का चेहरा होते तो सरकार दोबारा बन सकती है। मैं सचिन पायलट के साथ हूं, अगर वो नहीं होते तो मैं चुनाव नहीं जीत पाता। राजस्थान में करीब 9 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने वाला है। ऐसे में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने चुनावी तैयारियां को लेकर पूरा खाका तैयार कर लिया है और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से जनता के पास पहुंचकर सरकार की उपलब्धियां और नीतियां घर-घर पहुंचाने को कहा है, जबकि कांग्रेस के भीतर उथल-पुथल मची हुई है। राजस्थान में विधानसभा का सत्र समाप्त होने के बाद एक बार फिर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चा शुरू हो गई। कहा जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आलाकमान कई बदलाव करने की योजना पर विचार कर रहा है। ऐसे में पार्टी प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ बातचीत भी हुई थी।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **अष्टम अध्याय**

**( योगाभ्यास )**

**उत्तम कोटी पुरुष की, यह अवधी षट मास।**
**मध्यम कोटी साधकन, अधिक समय अभ्यास॥ 43॥**

**शब्दार्थ :** (अवधी) समय (मध्यम) दूसरा (अभ्यास) साधन (कोटी) श्रेणी, दर्जा।

**भाष्य :** यह छः मास अखण्ड-समाधि की अवधि उत्तम कोटि के पुरुषों की है। मध्यम श्रेणी के साधकों के लिए अधिक समय अभ्यास में लगता है।

**ज्यों जस शुद्ध स्तित्व है, त्यों तस समय विकास।**
**न्यूनाधिक का भेद है, अधम कनिष्ट उदास॥ 44॥**

**शब्दार्थ :** (शुद्ध स्तित्व) पवित्र आत्मसत्ता (न्यूनाधिक) कम-वेश (अधम) नीच (कनिष्ठ) छोटा (उदास) अधमाधम।

**भाष्य :** उत्तम, मध्यम, कनिष्ठ, अधम और अधमाधम-ये साधकों की पांच कोटियां होती है। जितनी आत्मा पवित्र है, उसी के अनुसार उसका विकास होता है। समय का न्यूनाधिक भेद आत्मा की पवित्रता के अनुकूल साधकों को होता है। जितनी आत्मा ववित्र है, उतनी ही साधन में शीघ्र सफलता प्राप्त होती है। इस प्रकार कोटि-भेद के कारण समय का भेद हो जाता है इसलिए अधिकारी बन पवित्रता को धारण कर योगाभ्यास में प्रवृत्त होना चाहिए।

बूढ़ाचापरी अभयारण्य में तीसरे दिन भी चला बेदखली अभियान

# विधायक नुरुल हुदा ने अभियान में पहुंचाई बाधा

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव और शोणितपुर जिला के मध्य स्थित बूढ़ा-चापरी संरक्षित अभयारण्य में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान जारी रहा। नगांव और शोणितपुर जिला प्रशासन ने बूढ़ा-चापरी अभयारण्य के चर इलाकों को खाली कराया है। जिला प्रशासन पहले ही करीब 6,700 बीघा जमीन को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त करा चुका है। सुतिरपार के सितलमारी पथार इलाके में आज सुबह बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया। आज सितलमारी पथार इलाके में बेदखली के लिए प्रशासन की ओर से अभियान चलाया गया। करीब एक हजार बीघा जमीन अतिक्रमणकारियों के चंगुल से बेदखल की गई है। इस बीच, रूफिहत के विधायक नुरुल हुदा ने आज सुतिरपार के सितलमारी पथार में चल रहे अतिक्रमण हटाने के अभियान को रूपहीहाट के विधायक नुरुल हुदा ने बाधित करने की कोशिश की। यह दावा करते हुए कि सितलमारी पथार गांव सुतीरपार पंचायत के अधिकार क्षेत्र के एक वार्ड में आने की बात कहते हुए विधायक नुरुल हुदा ने बेदखली अभियान को अवरुद्ध कर दिया। हालांकि, बाद में, बेदखली अभियान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। करीब एक घंटे बाद विधायक वहां से चले गए। बेदखली अभियान के दौरान लगभग 3,000 पुलिस, अर्धसैनिक बलों, वन रक्षकों को तैनात किया गया था। उल्लेखनीय है कि राज्य के संरक्षित वन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अवैध नागरिकों ने अपना अस्थायी आसियाना बना लिया है। जिसके चलते आए दिन वन्य जीवों की हत्या की खबरें आती रही हैं, लेकिन राज्य में भाजपा की सरकार के गठन के बाद संरक्षित वन क्षेत्रों की जांच-पड़ताल करने के बाद अवैध अतिक्रमण को खाली कराने के लिए अभियान शुरू किया गया, जिसका असर भी दिखाई देने लगा है, एक समय असम एक सींग वाले गैंडों के अवैध शिकार के लिए कुख्यात था, लेकिन पिछले कई वर्षों से गैंडों के शिकार पर पूरी तरह से रोक लग गयी है।

## छत से गिरकर छात्रा की मौत

**बरपेटा ( हि.स )।** राज्य के बरपेटा जिला से गुरुवार की सुबह ही एक अत्यंत हृदय विदारक खबर सामने आयी है। उच्चतर माध्यमिक की एक छात्रा की छत से गिरकर मौत हो गई। जिला के पाठशाला के निकटवर्ती कृष्ण नगर की यह घटना है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय एक छात्रावास में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही छात्रा सुबह नहा कर कपड़े सुखाने छत पर गई थी कि उसका पैर फिसल गया और वह छत से गिर गई। छात्रा का नाम ऋषिता दास बताया गया है। बताया जाता है कि वह जिले के बजाली के बाघमारा की निवासी थी। छत से गिरने के बाद छात्रा को तत्काल ही अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों को खबर दे दी गयी है। इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। इस घटना की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई लोगों की भारी भीड़ छात्रा को देखने के लिए उमड़ पड़ी।

# करीमगंज में पीएम आवास योजना ( ग्रामीण ) के 12 हजार लाभार्थियों को मिली पहली किस्त




**करीमगंज ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 12 हजार लाभार्थियों की पहली किस्त का भुगतान गुरुवार को पूरे प्रदेश सहित करीमगंज जिले में भी किया गया। गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय करीमगंज के सभाकक्ष में जिलाधिकारी मृदुल यादव के तत्वावधान में आयोजित समारोह में इस योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी यादव ने कहा कि प्रथम किश्त की राशि के रूप में 32 हजार 500 रुपये लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा करा दिये गये हैं। इस पैसे से उन्हें अगले 24 दिन के भीतर प्लिंथ लेवल तक के मकान का निर्माण पूरा करना है। फिर दूसरी किस्त में 48 हजार 750 रुपये का भुगतान किया जाएगा और उस पैसे से 36 दिनों के भीतर घर की छत तक का काम पूरा किया जाना चाहिए। उसके बाद तीसरी किस्त में 48 हजार 750 रुपये का भुगतान किया जाएगा, जिससे अगले 35 दिनों के भीतर उस मकान का पूरा काम पूरा हो जाना चाहिए। साथ ही कुल 21 हजार 755 रुपये मनरेगा के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में 95 कार्य दिवसों तक धनराशि के रूप में दिये जाएंगे। इस मौके पर जिलाधिकारी ने इस योजना के लाभार्थियों से आगामी 3 माह के भीतर मानसून सीजन से पूर्व कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए और यदि कोई इसके लिए किसी प्रकार का एहसान या पैसे की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने की उन्होंने सलाह दी। इस अवसर पर बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण के लिए 3 मॉडल हाउस चिह्नित किये गये हैं। इनमें से किसी एक मॉडल को चुनकर लाभार्थी घर बना सकते हैं। यह भी सूचित किया गया कि यदि बैंक खाते से पैसे निकालने में कोई कठिनाई हो तो वे बैंक सखी की सहायता ले सकते हैं। इसके अलावा उस घर में शौचालय, रसोई गैस, बिजली और पेयजल कनेक्शन बाद में विभिन्न विभागीय परियोजनाओं के तहत मुहैया कराया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने करीमगंज के पंचायत एवं ग्राम विकास विभाग से जिला में लाभार्थियों का चयन कर उनके बैंक खाता क्रमांक एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी विभाग का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर असम राज्य परिवहन निगम के अध्यक्ष मिशन रंजन दास, जिला परिषद के सीईओ रूथ लियानथांग, करीमगंज जिला भाजपा के अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य मौजूद रहते हुए लाभार्थियों को अनुमोदन पत्र सौंपे। मिशन रंजन दास ने इस योजना के लाभार्थियों से कार्य समय पर पूरा करने और लगन से मकान बनाने का आग्रह किया। गुवाहाटी के शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित मुख्य राज्यस्तरी कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

# बच्चे-महिला स्वास्थ्य देखभाल पर प्रशिक्षण आयोजित

**गुवाहाटी।** 14 और 15 फरवरी को असम प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज में आपात स्थिति के दौरान राहत शिविरों और अस्थायी आश्रयों में बच्चों और महिलाओं की देखभाल पर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।महिला एवं बाल विकास निदेशालय (डीडब्ल्यूसीडी) के तहत एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के अधिकारियों को प्रासंगिक प्रशिक्षण के साथ सभी स्तरों पर लैस करने और मृत्यु दर को कम करने के लिए एक आपदा के दौरान सिद्ध पोषण-विशिष्ट हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण डीडब्ल्यूसीडी और यूनिसेफ, असम के सहयोग से असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) द्वारा आयोजित किया गया था।राज्य के सभी जिलों में सभी चयनित आईसीडीएस परियोजनाओं के नामित 65 नोडल अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण का पहला स्तर आयोजित किया गया था, जो बदले में बाढ़ का मौसम शुरू होने से पहले अपने संबंधित जिलों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यू) को प्रशिक्षित करेंगे।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किसी भी आपात स्थिति के दौरान पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली होती हैं। इसलिए इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता चिन्मय नाथ, संयुक्त सचिव, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग और एएसडीएमए के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने की और संगीता बोरठाकुर, संयुक्त निदेशक, डीडब्ल्यूसीडी, आनंद प्रकाश कानू, यूनिसेफ से, डीडब्ल्यूसीडी, यूनिसेफ के अधिकारी और उपस्थित थे।

# किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करने के लिए मास्टरकार्ड और एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज की पहल



**गुवाहाटी।** मास्टरकार्ड और एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ने आज असम में एक नया कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की, जो राज्य में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। मैनस्ट्रीमिंग एग्रीकल्चर थ्रू नेटवर्क्स एंड डेवलपमेंट इनिशिएटिव्स या मंडी का उद्देश्य प्रशिक्षकों के एक पेशेवर कैडर द्वारा संरचित तकनीकी सहायता के माध्यम से उनकी क्षमता का निर्माण करने में मदद करके एफपीओ को मजबूत करना है। ऐतिहासिक रूप से, छोटे किसान पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाने में असमर्थ हैं, बाजार की जानकारी और लिंकेज तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, और कृषि आदानों के साथ-साथ अपनी उपज के लिए प्रतिकूल कीमतों का सामना कर सकते हैं। एफपीओ के माध्यम से छोटे किसानों का सामूहिककरण बाजारों और प्रौद्योगिकी तक पहुंच से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत में एक सफल मॉडल साबित हुआ है। हालांकि, कई एफपीओ में प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए संसाधनों, ज्ञान और उपकरणों की कमी है। गुवाहाटी में एफपीओ के एक्सेस बेसलाइन सर्वेक्षण के अनुसार, 95 प्रतिशत संगठनों ने वित्तीय सेवाओं की कमी और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूकता और ज्ञान के साथ-साथ बाजारों तक पहुंच को अपनी प्रमुख चुनौती बताया। मास्टरकार्ड और एक्सेस का लक्ष्य एफपीओ के लिए प्रशिक्षण ढांचे, पाठ्यक्रम और उपकरणों की सुविधा प्रदान करके इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद करना है। कार्यक्रम एफपीओ के बीच वृद्धि और विकास में तेजी लाने और किसानों के बीच वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्हें सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों में प्रशिक्षित करना। बाजार लिंकेज, और डिजिटल उपकरणों तक उनकी पहुंच में सुधार करना। उपलब्ध सरकारी योजनाओं के साथ वित्तीय सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना यह कार्यक्रम पिछले छह महीनों से असम में पायलट आधार पर चल रहा है और अब तक 83 एफपीओ को शामिल करने में सक्षम है। मंडी का लक्ष्य 2023 के अंत तक 50,000 किसानों को लाभान्वित करना है। शुभारंभ कार्यक्रम में नाबार्ड के एजीएम शंकर दास, कृषि विज्ञान केंद्र, काहीकुची के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जयंत शर्मा, भारतीय उद्यमिता संस्थान के निदेशक डॉ ललित शर्मा और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। लॉन्च कार्यक्रम में असम सरकार के माननीय कृषि मंत्री अतुल बोरा ने भाग लिया, रंजीत कुमार दास, माननीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री, असम सरकार, डॉ आशीष कुमार भूटानी, असम सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव; सूर्य कुमार, नाबार्ड के उप प्रबंध निदेशक, कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, और असम कृषि विश्वविद्यालय, नाबार्ड, भारतीय उद्यमिता संस्थान, पूर्वोत्तर विकास एजेंसी और पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड के सदस्य हैं।

# पांडू में टीबी मरीजों के लिए जागरूकता सभा आयोजित



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत सरकार के राष्ट्रीय टीवी रोग उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से 2017-25 तक टीबी मुक्त भारत बनाने की योजना बनाई है। भारत में हर साल लगभग 20 लाख लोग टीबी से संक्रमित होते हैं। सरकार ने टीबी रोग को उन्मूलन के लिए सरकारी अस्पतालों में रोगियों की नि:शुल्क पहचान करने और दवाओं से रोग को समाप्त करने की योजना शुरू की है। ज्ञात हो कि गुरुवार की सुबह पांडू नाथ यूपीपीएससी अस्पताल में टीबी मरीजों एवं जागरूक नागरिकों के साथ एक बैठक की आयोजन की गई। बैठक में डॉक्टर, नर्स, आशा कार्यकर्ताओं सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। बैठक में डॉ. रिंकू दास ने अपने संबोधन में टीबी रोग की पहचान और नियमित रूप से दवा लेने के बारे में अच्छी तरह से बताया। नर्स मीनाक्षी रॉय ने साज-सजाई के बारे में और मरीजों को थूकने का तरीका बताया। उन्होंने मरीजों को जहां-तहां पर थूकने के लिए माना किया। क्योंकि, थूक से टीबी की बीमारी ज्यादा फैलाती है।

# पूसीरे ने ग्राहक इंटरफेस में सुधार-माल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए




**गुवाहाटी ( विभास )।** माल परिवहन में सुधार के निरंतर प्रयास के क्रम में पूसी रेल आवक और जावक दोनों माल परिवहन के संचालन के लिए नए स्टेशन खोल रहा है। जनवरी, 2023 के दौरान माल परिवहन के लिए कुछ और रेलवे स्टेशन खोले गए हैं, ताकि ग्राहकों द्वारा विभिन्न वस्तुओं का परिवहन आसानीपूर्वक हो सके। इससे ट्रांसपोर्टरों को बड़े पैमाने पर लाभ होने की उम्मीद है। ग्राहक इंटरफेस में सुधार एवं माल परिवहन को और अधिक बढ़ावा देने के लिए कटिहार मंडल के अंतर्गत मोहितनगर गुड्स शेड को चेसिस स्टफिंग/डी-स्टफिंग के साथ-साथ लिफ्ट ऑन-लिफ्ट ऑफ (एलओ-एलओ) करने हेतु 02 जनवरी, 2023 से केवल 03 महीने की अवधि के लिए कंटेनर परिवहन के संचालन के लिए खोला गया है। रंगिया मंडल के अंतर्गत मिर्जा स्टेशन को 04 जनवरी, 2023 से जावक कोयला परिवहन के संचालन के लिए खोल दिया गया। 17 जनवरी, 2023 से लामडिंग मंडल के अधीन हयबरगांव स्टेशन को आवक ऑटोमोबाइल परिवहन के संचालन के लिए खोला गया। व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और उद्योगपतियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ नियमित बातचीत की जा रही है, ताकि उनलोगों को रेलवे द्वारा प्रदत्त सुविधाओं और रेलवे द्वारा माल परिवहन के तुलनात्मक लाभ से अवगत कराया जा सके। विभिन्न वस्तुओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मंडल और जोनल स्तरों पर मालगाड़ियों के परिचालन की निगरानी की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिला के सुलूंग पुलिस थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात कोलियाबर के सुलूंग इलाके में तेजपुर से नगांव की ओर आ रहे ट्रेलर (एएस-01ईसी-9417) के पीछे एक ही दिशा में जा रहा ट्रक (एनएल-01क्यू-0992) जा टकराया। जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य एक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान नरेश यादव के रूप में की गई है। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि टेलर पर लदा पोकलेन सड़क पर गिर गया। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची सुलूंग पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है।

# कावेरी हॉस्पिटल ने बिना सर्जरी के सफलतापूर्वक किया डबल हार्ट वॉल्व रिप्लेसमेंट

**गुवाहाटी।** कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई, तमिलनाडु में एक प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी हेल्थकेयर चेन, कावेरी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की एक इकाई, ने मल्टीपल हार्ट वाल्व डिजीज से पीड़ित 82 वर्षीय व्यक्ति के सफल इलाज की घोषणा की। यह देश में अपनी तरह की पहली प्रक्रिया है जिसमें एक ट्रांसकैथेटर का उपयोग करके दो ×प्त39;वाल्व इन वाल्व को बदलना शामिल है और धीमी गति से हृदय गति को ठीक करने के लिए उसी प्रक्रिया में ट्रांसकैथेटर के माध्यम से एक पेसमेकर भी लगाया गया। रोगी कई हृदय वाल्व रोग से पीड़ित था जिसे ×प्त39;लीकी वाल्व रोग के रूप में जाना जाता है, वह स्थिति है जहां हृदय वाल्व ठीक से बंद नहीं होता है, जिससे रक्त प्रवाह में रिसाव होता है, रक्त के प्रभावी पंपिंग के लिए हृदय को और अधिक तनाव देना पड़ता है। जो अंतत: दिल की विफलता या कार्डियक अरेस्ट का कारण बन सकता है। स्थिति पर बात करते हुए, कावेरी अस्पताल चेन्नई के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आर. अनंतरामन, सीनियर कंसल्टेंट ने कहा कि उस व्यक्ति का माइट्रल और एओर्टिक वाल्व और ट्राइकसपिड वाल्व दोनों के गंभीर रिसाव का इतिहास था, जो मामूली रूप से लीक हुआ था। 2012 में, वह इससे गुजरा था। एक वाल्व प्रतिस्थापन सर्जरी जहां महाधमनी वाल्व, माइट्रल वाल्व को बदल दिया गया था और ट्राइकसपिड वाल्व की मरम्मत की गई थी, और वह चिकित्सा उपचार पर टिका हुआ था। इस साल, उसे फिर से सांस लेने में कठिनाई होने लगी और 4 से 6 महीने की अवधि में यह स्थिति और बिगड़ गई, इस हद तक कि वह चलने या अपनी पीठ के बल लेटने में असमर्थ हो गया। हमारी टीम ने उसकी स्थिति और उसके चिकित्सा इतिहास की जांच की। उसकी उम्र को ध्यान में रखते हुए, हम उच्च जोखिम के कारण एक ही सर्जरी की पुनरावृत्ति नहीं कर सकते थे। पूरी तरह से दिल की टीम की चर्चा के बाद, हमने एक ट्रांसकैथेटर (न्यूनतम रूप से) का उपयोग करके वाल्व प्रतिस्थापन में वाल्व का प्रदर्शन किया। महाधमनी और माइट्रल वाल्व दोनों के लिए इनवेसिव जो आदर्श समाधान प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त, हमने उसके दिल में एक कंडक्शन ब्लॉक का भी पता लगाया, जिसे एक पेसमेकर द्वारा ट्रांसकैथेटर पेसमेकर का उपयोग करके हल किया गया था। वाल्व इन वाल्व रिप्लेसमेंट के लिए एक ट्रांसकैथेटर प्रक्रिया की सिफारिश उन लोगों के लिए की जाती है, जिनकी टिशू वाल्व के साथ ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी, जो अब विफल हो रही है और सर्जरी की तुलना में इसमें रिकवरी की अवधि तेज है। इस मामले में, व्यक्ति को प्रक्रिया के तीसरे दिन छुट्टी दे दी गई थी और वह काफी सुधार कर रहा है।

**SHORT ADVERTISEMENT**

**THE GAUHATI HIGH COURT AT GUWAHATI**
**(The High Court of Assam, Nagaland, Mizoram and Arunachal Pradesh)**

Applications are invited from eligible candidates for filling up the vacant post of **Director** in the **Law Research Institute,** Eastern Region, Gauhati High Court, Guwahati. All the necessary details viz., pay scale, eligibility criteria and procedure to apply etc. can be seen in the relevant notification published in the official website (**www.ghconline.gov.in**) & Notice Board of Gauhati High Court at Guwahati.

Sd/-
Registrar (Administration),
Gauhati High Court, Guwahati

*-- Janasanyog / D/22183/22*

# कैप्टन जिंटू गोगोई मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज



**गुवाहाटी ( विभास )।** कैप्टन जिंटू गोगोई वीर चक्र मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का 18वां संस्करण ऊपरी असम के दुलियाजान शहर स्थित नेहरू खेल मैदान में हजारों दर्शकों के बीच रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ। इसमें पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीमें आपस में भिड़ेंगी। कैप्टन जिंटू गोगोई वीर चक्र मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय सेना के स्पीयर कॉर्प्स डिवीजन और ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कारगिल में शहीद हुए वीर चक्र और असम राज्य के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार %बीर चिलाराई% प्राप्त कैप्टन जिंटू गोगोई को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया जाता है। टूर्नामेंट 22 फरवरी तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में भारतीय सेना के पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने भारत मां के वीर सपूत जिंटू गोगोई के साथ बिताए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी मुलाकात चेन्नई में हुई थी। उनकी वीरता के बारे में कलिता ने बताया। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस मौके पर भारतीय सेना और ऑयल इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा, इस तरह के आयोजन जहां हमारे वीरों को याद करने का सुनहरा मौका देते हैं, वहीं इससे खेलों के प्रति युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। सेना से मिली जानकारी के मुताबिक टूर्नामेंट में फुटबॉल प्रेमियों के लिए रोमांचक अनुभव होने का वाला है। इस दौरान बेहतरीन फुटबॉल देखने को मिलेगा। कैप्टन जिंटू गोगोई वीर चक्र मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट दुलियाजान, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया और डिगबोई सहित विभिन्न स्थानों पर होगा, जिससे फुटबॉल प्रशंसकों को बेहतरीन फुटबॉल देखने को मिलेगा। फाइनल मैच 22 फरवरी को खेला जाएगा। खेल प्रेमियों को हर वर्ष इस टूर्नामेंट का इंतजार रहता है। इस दौरान होने वाले मैच खेल प्रेमियों और नए खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन खेल देखने के लिए प्रेरित करता है। हर वर्ष खेल प्रशंसक यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि इस साल नया क्या होने वाला है। कौन-कौन से खिलाड़ी आ रहे हैं। इस दौरान केवल खेल ही नहीं होगा बल्कि भारतीय सेना अपने सांस्कृतिक और साहसिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित भी करती है। इस बार टूर्नामेंट में जयपुर स्थित राजपूत बटालियन भांगड़ा नृत्य, मल्लखंभ, कलारीपट्ट, खुखरी नृत्य, जैज़- पाइप बैंड प्रदर्शन सेना के कलाकारों द्वारा बिहू और तांग्सा सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ नागरिक पेशेवरों द्वारा कमांडो द्वारा स्काईडाइविंग, स्टंट सहित हेलीकॉप्टर और आतिशबाजी का प्रदर्शन करके सबका दिल जीत लिया। इस अवसर पर डूलू प्रभा गोगोई, लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली और ऑयल इंडिया के आरसीई प्रशांत बरकाकोती और असम सरकार के मंत्री बिमल बरा भी उपस्थित थे।

**AUCTION SALE NOTICE**

It is for general information to all intending participants that an Open Auction Sale Notice of indisposed seized timber lot under the DFO, Chirang Division, Kajalgaon will be conducted on 20/02/2023 at 11:00 AM at the DFO Office. The timber lot will be settled with the highest offered immediately on realization of 2% from the assess value of the mention below of lot no. on the table on the same date of auction. The selected timber lots should be lifting within 7 (seven) days, if delay no claim will be considered by the undersigned.

Detail of timber lots to be disposed by the Auction Sale as below:

| Sl. No. | Lot No. & Year | Species | Volume | Location | Govt. Value (in Rs.) | D.B Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | KR/06 of 2018-19 | Oxi, Parlly, Sida | 6.730 Cu.M | Kuklung Range | 7,842/- | 5,338/- |
| 2. | KR/07 of 2018-19 | Parlly, Sida | 5.913 Cu.M | Kuklung Range | 8,915/- | 4,730/- |
| 3. | RR/US/59 of 2022-23 | Sal, Lali, Jiya, Poma, Parlly | 3.421 Cu.m | Runikhata Range | 23,065/- | - |
| 4. | AMT/UST/60 of 2022-23 | Simul | 12.602Cu.m | Amteka Range | 30,917/- | 12,602/- |
| 5. | AMT/UST/61 of 2022-23 | Simul | 11.270Cu.m | Amteka Range | 27,894/- | 11,270/- |

*-- Janasanyog /C/20238/22*

Sd/-Divisional Forest Officer
Chirang Division, Kajalgaon

# 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए हथियारों और युद्ध उपकरणों का स्वदेशीकरण जरूरी

**- आने वाले समय में आयातित इन्वेंट्री को स्वदेशी हथियारों के साथ बदल दिया जाएगा**
**- स्वदेशी परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं डीआरडीओ, डीपीएसयू और निजी उद्योग**

**नई दिल्ली।** विदेशी निर्भरता कम करने और रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने हथियारों और युद्ध उपकरणों के पूर्ण स्वदेशीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में कई स्वदेशी परियोजनाओं को डीआरडीओ, डीपीएसयू और निजी उद्योग आगे बढ़ा रहे हैं। आने वाले समय में आयातित इन्वेंट्री को चरणबद्ध तरीके से हटाकर पूरी तरह से स्वदेशी हथियारों के साथ बदल दिया जाएगा। सरकार की नीति के अनुरूप भारतीय नौसेना ने रक्षा उत्पादन विभाग के सहयोग से बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 'एयरो आमार्मेंट सस्टेनेंस में आत्मनिर्भरता' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के स्पष्ट आह्वान पर सशस्त्र बलों की प्रतिक्रिया की सराहना की। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि रक्षा क्षेत्र में कई स्वदेशी परियोजनाओं को डीआरडीओ, डीपीएसयू और निजी उद्योग आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने कई नीतिगत निर्णय लिए हैं। उन्होंने मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि समकालीन सुरक्षा कैनवास राष्ट्रों के बीच बढ़ती अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता को दशार्ता है, जो 'स्थायी संकट' की दुनिया की ओर ले जा रहा है। नौसेनाध्यक्ष ने




कहा कि भारतीय नौसेना ने नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन के तहत एक त्रि-स्तरीय संगठन की स्थापना की है, ताकि उद्योग के साथ हमारे सहयोग को और अधिक प्रोत्साहित किया जा सके। यह संगोष्ठी प्रमुख हितधारकों को एक सामान्य मंच पर लाने के लिए आयोजित की गई है, ताकि हम अपनी आवश्यकताओं को साझा कर सकें और आपके रचनात्मक विचारों, इनपुट और चुनौतियों को सुन सकें।

संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय उद्योग के माध्यम से तीन उद्देश्यों को हासिल करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर करना है। संगोष्ठी में रक्षा मंत्रालय, उपयोगकर्ता, डीआरडीओ, डीपीएसयू और भारतीय उद्योग के प्रमुख हितधारक विस्तृत पैनल चर्चा में शामिल हुए। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में सशस्त्र बलों और भारतीय उद्योग दोनों ने 'आत्मनिर्भरता' के लिए सरकार के आह्वान का अच्छी तरह से जवाब दिया है। निजी उद्योगों को पूर्ण स्वदेशी प्रणालियों के डिजाइन एवं विकास में उल्लेखनीय सफलता मिली है और अधिक परियोजनाओं को लेने के लिए निजी उद्योग का विश्वास बढ़ा है। संगोष्ठी में इस बात पर भी चर्चा हुई कि सशस्त्र बलों के लिए अगले कुछ वर्षों में मौजूदा हथियारों और प्रणालियों को बरकरार रखने और उनके रखरखाव को सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है। आने वाले समय में आयातित इन्वेंट्री को चरणबद्ध तरीके से हटाकर पूरी तरह से स्वदेशी हथियारों के साथ बदल दिया जाएगा। इस तरह की नीति से सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करने के लिए विदेशी ओईएम, डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और डीपीएसयू के साथ साझेदारी के लिए निजी उद्योग के लिए कई रास्ते खुलेंगे। इसके बाद वह दिन दूर नहीं जब हथियारों में आत्मनिर्भरता के सपने को पूरी तरह से साकार करने के साथ ही स्वदेशी आयुधों के रखरखाव और उन्नयन को सुनिश्चित करने की ओर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में फिर बड़ा राजनीतिक भूकंप आने का संकेत : रोहित पवार

**मुंबई (ईएमएस)।** महाराष्ट्र में शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच सत्ता संघर्ष अपने चरम पर आ पहुंचा है. अब बस सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के फैसले आने में ज्यादा वक्त नहीं रह गया है. पिछले दो दिनों से सर्वोच्च न्यायालय में डे टू डे सुनवाई शुरू है. कोर्ट पहले दलीलें सुन रहा है. फिर कोर्ट यह फैसला करने वाला है कि इस मामले की सुनवाई सात जजों के बेंच को सौंप दी जाए या फिलहाल के पांच जज ही इस पर सुनवाई करें. ठाकरे गुट सात जजों की बेंच से सुनवाई किए जाने की मांग कर रहा है. इस बीच शरद पवार के पोते और राकांपा विधायक रोहित पवार के ट्वीट ने राजनीतिक क्षेत्र में खलबली मचा दी है. दरअसल कल उन्होंने एक ट्वीट किया है. मराठी में किए गए इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है भूकंप से पहले प्राणियों और पक्षियों के



व्यवहार बदलने लगते हैं. एक तरह से वे भूकंप की पूर्व सूचना होती है. ऐसा ही मेरा आज का ऑब्जर्वेशन रहा. सत्ताधारी दल के कई विधायकों से आज मुंबई में मेरी मुलाकात हुई. इस दौरान कुछ चीजों का मुझे आभास हुआ. खास तौर से एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों की ओर यह संकेत है. आगे रोहित पवार लिखते हैं ह्य विधायकों के चेहरे मुर्झाए हुए और बॉडी लैंग्वेज डाउन था. सत्ताधारी होते हुए भी कुछ विधायकों की मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो पा रही है. सिर्फ वित्त विभाग से खास पार्टी की फाइलें मंजूर हो रही हैं. इन फाइलों की मंजूरी में अचानक काफी तेजी आ गई है. यह किस भूकंप का संकेत हो सकता है? बहरहाल रोहित पवार द्वारा अपने ट्वीट में महाराष्ट्र में फिर से एक बड़े राजनीतिक भूकंप आने की आशंका की ओर इशारा किया है जिससे चर्चा एक बार फिर गर्माने लगा है.

## साइबर शिकायतकर्ताओं से लगातार संपर्क में रहेगी पुलिस, पल-पल का मिलेगा अपडेट

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में साइबर अपराध के प्रति जांच को और सक्षम बनाने के लिए कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने विशेष निर्देश दिया है। इंटरनेट के जरिए ठगी के शिकार लोगों से लगातार पुलिस संपर्क में रहेगी और उन्हें हर पल का अपडेट दिया जाएगा। लगातार इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं कि साइबर क्राइम के मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस शिकायतकर्ता से बहुत अधिक संपर्क में नहीं रहती और उनका बर्ताव भी बहुत अच्छा नहीं रहता है। इसे लेकर विनीत गोयल ने प्रत्येक थाने के प्रभारी, खुफिया विभाग के अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक हाल ही में की है। उन्होंने बैठक में स्पष्ट किया है कि तकनीक के साथ विकसित होती दुनिया में साइबरक्राइम तेजी से बढ़ रहा है।



इसलिए लोगों को इसके प्रति जागरूक करना होगा। तमाम तरह के प्रचार प्रसार करने होंगे। खासकर बैंक फ्रॉड के मामले में लोगों के साथ संपर्क में रहने को कहा गया है। पुलिस आयुक्त ने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी आदेश दिए हैं ताकि बैंकों से लगातार संपर्क बनाकर ऐसे अपराधों पर लगाम लगाया जा सके। गोयल ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता से किसी भी तरह से दुर्व्यवहार कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर करेगा। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि साइबर क्राइम के शिकार हुए लोगों से लगातार संपर्क में रहना होगा। जिस तरह से उनके साथ ठगी हुई है उसे पूरी तरह से समझ कर दूसरों को भी जागरूक करना जरूरी। है इसके अलावा कोलकाता में हाल में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं जिसे लेकर पुलिस आयुक्त ने चिंता जाहिर की है और ठोस कदम उठाने को कहा है।

## अनुराग ठाकुर ने किया डीडी हिमाचल का शुभारंभ, देश दुनिया में दिखेगी हिमाचली संस्कृति

**शिमला, (हि. स.)।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को हिमाचल प्रदेश का अपना डीडी हिमाचल 24X7 न्यूज चैनल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी रहे मौजूद। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो सपना कई साल पहले देखा था, वह आज पूरा हुआ है। हिमाचल का अपना जीवन दूरदर्शन 24X7 न्यूज चैनल राज्य को समर्पित हो गया है। अब फ्री-डिश पर यह देखा जा सकेगा। हिमाचल की संस्कृति अब देश व विश्व भर में देखी जा सकेगी। यह प्रदेश के लोगों को समर्पित रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देवभूमि



के धार्मिक स्थलों की लाइव आरती दिखाने का प्रयास किया जाएगा। हिमाचल के कार्यक्रम को डीडी नेशनल पर भी दिखाने का प्रयास होगा। हिमाचल की संस्कृति और पर्यटन को भी दिखाया जाएगा। साथ ही प्रदेश के फ्रीडम फाइटर को भी चैनल के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस चैनल में नवीनतम तकनीक का प्रयोग किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि इस मंच का हिमाचल की प्रतिभा के लिए सदुपयोग हो सकेगा। हर गांव की संस्कृति और कला को चैनल के माध्यम से पहचान दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीडी हिमाचल एक सप्ताह में सालभर का कैलेंडर बनाए।

## कौसर जहां बनीं दिल्ली हज कमेटी की नई चेयरमैन

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** स्टेट हज कमेटी को नया चेयरमैन मिला गया है। गुरुवार को हुए चुनाव में कौसर जहां दिल्ली हज कमेटी की नई चेयरपर्सन बन गई हैं। हज कमेटी के इतिहास में यह दूसरा मौका है, जब कोई महिला इस पर निर्वाचित हुई है। जानकारी के अनुसार कौशल जहां को भाजपा समर्थित उम्मीदवार बताया जा रहा है। हज कमेटी के मेंबर के तौर पर भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी कौसर जहां को वोट किया था। ऐसे में स्टेट हज कमेटी के चेयरपर्सन के तौर पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार को जीतने से आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। वहीं बीते दिनों पहले उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 3 साल के लिए दिल्ली हज कमेटी का गठन करते हुए 6 सदस्यों को नियुक्त किया था, इन 6 सदस्यों को ही अपना चेयरमैन चुनना था। इनमें लोकसभा से आने वाले मेंबर के तौर पर भाजपा सासंद गौतम गंभीर, विधानसभा से आने वाले दो सदस्यों के तौर पर आम आदमी पार्टी के दो विधायक हाजी यूनुस और अब्दुल रहमान को शामिल किया गया है।



इनके साथ ही निगम से आने वाले मेंबर के तौर पर कांग्रेस की काउंसलर नाज़िया दानिश को भी कमेटी का मेंबर बनाया गया था। इसके अलावा मुस्लिम धर्मशास्त्र और कानून के जानकार सदस्य के तौर पर मोहम्मद शाद और मुस्लिम सामाजिक संगठनों के सदस्य के तौर पर कौसर जहां को शमिल किया गया था। उल्लेखनीय है कि हज यात्रा को लेकर केंद्र सरकार ने 11 जनवरी को बड़ा फैसला लेते हुए सरकार की ओर से दिया जाने वाला वीआईपी कोटा खत्म करने की बात कही थी। पहले हज यात्रा को लेकर करीब 500 सीटें आरक्षित रहती थीं, जिनमें राष्ट्रपति कोटे से 100, उपाध्यक्ष से 75, प्रधानमंत्री से 75, अल्पसंख्यक कार्य मंत्री से 50, हज कमेटी ऑफ इंडिया कोटे से 200 सीटें मिलती थीं. लेकिन अब इसे खत्म किया जा रहा है।

## निक्की यादव हत्याकांडः हत्या वाले दिन का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** राजधानी में निक्की यादव मर्डर केस में मृतक युवती निक्की यादव का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह सीसीटीवी फुटेज 9 फरवरी का है, जिससे यह बात साफ होती है कि निक्की यादव 9 फरवरी तक जिंदा थी। यह फुटेज उसके उत्तम नगर स्थित उस किराए के मकान का है, जहां वह पिछले पांच महीने से किराए पर रह रही थी। पहले फुटेज में निक्की दोपहर एक बजे के करीब घर आती हुई दिखाई दे रही है। वहीं दूसरा फुटेज करीब 9:30 बजे का है, जिसमें वह बाहर जाती हुई दिखाई दे रही है। फुटेज देखकर ऐसा लग रहा है कि वह आरोपित साहिल का इंतजार कर रही है क्योंकि 9 फरवरी को ही साहिल की सगाई हुई थी और उसी रात निक्की के बुलाने पर लगभग 10:15 बजे



के करीब साहिल अपनी कार से वहां आया था। इसके करीब 20 मिनट बाद वह निक्की के साथ आनंद विहार की तरफ चला गया था। इस बीच रास्ते में उनकी पहले गोवा और फिर हिमाचल जाने की योजना बनी थी। बाद में आनंद विहार से आईएसबीटी जाने के बाद साहिल ने निक्की की हत्या कर दी थी। उल्लेखनीय है कि द्वारका कोर्ट में पेश किए जाने के बाद साहिल 5 दिन की पुलिस रिमांड पर है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है कि आखिर निक्की की डेड बॉडी को फ्रिज में रखने के बाद उसकी योजना क्या थी। वहीं दूसरी तरफ बुधवार को निक्की के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट सामने आने के बाद यह बात साफ हो गई है कि उसकी मौत गला घोंटने से ही हुई थी।

## भ्रष्टाचार की जमीन पर अतिक्रमण की रजिस्ट्री करने वालों पर गिरेगी गाज

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जीवन भर की गाढ़ी कमाई लगाकर जिन लोगों ने महरौली में अपना आशियाना बनाया उन्हें नहीं पता था कि एक दिन यह ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगा। सरकारी जमीनों पर जिस तरह से इमारतें खड़ी कर दी गईं और इन इमारतों की रजिस्ट्री भी हो गई उसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली कटघरे में है। अब सवाल केवल सीमांकन में विसंगति का ही नहीं है बल्कि यह भी है सरकारी जमीन जब इमारतें खड़ी हो रहीं थी तब ये अधिकारी कहां सो रहे थे। डीडीए एएसआइ दिल्ली पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों से लोग सवाल पूछ रहे हैं तो उपराज्यपाल उनकी संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। महरौली में करीब 20 एकड़ क्षेत्र अतिक्रमण की जद में है। इसका बड़ा हिस्सा नेशनल आर्कियोलाजिकल पार्क के प्रतिबंधित क्षेत्र का है। द एनशिएंट मान्यूमेंट्स एंड आर्कियोलाजिकल साइटस एंड रिमेंस (अमेडमेंट) बिल- 2017 के अनुसार ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा को देखते हुए इनके आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई निर्माण नहीं किया जा सकता। इसी के मद्देनजर यहां सीमांकन किया गया और उसी के अनुरूप तोड़फोड़ शुरू की गई लेकिन चार-पांच दिनों अनुरूप तोड़फोड़ शुरू की गई लेकिन चार-पांच दिनों के हंगामे के बाद भी केवल चार हजार वर्ग मीटर जमीन से ही अतिक्रमण हटाया जा सका है। डीडीए के अधिकारी अपनी जमीन नहीं संभाल सके तो एएसआइ ने प्रतिबंधित क्षेत्र में भी अतिक्रमण होने दिया। दिल्ली पुलिस ने अवैध निर्माण रोकने की जहमत नहीं उठाई और राजस्व विभाग के सब रजिस्ट्रार कार्यालय से यहां बनी इमारतों की रजिस्ट्री तक कर दी गई। 2016 से अभी तक डीडीए में पांच आइएएस अधिकारी उपाध्यक्ष के रूप में तैनात रहे।

## दिल्ली में लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग वाली याचिका निस्तारित




अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली में जल्द ही लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग वाली याचिका का निस्तारण कर दिया है। आज दिल्ली सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि दिल्ली में लोकायुक्त की नियुक्ति की जा चुकी है। तब हाई कोर्ट ने कहा कि लोकायुक्त की नियुक्ति हो गई है, ऐसे में अब याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। याचिका भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी उपाध्याय ने फरवरी 2022 में दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि आम आदमी पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र में दिल्ली लोकायुक्त नियुक्त करने का वादा किया था। लोकायुक्त की नियुक्ति न होने के कारण भ्रष्टाचार से संबंधित सैकड़ों शिकायतें लंबित हैं। अश्विनी उपाध्याय ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी ने न केवल 2020 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में बल्कि उसके पहले 2015 और 2013 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी लोकायुक्त की नियुक्ति का वादा किया था, लेकिन दिल्ली सरकार अभी भी पुराने कानून का ही उपयोग कर रही है।

## रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट जल्द करेगा सुनवाई

**- कोर्ट ने कहा, संविधान बेंच की सुनवाई के बाद इस मामले पर सुनवाई करेंगे**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर स्थायी संरक्षण देने की मांग को लेकर दायर याचिका पर जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया है। कोर्ट ने कहा कि संविधान बेंच की सुनवाई के बाद इस मामले पर सुनवाई करेंगे। फिलहाल संविधान बेंच महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट मामले की सुनवाई कर रही है । गुरुवार को याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। इससे पहले 19 जनवरी को केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि संस्कृति



मंत्रालय इस मांग पर विचार कर रहा है। तब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी को कहा था कि वह केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंप सकते हैं। अगर सरकार के फैसले से वह संतुष्ट नहीं होते, तो फिर सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं।

## जामिया में ग्रेजुएशन सिस्टम बदलने वाला है



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में अगले एकेडमिक ईयर से अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में बड़ा बदलाव होने वाला है। अब जामिया में भी चार साल की ग्रेजुएशन करवाई जाएगी। जामिया मिलिया इस्लामिया आगामी एकेडमिक सेशन से चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम को पेश कर सकता है। इसमें छात्रों के पास कई विकल्प मौजूद होंगे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। इस संबंध में प्रस्ताव को हाल ही में आयोजित अकादमिक परिषद की बैठक में अपनाया गया था। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के मुताबिक यह मामला अब कार्यकारी परिषद की अगली बैठक में रखा जाएगा जो यूनिवर्सिटी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। इसकी पुष्टि यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर नजमा अख्तर ने की है। देश की कई सारी यूनिवर्सिटीज में को अपनाया जाने लगा है। दिल्ली यूनिवर्सिटी भी इसे अपना चुकी है। वाइस चांसलर नजमा अख्तर ने कहा हमने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के सभी पहलुओं को अपनाने का प्रयास किया है।

हाल ही में हुई अकादमिक परिषद की बैठक में सदस्यों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में पेश किए जाने वाले एकेडमिक प्रोग्राम में एंट्री और एग्जिट संबंधी कई विकल्पों के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के दिशा-निदेशों को अपनाया और पुनर्गठित चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम की रूपरेखा को लागू किया। यदि कार्यकारी परिषद द्वारा यह प्रस्ताव अनुमोदित किया जाता है तो ग्रेजुएशन की डिग्री इस अवधि के भीतर एंट्री और एग्जिट के कई विकल्पों के साथ या तो तीन या चार साल की अवधि की होगी। यह नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 का हिस्सा था। यूनिवर्सिटी में वर्तमान ग्रेजुएशन प्रोग्राम तीन साल की अवधि के हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सहित कुछ संस्थानों ने पहले ही को अपना लिया है। चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में मल्टीपल एग्जिट और एंट्री ऑप्शन के तहत यदि स्टूडेंट एक साल की पढ़ाई के बाद कोर्स छोड़ता है तो उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दो साल के बाद पढ़ाई छोड़ने वालों को डिप्लोमा मिलेगा। वहीं जो स्टूडेंट तीन साल तक पढ़ाई करेंगे उन्हें बैचलर डिग्री दी जाएगी। दूसरी ओर अगर कोई स्टूडेंट चार साल तक पढ़ाई करता है तो उसे ऑनर्स या रिसर्च के साथ बैचलर डिग्री दी जाएगी।

## विविध जनजातीय सम्मान 2021' के लिए 28 फरवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित

**भोपाल, (हि.स.)।** जनजातीय कार्य विभाग के वन्या प्रकाशन द्वारा 'विविध जनजातीय सम्मान 2021' के लिए नामांकन एवं प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई हैं। रानी दुर्गावती सम्मान, वीर शंकर शाह-रघुनाथ शाह सम्मान, ठक्कर बापा सम्मान, जननायक टंट्या भील सम्मान, बादल भोई सम्मान और जनगण श्याम सम्मान के लिए नामांकन व प्रविष्टियां भेजने की आखरी तिथि 28 फरवरी है। प्रत्येक सम्मान के लिए तीन लाख रुपए सम्मान राशि एवं प्रशस्ति-पट्टिका दी जाएगी। प्रबंध संचालक वन्या प्रकाशन मीनाक्षी सिंह बताया कि इस तरह के सम्मान का उद्देश्य जनजातीय समाज के स्वाभिमान, नेतृत्व गुणों, त्याग और बलिदान की स्मृति को बनाए रखना है। साथ ही समाज के सम्मुख आदर्श प्रस्तुत करने तथा जनजातीय जीवन के पारंपरिक कला-कौशल और सृजनात्मक अवदान को प्रचारित-प्रसारित एवं गौरवान्वित करना है। उन्होंने कहना था कि सम्मानों से संबंधित अन्य जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। इन सम्मानों के लिए जनजातीय सृजनात्मक कला, शिल्प, साहित्य, संस्कृति एवं समाज सेवा के आदर्शों के अनुरूप कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, लेखकों, समीक्षकों, विषय विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और जनजातीय केन्द्रों से इस सम्मान के लिए नामांकन या अनुशंसाएँ भेज सकते हैं।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विशेषाधिकार हनन पर लोकसभा सचिवालय को भेजा जवाब

आशीष वर्मा


**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर लोकसभा सचिवालय को अपना विस्तृत जवाब भेज दिया है। भाजपा सदस्यों ने राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया था। सूत्रों के अनुसार 10 फरवरी को लोकसभा सचिवालय की ओर से उन्हें भेजे गए नोटिस पर उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। भाजपा सदस्य प्रह्लाद जोशी और निशिकांत दुबे ने उनपर विशेषाधिकार



हनन का आरोप लगाते हुए नोटिस दिया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री पर ये टिप्पणियां की थीं।

# आईएलएस सुविधायुक्त होगा कुशीनगर हवाई अड्डा

**- चल रही है 6.05 करोड़ की निविदा प्रक्रिया**




**कुशीनगर, (हि.स.)।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अगस्त माह तक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) सुविधा से युक्त हो जाएगा। इसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। 6.05 करोड़ की निविदा में कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने प्रतिभाग किया है। आईएलएस कोरिया से आयात किया जाएगा। सिस्टम लग जाने के बाद कोहरा, बारिश आदि प्रतिकूल मौसम में भी हवाई जहाज स्वचालित मोड में रन-वे पर लैंड व टेक आफ कर सकेंगे। साथ ही एयरपोर्ट की ग्रेडिंग अपग्रेड होने से घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू करने के लिए देशी-विदेशी विमानन कम्पनियां आकर्षित होंगी। हवाईअड्डे से नियमित घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू होने में आईएलएस का न लगना बड़ी बाधा है। अक्टूबर माह में विमानपत्तन प्राधिकरण की कम्युनिकेशन एंड नेविगेशन सिस्टम उत्तरी क्षेत्र नई दिल्ली के महाप्रबंधक एस एस राजू के नेतृत्व में आई पांच सदस्यों की टीम से आईएलएस के लिए सर्वे किया था। टीम ने रन-वे के साउथ साइट के प्वाइंट 29 पर आईएलएस लगाया जाना चिन्हित किया। आईएलएस की मॉनिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल टावर भी बनाया जाएगा। महाप्रबंधक (सिविल) अमर सिंह ने बताया कि आईएलएस के लिए ग्राउंड लेबल पर कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रभारी निदेशक नरेन्द्र रे ने बताया कि आईएलएस की निविदा अंतिम चरण में है। जुलाई तक कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है।

**बदलेगी आईएफआर कैटेगरी -** इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) लग जाने के बाद डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (डीजीसीए) एयरपोर्ट के लाइसेंस को अपग्रेड करेगा। वर्तमान में एयरपोर्ट का लाइसेंस विजीविलिटी फ्लाइंग रेगुलेशन (वीएफआर) कैटेगरी में है। आईएलएस लग जाने के बाद इंस्ट्रूमेंट फ्लाइंग रेगुलेशन (आईएफआर) कैटेगरी में लाइसेंस अपग्रेड कर जायेगा।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य : मुख्यमंत्री

**- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने सुनी 600 लोगों की समस्याएं**
**- बोले योगी, मेरे रहते किसी के साथ नहीं होने पाएगा अन्याय**



**गोरखपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे अपने दायित्व से बोरिया-बिस्तर बांध लेना पड़ेगा। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी ने उक्त हिदायतें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दीं। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 600 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे-मुन्ने बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। इस दौरान उन्होंने एक छोटी बच्ची के लिए रैपर से निकालकर उसे चॉकलेट खिलाया।

# सुलतानपुर में मालवाहक ट्रेनों की आमने-सामने की भीषण टक्कर, दोनों चालक घायल, रेल मार्ग बाधित



**सुलतानपुर, (हि.स.)।** सुलतानपुर रेलवे स्टेशन के निकट गभड़िया ओवर ब्रिज के नीचे गुरुवार सुबह दो मालवाहक ट्रेनों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। दोनों ट्रेनों के लोको पायलट गम्भीर रूप से घायल हो गए। ट्रेनों की टक्कर से 10 डिब्बे पटरी पर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, दुर्घटना से रेल मार्ग भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

सुलतानपुर से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को उत्तर रेलवे ने फैजाबाद व प्रतापगढ़ के रास्ते डायवर्ट कर दिया है। ट्रेनों के आवागमन ठप होने से यात्री परेशान हैं। दुर्घटना स्थल पर पहुंचे सुल्तानपुर के उप जिला अधिकारी सी.पी पाठक ने बताया कि बाधित रेल मार्ग को खाली कराने के लिए रेल विभाग की तकनीकी टीम लखनऊ से रवाना हो गई है,उन्होंने देर शाम तक मार्ग के प्रशस्त होने की उम्मीद जताई है, उप जिला अधिकारी ने दुर्घटना के कारणों की जांच कराने की भी बात कही है। स्टेशन मास्टर एसएस मीना ने बताया कि प्रथम दृष्टया वाराणसी से आ रही मालवाहक ट्रेन के चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई है। उसे होम सिग्नल पर रोकने का संकेत दिया गया था, फिलहाल उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही दुर्घटना के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

# मोहनलालगंज के तीन सरकारी विद्यालयों में शौचालय बनवायेगा सेवा इंटरनेशनल

**-सह प्रान्त प्रचारक की उपस्थिति में हुआ भूमि पूजन**



**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ जिले के मोहनलालगंज शिक्षा क्षेत्र के तीन सरकारी विद्यालयों में सेवा इंटरनेशनल की ओर से बालक व बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनवाये जायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक मनोज जी की उपस्थिति में गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिन्दौवा में शौचालय निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ। सह प्रान्त प्रचारक ने बच्चों से कहा कि खूब खाओ, खूब खेलो, खूब सो और मन लगाकर पढ़ो। उन्होंने बच्चों से पूछा कि पढ़ाई के बाद क्या बनोगे। बच्चों ने अपनी-अपनी रूचि बताई। समग्र ग्राम विकास के खंड प्रमुख एडवोकेट सुशील रावत ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि पूर्व प्राथमिक विद्यालय बिन्दौवा, प्राथमिक विद्यालय अतरौली एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय डेहवा में छह-छह शौचालयों के सेट निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा इंटरनेशनल के सौजन्य से होगा। रामकथा वाचक सुधीरानंद जी महाराज ने इस अवसर पर बच्चों को भजन सुनाया। भूमि पूजन के समय लखनऊ ग्रामीण के जिला प्रचारक कृष्ण कुमार, मोहनलालगंज क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह, प्रकृति भारती के रज्जन, धीरेन्द्र सिंह, हर्षित एडवोकेट, पूर्व प्रधान बिन्दौवा विजय रावत, डॉक्टर प्रमोद शुक्ला और बलराम कृष्ण अकादमी के प्रबंधक अजय शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जनहित के सवालों पर गरजे समाजवादी, सौंपा ज्ञापन

**- गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कर बिजली, बसों के बढे किराया वापस ले सरकार- महेन्द्रनाथ यादव**

**बस्ती (ईएमएस)।** गुरूवार को समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकताओं ने निर्वतमान जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी सदर के माध्यम से राज्यपाल को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी नेता कार्यकर्ता न्याय मार्ग पर एकत्र हुये और सरकार नारेबाजी करते हुये शास्त्री चौक होते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया। राज्यपाल को भेजे 6 सूत्रीय ज्ञापन में गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर बकाया भुगतान कराये जाने, छुट्टा पशुओं से फसलों की बरबादी रोकने, बस्ती में प्रस्तावित रिंग रोड में किसानों को समुचित मुआवजा दिये जाने, बिजली और रोडवेज के बढे हुये दर को वापस लिये जाने, जनपद के जर्जर सड़कों की मरम्मत कराये जाने, यूरिया खाद का संकट दूर किये जाने, बढोत्तरी वापस लिये जाने आदि की मांग शामिल है।

प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर आयोजित प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बाद सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग त्रस्त हैं। दावा किया गया था कि किसानों की आय दो गुनी कर देंगे किन्तु स्थिति ये है कि बस्ती जनपद में ही वाल्टरगंज और बस्ती चीनी मिल पर गन्ना किसानों का करोडो रूपया बकाया है। सरकार किसानों का भुगतान दिलाने के प्रति गंभीर नहीं है। किसान हक मांगते हैं तो उन पर मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें डराया धमकाया जाता है। कहा कि यदि शीघ्र समस्याओं का हल न हुआ तो समाजवादी जनहित के सवालों को लेकर आन्दोलन की धार को और तेज करेंगे। विधायक राजेन्द्रनाथ चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के सवालों की लगातार अनदेखी कर रही है। जनता आने वाले दिनों में इसका करारा जबाब देगी।

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को शिक्षा और खेल के जरिए मुख्यधारा से जोड़ना है : जगरनाथ महतो

**-शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में खेल और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुब्बारा उड़ाकर किया। यह खेल प्रतियोगिता तीन दिनों तक रांची के विभिन्न स्टेडियम में होगी। शिक्षा मंत्री टोटो में बैठकर मंच पर पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और सामान्य जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए हमने शिक्षा और खेल को हथियार बनाया है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को न सिर्फ खेल में एक बेहतर भविष्य मिलेगा, बल्कि खेल के क्षेत्र में झारखंड और भी आगे विकास करेगा। सहाय योजना के शुभारंभ से पहले खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का स्वागत किया। तीन दिवसीय खेल आयोजन के बारे में खेल निर्देशक सरोजिनी लकड़ा ने बताया कि यह आयोजन काफी खास होने वाला है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पांच जिलों के 520 बच्चे आये हैं। ये बच्चे खूंटी, सिमडेगा, प. सिहंभूम, गुमला और सरायकेला-खरसावां से हैं। लकड़ा ने कहा कि सहाय योजना की परिकल्पना 2021 दिसंबर में ही की गई थी। किसी कारण से आयोजन नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि जो अच्छे खिलाड़ी होंगे उन्हें सरकार के अंतर्गत चलने वाले आवासीय और सेंटर फॉर एक्सीलेंस केंद्र में भर्ती किया जाएगा। ढोल-नगाड़े के साथ खेल प्रतियोगिता का आरंभ किया गया है। इस दौरान मांदर की थाप पर झारखंडी वेशभूषा में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य किया। सहाय योजना अन्तर्गत स्थानीय नगर निकाय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को जर्सी और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबंधित खेल किट उपलब्ध कराई गई है। सहाय प्रतियोगिता के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स की स्पधाओं का आयोजन रांची के विभिन्न स्टेडियमों में किया जाएगा। बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में जहां फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित होगी, वहीं बरियातु हॉकी एस्ट्रोटर्क मैदान में हॉकी और शहीद नीलाम्बर-पिताम्बर पार्क में वॉलीबॉल खेला जाएगा। एथलेटिक्स में 100मी., 200मी. और 400मी. के दौड़ स्पर्धा के अलावा लॉन्ग जंप की प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं, जिला एवं राज्य स्तर पर विजेताओं और उप-विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पहले इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को करना था लेकिन वो नहीं पहुंचे जबकि खेल मंत्री हफीजुल हसन भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

# छेड़खानी होने पर दो गुटों के बीच जमकर झड़प, दर्जनों घायल



**धनबाद, (हि. स.)।** पुटकी थाना क्षेत्र के पासी धौड़ा और ऊपर धौड़ा के रहने वाले दो गुटों के बीच गुरुवार को छेड़खानी की बात को लेकर जमकर मारपीट हुई है। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे, पत्थरबाजी और तलवारबाजी हुई है। इसमें दोनों ओर के दर्जन भर लोग घायल हुए है। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में घायल मुकेश भारती ने बताया कि सुबह बस्ती की एक महिला तालाब में नहाने गई थी। इसके साथ दूसरे गुट के कुछ युवकों ने छेड़खानी की। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे बस्ती के लोगों पर पहले से वहां तैनात दूसरे गुट के लोगों ने लाठी-डंडे, पत्थर और तलवार से हमला कर दिया। इसमें करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। दोनों गुटों के बीच पुरानी रंजिश होने की बात कही जा रही है।

इसके बाद घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ा। साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं घटना के बाद से दोनों बस्तियों में तनाव का स्तिथि बनी हुई है। जिसको देखते हुए पुलिस मौके पर कैंप कर रही है।

# झारखंड में मैट्रिक के टॉपर को मिलेंगे तीन लाख रुपये : शिक्षा मंत्री



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को तीन लाख रुपये मिलेंगे। अब जैक 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को एक लाख की जगह तीन लाख दिये जायेंगे जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले को दो और एक लाख दिये जाएंगे। यह घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में की है। शिक्षा मंत्री मुख्यमंत्री सहाय योजना में शिरकत करने आये थे। साल 2020 में शिक्षा मंत्री ने झारखंड एकेडेमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने छात्र के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की थी जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले छात्र को क्रमशः 75 हजार और 50 हजार रुपये देने की बात कही थी। साथ ही उन्होंने टॉपर छात्र-छात्राओं को गोद लेकर पढ़ाई का खर्च उठाने व 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वालों को साइकिल देने का ऐलान किया था। इस साल की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर में 3.50 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने परीक्षा का कार्यक्रम पहले जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से होने वाली है। मैट्रिक की परीक्षा तीन अप्रैल तो वहीं इंटर की परीक्षा पांच अप्रैल तक चलेगी। परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड 28 जनवरी और इंटर के छात्रों का 30 जनवरी को जारी हो गया। इस वर्ष शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा ली जानी है। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल में शुरू होगा, जबकि 15 जून तक रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा।

# विकास वैभव के समर्थन में उतरे भागलपुर के युवा, समर्थन में किया प्रदर्शन




**भागलपुर, (हि.स.)।** होमगार्ड एंड फायर सर्विसेज की डीजी शोभा अहोतकर का बिहार कैडर के ही 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास वैभव पर अभद्र शब्द और गाली गलौज का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को भागलपुर के युवाओं ने एकजुट होकर विकास वैभव के समर्थन में डीजी शोभा अहोतकर के खिलाफ मुहिम छेड़ दिया। इस मामले को लेकर भागलपुर के सैकड़ों युवाओं ने जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन का घेराव किया। प्रदर्शनकारी युवा घंटाघर चौक से पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और विकास वैभव के समर्थन में नारेबाजी की। युवाओं का कहना हुआ कि अभद्र व्यवहार नहीं सहेगा बिहार। प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहा कि विकास वैभव की छवि एक सभ्य और ईमानदार पुलिस अधिकारी की है। विकास वैभव आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएट है और उनकी शालीनता के चर्चे यूपीएससी की तैयारी करने वाले छात्रों और अधिकारियों के बीच में भी है। डीजी शोभा अहोटकर पर गाली देने का आरोप लगाते हुए भी इस अधिकारी ने शालीनता नहीं छोड़ी और इज्जत से शब्द का चयन उन्होंने किया है।

युवाओं ने कहा कि विकास वैभव को इस तरह अपमानित करना कहीं से सही नहीं है। उनके साथ डीजी का गाली गलौज कहीं से सही नहीं है। हम लोग हर समय विकास वैभव के साथ खड़े हैं। युवाओं ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है। ऐसे कर्मठ जुझारू अधिकारी विकास वैभव के साथ डीजे के द्वारा गाली-गलौज किया जा रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। वह डीजी ने बिहार के नाम को लेकर बिहारी कहकर विकास वैभव को अपमानित किया है। यह कहीं से सही नहीं है। बिहार की गरिमा को तार-तार करना डीजी को शोभा नहीं देता है। बिहार जैसे शब्दों का अपमान करना उन्हें महंगा साबित होगा। आज हर एक युवा इसका उचित जवाब चाहती है। अगर उचित जवाब नहीं मिला तो हम लोग का हाईकोर्ट तक जाएंगे।

# स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे विकास कार्यों से सभी वार्डों के कार्यों में आएगी प्रगतिः महापौर

**भागलपुर, (हि.स.)।** भागलपुर नगर निगम में गुरुवार को स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे कार्यों को लेकर मेयर डॉ वसुंधरा लाल के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वार्डों के पार्षद शामिल हुए। इस दौरान सभी पार्षदों ने अपनी अपनी बातों को रखा। इस मौके पर भागलपुर की मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत जितने भी कार्य चल रहे हैं।



उस पर तेजी लाने की जरूरत है। जहां काम नहीं हो रहा है उसे भी सुचारू रूप से चालू किया जाए। मेयर ने कहा कि किसी भी वार्ड में अगर किसी भी तरह की परेशानी हो और मेरे संज्ञान में नहीं आएगा तो उस पर कार्यवाही होगी। उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे सभी कार्यों के तहत पार्षदों को खुद निरीक्षण करने की भी बात। मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल ने बैठक के दौरान सभी पार्षदों से फिर से अपील करते हुए कहा कि बैठक में जो जिस वार्ड के पार्षद है। वही इस सभा कक्ष में उपस्थित हों। अपने साथ प्रतिनिधि को ना लाएं। बैठक के दौरान भागलपुर के नगर आयुक्त योगेश सागर, मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल डिप्टी मेयर डॉक्टर सलाउद्दीन अहसन के साथ-साथ सभी वार्डों के पार्षद सभा कक्ष में मौजूद थे।

# सफल रही समाधान यात्रा, मुझे नहीं है प्रधानमंत्री बनने की इच्छा : नीतीश कुमार



**बेगूसराय, (हि.स.)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चार जनवरी से शुरू समाधान यात्रा का समापन गुरुवार को बेगूसराय में हो गया। मुख्यमंत्री ने अपने इस समाधान यात्रा को पूरी तरह से सफल बताते हुए प्रधानमंत्री बनने की बात से इंकार कर दिया है। समाहरणालय परिसर स्थित कारगिल भवन में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पूरे बिहार में नए-नए तरीका से काम हो रहा है। लोगों के पास जाकर उनकी बात सुनते हैं तो समस्या का समाधान हो रहा है। समाधान यात्रा के दौरान जिलों में समीक्षा बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। बैठक में डीएम के तरफ से भी हो रहे काम की बात कही गई। इससे पता चलता है कि काम हो रहा है। हमारी यह समाधान यात्रा पूरी तरह से सफल रही। जन समस्या को सुनकर उसका समाधान किया जा रहा है, आगे भी जो जरूरी होगा वह करेंगे। बेगूसराय में विश्वविद्यालय बने यह सही मांग है, हम भी चाह रहे हैं कि यहां मेडिकल कॉलेज बन रहा है, विश्वविद्यालय भी बने। चार जनवरी से हमने समाधान यात्रा की शुरूआत किया। उसमें हमने देखा कि जो काम कर रहे हैं वह कितना सफल है। उसी काम का प्रोसेस देखना इस यात्रा का उद्देश्य था। आवश्यक था कि हम देखें कि जो जरूरी है वह हो रहा है या नहीं, जो नहीं हो रहा है उसकी पहचान किया। सब चीज का समाधान करेंगे। विपक्ष अगर इस पर सवाल उठाते हैं तो उन से पूछिए। हम यात्रा करते रहे हैं, 2009 से यात्रा की शुरूआत की और उससे पहले भी हमने यात्रा किया। 2019 तक जो काम किया वह हमने देखा है। उसके बाद कोरोना के कारण कुछ बाधा आई, तो जा नहीं पाते थे। अब समाधान यात्रा कर उन समस्याओं को देखा है। लोगों का अच्छा फीडबैक मिला है। यात्रा के दौरान ग्रामीणों के साथ संवाद किया, उनकी बातें खड़ी होकर सुनी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कौन क्या बोलता है, उस पर मत जाइए। लोग ऐसे ही बोलते रहता है, हम उस पर क्यों बोलें, हम काम करने वाले हैं। प्रधानमंत्री बनने की हमारी इच्छा नहीं है। लोग जब नारा लगाते हैं, सवाल उठाते हैं तो हम उन्हें रोकते भी हैं। हालांकि, आईपीएस विकास वैभव सहित कई अन्य मुद्दे को मुख्यमंत्री ने हंसते-हंसते टाल दिया।

## संपादकीय

# बीबीसी पर छापेमारी

**किसी** भी मीडिया संस्थान या कंपनी का अंदरूनी सर्वे करना अथवा छापेमारी की कार्रवाई करना आयकर विभाग का संवैधानिक अधिकार है। इसे अघोषित या वैचारिक आपातकाल करार देना खोखली सियासत है। बीबीसी कोई दूध का धुला संस्थान नहीं है। उसकी रिपोर्टिंग आज भी उपनिवेशवादी, विघटनकारी और पूर्वाग्रही सोच पर आधारित रहती है। वह कश्मीरी आतंकी को 'युवा करिश्माई' करार दे सकती है। उसका एजेंडा कांग्रेस सरकारों के दौरान भी बेनकाब हुआ है और आज मोदी सरकार के प्रति भी उसके दुराग्रही आचरण को देखा-महसूस किया जा सकता है। भारत की नकारात्मक छवि पेश करने के मद्देनजर 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बीबीसी पर न केवल पाबंदी चस्पा की थी, बल्कि दो साल के लिए उसके दफ्तरों पर ताले लटका दिए थे और ब्रिटिश कर्मचारियों को वापस उनके देश भेज दिया था। दूसरी पाबंदी 1975 के 'राष्ट्रीय आपातकाल' के दौरान लगाई गई थी। बीबीसी पर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री रहीं मार्गरेट थैचर ने ही बेहद कठोर और उग्र टिप्पणी की थी। ब्रिटेन के नेशनल ऑडिट विभाग ने भी बीबीसी पर टैक्स-चोरी के आरोप लगाए थे। मुद्दा इतना साधारण और सपाट नहीं है कि बीबीसी ने प्रधानमंत्री मोदी और 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों पर एक सवालिया वृत्तचित्र बनाकर प्रसारित किया था और सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को सचेत किया था कि इसका लिंक साझा न किया जाए, बल्कि भारत सरकार ने उस वृत्तचित्र को ही प्रतिबंधित कर दिया था। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत में मामला अब भी विचाराधीन है। बीबीसी की पूर्वाग्रही हरकतें सरकार के जेहन में हो सकती हैं, लेकिन उससे काफी पहले ही आयकर विभाग ने मीडिया एजेंसी को कुछ नोटिस जारी कर सफाई मांगी थी। बीबीसी तो क्या, भारत में कार्यरत कोई भी संगठन, कंपनी या व्यक्ति राष्ट्रीय कानूनों और संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। कानून का उल्लंघन करना 'अपराध' है। चूंकि आयकर विभाग ने बीबीसी के सर्वे या छापेमारी के बाद खुलासा किया है कि बीबीसी ने नियमों का पालन नहीं किया। फंड गलत तरीके से ट्रांसफर किए गए। अंतरराष्ट्रीय करों में गड़बड़ी की गई है। मुनाफा गलत तरीके से 'डायवर्ट' किया गया है। यदि बीबीसी ने आयकर विभाग की आपत्तियों के स्पष्टीकरण नहीं दिए, तो कानूनन उसने 'अपराध' किया था। सर्वे या छापेमारी को 'प्रेस की आजादी पर हमला' अथवा 'कलम का सरकलम करना' कैसे कहा जा सकता है? कांग्रेस, सपा, वामदलों, नेशनल कॉन्फ्रेंस, जद-यू और तृणमूल सरीखी विपक्षी पार्टियों की तल्ख प्रतिक्रियाएं समझी जा सकती हैं, लेकिन 'एडीटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' को पूर्वाग्रहों से निकल कर, विवेक से, सोचना चाहिए कि जिस मीडिया एजेंसी को अपने ही देश में 12 मिलियन पाउंड का जुर्माना भरना पड़ा हो, वह भारत में भी ऐसी गैर-कानूनी हरकतें कर सकती है। इस प्रकरण को ऑक्सफैम इंडिया, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च थिंक टैंक, जो कई राज्य सरकारों के साथ भी काम करता रहा है और इंडिपेंडेंट एंड पब्लिक स्पिरिटेड मीडिया फाउंडेशन आदि से जोड़ कर नहीं देखना चाहिए, जिन पर बीते वर्ष में ऐसे ही सर्वे किए गए थे। उन सर्वे के दौरान कर्मचारियों के फोन, अन्य उपकरण जब्त किए गए। बही-खाते खंगाले गए और बैंक खातों की भी जांच की गई, लेकिन आज तक अनिश्चितता इन संगठनों पर लटकी है। बेशक ये संगठन भी, अन्य कई संगठनों और मीडिया एजेंसियों की तरह, मोदी सरकार के आलोचक रहे हैं, लेकिन जिस प्रकरण पर सर्वोच्च अदालत तक अपना अंतिम निर्णय दे चुकी है, उस पर वृत्तचित्र बनाने और प्रसारित करने के पीछे क्या मंसूबे हो सकते हैं? यह आलोचना की पत्रकारिता नहीं, बल्कि कोई निश्चित राजनीतिक एजेंडा हो सकता है। यह बीबीसी और आयकर विभाग के बीच का मामला है।

> भारत की नकारात्मक छवि पेश करने के मद्देनजर 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बीबीसी पर न केवल पाबंदी चस्पा की थी, बल्कि दो साल के लिए उसके दफ्तरों पर ताले लटका दिए थे और ब्रिटिश कर्मचारियों को वापस उनके देश भेज दिया था। दूसरी पाबंदी 1975 के 'राष्ट्रीय आपातकाल' के दौरान लगाई गई थी। बीबीसी पर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री रहीं मार्गरेट थैचर ने ही बेहद कठोर और उग्र टिप्पणी की थी। ब्रिटेन के नेशनल ऑडिट विभाग ने भी बीबीसी पर टैक्स-चोरी के आरोप लगाए थे। मुद्दा इतना साधारण और सपाट नहीं है कि बीबीसी ने प्रधानमंत्री मोदी और 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों पर एक सवालिया वृत्तचित्र बनाकर प्रसारित किया था और सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को सचेत किया था कि इसका लिंक साझा न किया जाए, बल्कि भारत सरकार ने उस वृत्तचित्र को ही प्रतिबंधित कर दिया था। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत में मामला अब भी विचाराधीन है।

## अडाणी जैसे उद्योगपतियों पर बेवजह संदेह करने से वे विपक्षी धर्म का पालन नहीं कर पायेंगे

# नीति के अभाव में राजनीति में पिछड़ता जा रहा है भारत का विपक्ष

> अमृत काल को अमृतमय बनाने में विपक्ष की जिम्मेदारपूर्ण भूमिका की अपेक्षा की जा रही है, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं दिख रहा है, क्योंकि उसने अपनी दशिाहीनता की स्थिति को ही बार-बार उजागर किया है, बजट सत्र में यह बात स्पष्ट हो गयी है। यह कैसी राजनीति है, यह कैसा विपक्ष की जिम्मेदारियां का प्रदर्शन है, जिसमें अपनी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के नाम पर नये भारत को निर्मित करने, जनता के हितों एवं अमृतकाल की उपेक्षा की जा रही है। भारतीय लोकतंत्र के सम्मुख एक ज्वलंत प्रश्न उभर के सामने आया है कि क्या भारतीय राजनीति विपक्ष विहीन हो गई है? विपक्ष पूर्णतः छिन्न-भिन्न होकर इतना कमजोर एवं निस्तेज नजर आ रहा है कि सशक्त या ठोस राजनीतिक विकल्प की संभावनाएं मृत प्रायः लग रही हैं। इतना ही नहीं, विपक्ष राजनीति ही नहीं, नीति विहीन भी हो गया है? यही कारण है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर तक पहुंचते हुए राजनीतिक सफर में विपक्ष की इतनी निस्तेज, दबतर एवं विलोपपूर्ण स्थिति कभी नहीं रही।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की नजर अमृतकाल पर है, उन्होंने 'नए भारत' 'सशक्त भारत' की नींव रखी है, जो अपनी स्वाधीनता के सौवें वर्ष 2047 में साकार होगा। हाल ही में प्रस्तुत बजट 'अमृत काल' को सबसे अच्छे ढंग से रेखांकित करता है। सरकार की रणनीतियां एवं योजनाएं भी उसी को केन्द्र में रखकर बन रही हैं। लेकिन बड़ी विडम्बना है कि समूचा विपक्ष अमृतकाल को धुंधलाने में लगा है। अमृत काल को अमृतमय बनाने में विपक्ष की जिम्मेदारपूर्ण भूमिका की अपेक्षा की जा रही है, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं दिख रहा है, क्योंकि उसने अपनी दिशाहीनता की स्थिति को ही बार-बार उजागर किया है, बजट सत्र में यह बात स्पष्ट हो गयी है। यह कैसी राजनीति है, यह कैसा विपक्ष की जिम्मेदारियां का प्रदर्शन है, जिसमें अपनी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के नाम पर नये भारत को निर्मित करने, जनता के हितों एवं अमृतकाल की उपेक्षा की जा रही है। भारतीय लोकतंत्र के सम्मुख एक ज्वलंत प्रश्न उभर के सामने आया है कि क्या भारतीय राजनीति विपक्ष विहीन हो गई है? विपक्ष पूर्णतः छिन्न-भिन्न होकर इतना कमजोर एवं निस्तेज नजर आ रहा है कि सशक्त या ठोस राजनीतिक विकल्प की संभावनाएं मृत प्रायः लग रही हैं। इतना ही नहीं, विपक्ष राजनीति ही नहीं, नीति विहीन भी हो गया है? यही कारण है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर तक पहुंचते हुए राजनीतिक सफर में विपक्ष की इतनी निस्तेज, बदतर एवं विलोपपूर्ण स्थिति कभी नहीं रही। इस तरह का माहौल लोकतंत्र के लिये एक चुनौती एवं विडम्बना है। इस दृष्टि से विचार करें तो भारत में राष्ट्रीय स्तर पर या कई राज्यों में विपक्ष का व्यवहार निराश करने वाला है। विपक्षी दल और नेता भाजपा को पराजित तो करना चाहते हैं, मोदी की लगातार सशक्त होती छवि एवं स्थिति को भी कमजोर करना चाहते हैं पर समझ नहीं पा रहे कि किन मुद्दों को लेकर संघर्ष करें और जनता के बीच जाएं। न उनके पास प्रभावी मुद्दे हैं और न मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माद्दा है। भाजपा को ब्राह्मणवादी या दलित-पिछड़ा विरोधी साबित कर स्वयं को इनका झंडाबरदार बताने या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाने पर लेने या अडाणी जैसे उद्योगपतियों पर बेवजह संदेह करने से वे विपक्षी धर्म का पालन नहीं कर पायेंगे। विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री के संबोधन के समय लगातार नारेबाजी करके यही सिद्ध किया कि उनके पास न तो कहने को कुछ सार्थक है और न ही सुनने को। अपने हंगामे के पक्ष में विपक्षी सांसदों के पास कुछ तर्क हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने खीझ पैदा करने वाली अपनी नारेबाजी से प्रधानमंत्री के इस कथन को सही साबित किया कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। एक समय मुसलमानों, ईसाइयों जैसे अल्पसंख्यकों में संघ और



भाजपा के विरुद्ध डर पैदा कर उनका ध्रुवीकरण किया जाता था। इन्हें ऊंची जाति का हिमायती बताकर पिछड़ों और दलितों के एक समूह को लुभाया जाता था। कहां है प्रभावी विपक्ष, कहां है देशहित के मुद्दे। विपक्ष की कोशिश हर हाल में भाजपा, संघ और प्रधानमंत्री को उद्योगपतियों का हितैषी, मुसलमानों-दलितों-आदिवासियों का विरोधी तथा सवर्ण जातियों का समर्थक साबित करने की प्रतीत होती है। क्या इन मुद्दों के आधार पर विपक्ष भाजपा को कमजोर करने में सफल हो पाएगा? यह भारत का दुर्भाग्य है कि वर्तमान विपक्ष का बड़ा समूह अभी भी देश में हो रहे सकारात्मक बदलाव एवं विकास को समझने में विफल है। इस कारण विपक्षी दल एवं उसके नेता राजनीति को वहां ले जाना चाहते हैं जिनसे भारत अब काफी आगे निकल चुका है। गुजरात दंगों पर बीबीसी की रिपोर्ट को हर हाल में दिखाने पर तुले और संपूर्ण विपक्ष द्वारा इसे मुद्दा बनाए जाने के बावजूद गैर मुस्लिमों को तो छोड़िए आम मुसलमान भी भाजपा के विरुद्ध आक्रामक होकर सामने आते नहीं दिखे। बिहार और उत्तर प्रदेश में रामचरितमानस को निचली जातियों का विरोधी बताना क्या है? अब भारत ऐसे संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक आग्रहों से, धर्म, जाति, वर्ग, भाषा के विवादों से बाहर आकर विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित किये हुए है, देश की जनता और अल्पसंख्यक समुदाय भी विकास चाहते हैं, भारत को शक्तिशाली बनते हुए देखना चाहते हैं। आम जन समझ चुके हैं कि भारत को अगर विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनना है तो उसमें हमारे उद्योगपतियों की अहम भूमिका होगी। इसलिये अडाणी के नाम पर मोदी को दागी बनाने की विपक्ष की कुचेष्ठाओं एवं षड़यंत्रों के तमाम प्रयासों के बाद भी जनता उद्वेलित नहीं है। विपक्ष जनता को यह समझाने में भी नाकाम रहा है कि अदाणी समूह के कारण जनता के हित या सरकारी बैंकों का निवेश खतरे में पड़ गए हैं। अदाणी समूह के मामले को विपक्ष जिस तरह पेश कर रहा है, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह सरकार को घेरने के लिए राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद और पेगासस जासूसी प्रकरण की तरह से एक और मामला खोज लाया है। यह मामला भी राफेल और पेगासस की तरह टांय-टांय फिस्स हो गया। हाल ही बजट-सत्र में मोदी का उद्बोधन विपक्ष पर करारा तमाचा है, मोदी ने बच्चों को पाठ पढ़ाने की मुद्रा में विपक्ष को अनेक नसीहतें दीं, लेकिन यह कहना कठिन है कि विपक्ष प्रधानमंत्री की किसी नसीहत पर ध्यान देगा, लेकिन उन्होंने यह सही कहा कि जितना कीचड़ उछालोगे, उतना ही कमल खिलेगा। विपक्ष को यह आभास हो जाए तो अच्छा कि झूठ के पांव नहीं होते। विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा को जिस तरह अदाणी समूह तक केंद्रित करने की रणनीति बनाई, उसे प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा में नाकाम किया और फिर राज्यसभा में। उन्होंने इस मामले में विपक्ष के सवालों पर सीधे तौर पर कुछ न कहकर यही संदेश दिया कि इस मसले पर सरकार को नहीं घेरा जा सकता। क्योंकि आज हिंदुत्व और हिंदुत्व केंद्रित राष्ट्रवाद के चलते देश की सत्ता और राजनीति में कुछ व्यावहारिक एवं सकारात्मक रूपांतरण आया है। आर्थिक-सामाजिक-सांस्कृतिक विकास तथा रक्षा-सुरक्षा-विज्ञान, शिक्षा-चिकित्सा के मोर्चे पर व्यापक कार्यों से जमीनी यथार्थ भी बदला है, देश सशक्त हुआ है, आतंकवाद एवं हिंसा पर नियंत्रण ने जनता के बीच अमन एवं शांति का वातावरण बनाया है। जम्मू-कश्मीर में हर दिन होने वाली आतंकवादी एवं हिंसा की घटनाएं अब कहां देखने को मिलती हैं? देश में भी बार-बार होने वाले आतंकी हमले, साम्प्रदायिक हिंसा अब कहां हैं? विपक्ष की संकीर्ण राजनीति के अलावा कहीं भी हाहाकार का दृश्य नहीं दिख रहा। स्वयं राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा में सरकार के विरुद्ध कई भाषण दिए, लेकिन कहीं कोई हलचल दिखाई नहीं दी, उनको कहना पड़ा कि देश में शांति है। सच को झूठे तथ्यों और सिद्धांतों के आवरण में ज्यादा दिन तक नहीं ढंका जा सकता। आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता पर काबिज है तो इसका कारण यही है कि आम जनता की सोच काफी हद तक बदल चुकी है, वह तोड़ने वाली राजनीति की जगह जोड़ने वाली राजनीति का समर्थन करती है। बात केवल विपक्ष की ही न हो, बात केवल मोदी को परास्त करने की भी न हो, बल्कि देश की भी हो, अमृतकाल को देश-विकास का माध्यम बनाने की हो, तभी विपक्ष अपनी इस दुर्दशा से उपरत हो सकेगा। वह कुछ नयी संभावनाओं के द्वार खोले, देश-समाज की तमाम समस्याओं के समाधान का रास्ता दिखाए, सुरसा की तरह मुंह फैलाती महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, अस्वास्थ्य, बेरोजगारी और अपराधों पर अंकुश लगाने का रोडमैप प्रस्तुत करे, तो उसकी स्वीकार्यता स्वयंमेय बढ़ जायेगी। व्यापार, अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई, ग्रामीण जीवन एवं किसानों की खराब स्थिति की विपक्ष को यदि चिंता है तो इसे दिखना चाहिए।

## कुछ अलग

# रिश्वत के हस्ताक्षर

**व्यवस्था** परिवर्तन के दृढ़ संकल्प के बीच फिर रिश्वत की दीमक ने जनता के विश्वास को कुतर दिया। चंबा के एक नायब तहसीलदार के पास जनाब होने का दायित्व फिर कहीं जुर्म की जमीन माप गया। जमीन के एक इंतकाल की रिश्वत घोषित रूप से आठ हजार वसूलने वाला नायब तहसीलदार अंततः कानून के लंबे हाथों में आ गया, वरना कई अदृश्य हाथ इस तरह के लेन-देन में शरीक रहते हुए सिद्धहस्त हो चुके हैं। जागरूक नागरिक की शिकायत पर सतर्कता विभाग की दबिश में रिश्वत की दबंगता पर डाका पड़ गया, अन्यथा कई घाघ किस्म के भेड़िए सरकार की नाक के नीचे रिश्वत का राज चला रहे हैं। ऐसे में जनता करे भी तो क्या, क्योंकि लाचारियों के द्वंद्व एक न एक दिन व्यवस्था की ऐसी कालिख का शिकार हो जाते हैं। कई दस्तावेज और प्रक्रियाओं के ऐसे भी हस्ताक्षर हैं, जो किसी खूंखार साम्राज्य की तरह नोचते हैं। जहां समाधान की तलाश है, वहां सामान्य प्रक्रियाएं भी असामान्य व्यवहार करती हैं और इस तरह आम नागरिक के लिए सरकारी काम करवाने की बोली लगती है। यही चंबा के कार्यालय में आसीन एक नायब तहसीलदार की भी कार्यशैली रही होगी। एक बार फिर प्रमाणित हो रहा है कि हम भले ही सुशासन की तलाश में सरकारें पलटते रहें, व्यवस्था की दीमक यथावत रहेगी। अब यह प्रश्न नहीं है कि रिश्वत के दाम पर कौन बिक रहा है, बल्कि यह है कि घूसखोरी के मकडज़ाल में हम सभी फंस रहे हैं। आश्चर्य तो तब होता है जब पकड़ में आए रिश्वतखोर विभागीय जांच में पाक दामन घोषित हो जाते हैं या अदालती मामलों में बरी होकर फिर सक्रिय हो जाते हैं। बेशक उदाहरण इक्का-दुक्का ही सामने आते हैं, लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि कहीं हर दीपक तले ऐसा अंधेरा है जरूर। जाहिर है जिस तरह देश चल रहा है या खुशहाली के नए मानदंडों में समाज खुद में संपन्नता ढूंढ रहा है, वहां दौलत की हाजिरी में इनसान ही तो बिक रहा है। हिमाचल इससे अछूता नहीं और अगर हम प्रदेश की खुशहाली में आगे बढ़ रहे लोगों की पड़ताल करें तो माफिया के आवरण में कई भुजाएं न॰र आएंगी। कहीं रिश्वत की भुजा किसी विभाग के कामकाज में मांग कर रही है, तो कहीं माफिया के राज में व्यवस्था ही भिक्षु बनी हुई है। चारों तरफ चोर दरवाजों से झांकती मंजिलें ऐसी व्यवस्था से गुजर रही हैं, जहां हर रिश्वत का एक अलग नाम होगा। हम काम करवाने या काम को गति दिलाने का शुल्क ही तो अदा कर रहे होते हैं। आखिर आरोपी नायब तहसीलदार की नियुक्ति से ही सफर शुरू हुआ होगा, जो कि लाभ के पद पर अब दिखाई दिया। ऐसा नहीं है कि किसी एक गंदी मछली से सारा तालाब गंदा हो रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जहां सार्वजनिक जिम्मेदारियों में सरकारी कार्य संस्कृति ईमानदारी से काम करती है। मंडी जिला के एक तहसीलदार ने केवल नौ दिनों में 200 इंतकाल कर दिए, तो यह पद्धति इसी कार्य संस्कृति की हिफाजत करती है।

> जमीन के एक इंतकाल की रिश्वत घोषित रूप से आठ हजार वसूलने वाला नायब तहसीलदार अंततः कानून के लंबे हाथों में आ गया, वरना कई अदृश्य हाथ इस तरह के लेन-देन में शरीक रहते हुए सिद्धहस्त हो चुके हैं। जागरूक नागरिक की शिकायत पर सतर्कता वभिाग की दबिश में रिश्वत की दबंगता पर डाका पड़ गया, अन्यथा कई घाघ किस्म के भेड़िए सरकार की नाक के नीचे रिश्वत का राज चला रहे हैं। ऐसे में जनता करे भी तो क्या, क्योंकि लाचारियों के द्वंद्व एक न एक दिन व्ययस्था की ऐसी कालिख का शिकार हो जाते हैं।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दोधारी तलवार

> मानव सभ्यता के इतिहास में जिन कुछ चीजों की ईजाद ने इंसान के रहन–सहन का तरीका बदला, उनमें सबसे पहले हजारों साल पहले आग और पहिये के आविष्कार का नाम लिया जाता है। इसके बाद तस्वीर में बड़ा बदलाव औद्योगिक क्रांति यानी मशीनी युग में आया। आज से करीब पचास साल पहले पैदा हुए इंटरनेट को हाल तक इस रूप में देखा जाता था कि अब शायद इससे बड़ा कोई आविष्कार अगली सदियों तक न हो। पर तकनीक की शायद यही सबसे बड़ी खूबी है कि वह हमारी जरूरतों के मुताबिक दबल जाती है। इंटरनेट के मौजूदा दौर में ये परिवर्तन कुछ ज्यादा ही तेजी से हो रहे हैं। इसकी सबसे ताजा मिसाल 'चैटजीपीटी' और उसके फौरन बाद अल्फाबेट (गूगल) द्वारा पेश 'बार्ड' नामक कृत्रिम बुद्धि वाले दो मंच हैं, जिन्होंने इधर पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। इन्हें लेकर मची सनसनी का एक छोर जहां इस बात से जुड़ा है कि अब मौलिकता का भला क्या मोल रह जाएगा, क्योंकि इनकी दबौलत नकल होना आसान और उसके पकड़ना मुश्किल हो गया है।

**दुनिया** भर में कई कंपनियां बढ़ती श्रम लागत के मद्देनजर उत्पादन का काफी कामकाज रोबोट और एआइ से लैस मशीनों-कंप्यूटरों के हवाले कर रही हैं। दुनिया भर में कई कंपनियां बढ़ती श्रम लागत के मद्देनजर उत्पादन का काफी कामकाज रोबोट और एआइ यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस मशीनों-कंप्यूटरों के हवाले कर रही हैं। भारत में भी सूचना तकनीक क्षेत्र की दस फीसदी नौकरियों पर 'आटोमेशन' यानी खुद काम करने वाली मशीनों के कारण खत्म होने का खतरा मंडरा रहा है। मानव सभ्यता के इतिहास में जिन कुछ चीजों की ईजाद ने इंसान के रहन-सहन का तरीका बदला, उनमें सबसे पहले हजारों साल पहले आग और पहिये के आविष्कार का नाम लिया जाता है। इसके बाद तस्वीर में बड़ा बदलाव औद्योगिक क्रांति यानी मशीनी युग में आया। आज से करीब पचास साल पहले पैदा हुए इंटरनेट को हाल तक इस रूप में देखा जाता था कि अब शायद इससे बड़ा कोई आविष्कार अगली सदियों तक न हो। पर तकनीक की शायद यही सबसे बड़ी खूबी है कि वह हमारी जरूरतों के मुताबिक बदल जाती है। इंटरनेट के मौजूदा दौर में ये परिवर्तन कुछ ज्यादा ही तेजी से हो रहे हैं। इसकी सबसे ताजा मिसाल 'चैटजीपीटी' और उसके फौरन बाद अल्फाबेट (गूगल) द्वारा पेश 'बार्ड' नामक कृत्रिम बुद्धि वाले दो मंच हैं, जिन्होंने इधर पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। इन्हें लेकर मची सनसनी का एक छोर जहां इस बात से जुड़ा है कि अब मौलिकता का भला क्या मोल रह जाएगा, क्योंकि इनकी बदौलत नकल होना आसान और उसके पकड़ना मुश्किल हो गया है। दूसरे छोर पर यह चिंता है कि कहीं तकनीक (कृत्रिम बुद्धि) इंसानों पर हावी न हो जाए या नकली बुद्धि से लैस मशीनें हमें अपना गुलाम ही न बना लें। इन चिंताओं का तात्कालिक संदर्भ- सैनफ्रांसिस्को स्थित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रिसर्च कंपनी ओपनएआई द्वारा विकसित चैटजीपीटी नामक एक चैटबाट (एक किस्म का कृत्रिम बुद्धि रोबोट) है, जिसे करीब तीन महीने पहले 30 नवंबर 2022 को आरंभिक स्वरूप (प्रोटोटाइप के रूप) में पेश किया गया। अंग्रेजी के शब्द चैटजीपीटी का पूरा नाम चैट जेनरेटिव प्रिट्रेंड ट्रांसफार्मर है। इसका मकसद 'सर्च इंजन' गूगल से आगे बढ़कर पूछे गए प्रश्नों के मौलिक हल प्रदान करना है। इसकी कई खूबियों में से एक यह भी है कि यह सवालों के जवाब हर बार नई शैली में और विस्तार से देता है, जिससे वे मौलिक और ऐसे प्रतीत होते हैं कि मानो उन्हें अलग-अलग लोगों ने दिया हो। असल में भारी मात्रा में इंटरनेट आदि से लिए गए डाटा से प्रशिक्षित किए गए चैटजीपीटी की खूबी सीखने की प्रवृत्ति और मानवीय शैली में विकास करना है। इसे ऐसे प्रशिक्षित किया गया है कि जब कोई सवाल पूछा जाता है, तो जवाब में इंसान कैसी प्रतिक्रियाओं की उम्मीद करते हैं। यही नहीं, चैटजीपीटी किसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) क्षमता से लैस एक आम रोबोट से इस मायने में अलग है कि यह पूछे गए प्रश्नों में इंसान की मंशा को समझकर ऐसा उत्तर देता है जो वास्तविकता के करीब हो। ये जवाब लेख जैसी सामग्री के रूप में हो सकते हैं, वैसे नहीं जैसे गूगल पर जवाब में असंख्य वेबसाइटें सुझाव के रूप में आती हैं। कुछ सवालों के उत्तर देने के बजाय चैटजीपीटी प्रतिप्रश्न पैदा कर सकता है और सवाल के उन हिस्सों को हटा भी सकता है, जो उसे समझ में नहीं आते हैं। कुछ मामलों में चैटजीपीटी गलत या आधे-अधूरे तथ्य प्रदान करता है। इसका कारण यह है कि अभी इसमें मार्च 2022 तक की सूचनाओं के आधार पर डाटा भरा गया है। इसमें नया डाटा डालने की प्रक्रिया एक प्रकार से चैटबाट का प्रशिक्षण है। हालांकि कृत्रिम बुद्धि के आधार पर खोजे जाने वाले मुख्य शब्दों (की-वड्‌र्स), जिज्ञासाओं और सवालों को गूगल आदि सर्च इंजन अपनी-अपनी तरह से काफी समय से हल करते रहे हैं। लेकिन गूगल से मिली जानकारी की एक बड़ी सीमा यह थी कि वे प्रस्तुति के आधार पर मौलिक नहीं कही जा सकती हैं। वे एक जैसी होती हैं, इसलिए अगर चार लोग एक ही सवाल का जवाब गूगल से खोजकर देते हैं, तो वे समान होने के कारण पकड़े जा सकते हैं। साथ ही, अनुवाद के मामले में 'गूगल ट्रांसलेट' किसी भाषा के गूढ़ भावार्थ का अनुमान नहीं लगा पाता है। इन समस्याओं को चैटजीपीटी में दूर करने की भरसक कोशिश की गई है। इसकी तारीफ करते हुए जीमेल के जनक पाल बूशीट कह चुके हैं कि ये गूगल के वजूद के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पाल ने कहा था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित चैटजीपीटी सर्च इंजन के 'रिजल्ट पेज' को खत्म कर देगा। चैटजीपीटी से से लेखन, पत्रकारिता, सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) समेत दर्जनों नौकरियों के खत्म हो जाने और स्कूल-कालेजों में निबंध, कविता, लेख, शोधपत्र, किताबें आदि में विद्यार्थियों की मौलिकता पर ग्रहण लगने का दावा किया जा रहा है। यानी विज्ञान की एक उपलब्धि, जिसे असल में क्रांति मानना चाहिए, उसे लेकर दुनिया इस तरह भयभीत हो गई है कि उस पर प्रतिबंध लगाने के उपाय खोजे जाने लगे हैं। अमेरिका में कुछ विश्वविद्यालयों में चैटजीपीटी के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गई है। न्यूयार्क और सिएटल स्थित कुछ विश्वविद्यालयों-कालेजों में विद्यार्थी अपने स्मार्टफोन और लैपटाप और सर्वर से जुड़े कंप्यूटरों पर चैटजीपीटी नहीं खोल पा रहे हैं। हालांकि इधर गूगल ने भी चैटजीपीटी की चुनौती को देखते हुए 'बार्ड' नामक चैटबाट की शुरुआत कर दी है। लेकिन आरंभिक दिनों में ही जेम्स वेब टेलीस्कोप संबंधी एक सवाल का गलत जवाब देने के कारण गूगल को तथ्यात्मक भूल के लिए माफी मांगनी पड़ी, जिससे उसके (कंपनी अल्फाबेट के) शेयरों की कीमतें एक ही दिन में आठ फीसदी तक गिर गए। यों यह सच है कि खुद गूगल को इन चुनौतियों का अहसास काफी पहले से था। दो साल पहले एक साक्षात्कार में गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई ने दावा किया था कि अगले पच्चीस वर्षों में दो चीजें क्रांति करने वाली हैं। पहली है कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दूसरी क्वांटम कंप्यूटिंग। यहां एक गंभीर प्रश्न एआइ के असर से नौकरियों के खत्म होने और इंसान पर मशीनों के हावी होने का भी है। आज से बीस-पच्चीस साल पहले यह दावा किया जाता था कि कंप्यूटर, इंटरनेट के विस्तार और गूगल सर्च इंजन जैसे आविष्कार मौलिकता को समाप्त करते हुए कई तरह की नौकरियों के लिए काल बन जाएंगे। लेकिन विज्ञान की इस तरक्की को अभिशाप ठहराने की कोशिश करने वालों ने देखा है कि इन वैज्ञानिक आविष्कारों और क्रांतियों के बल पर कामकाज आसान हुआ है और नए रोजगारों का सृजन हुआ है। इसलिए चैटजीपीटी के आविष्कार को लेकर बहुत आशंकित होना उचित नहीं लगता। आज दुनिया भर की मशीनें हमारे आसपास हैं।

## देश दुनीया से

# दस-दस-दस का चमत्कार

**हाल** ही में मैंने प्रसिद्ध काउंसलर सूज़ी वेल्च की लोकप्रिय पुस्तक 'दस मिनट, दस महीने, दस साल' एक बार फिर पढ़ी। सूज़ी वेल्च ने अपनी इस शानदार पुस्तक में बहुत साधारण ढंग से जीवन की एक बड़ी समस्या का हल सुझाया है। यह तरीका इतना अनूठा और कारगर है कि इसने कई जिंदगियां बदल दी हैं। मैनेजमेंट के विद्यार्थी के रूप में मुझे यह पढ़ाया गया है कि सही निर्णय लेने का एक ही ढंग है, और वह है कि निर्णय लिए जाएं, असफलता के डर से डर कर खाली न बैठा जाए बल्कि काम किया जाए। यह एक अच्छी सलाह है क्योंकि डर के मारे काम ही न करना किसी समस्या का हल नहीं है। एक अत्यंत सफल उद्योगपति से जब पूछा गया कि वे हर बार सही निर्णय कैसे ले लेते हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें उनका 'अनुभव' सहायक होता है और जब उनसे अगला सवाल किया गया कि अनुभव कैसे प्राप्त किया जाए तो उनका उत्तर था 'गलत निर्णय लेकर'। इससे हमें दो बातें सीखने को मिलती हैं। पहली, हमें असफलता के भय से सोचते ही नहीं रहना चाहिए और नि_ले नहीं बैठना चाहिए, और दूसरी, यदि निर्णय गलत हो जाए तो उससे सीख लेनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। 'मूव ऑन', यानी पिछली बातें छोड़ो और आगे बढ़ो। यह एक जाना-माना तथ्य है कि अक्सर हम जो निर्णय लेते हैं वे भावावेश यानी भावनाओं के आवेश में लिए गए निर्णय होते हैं। इसीलिए विद्वजन कहते हैं कि हमें बहुत खुशी की अवस्था में, बहुत दुख की अवस्था में अथवा बहुत गुस्से की अवस्था में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए क्योंकि तब हम तर्क से नहीं सोचते, भावनाओं से सोचते हैं और ऐसे निर्णय ले लेते हैं जिनके लिए हम बाद में जीवन भर पछताते रह जाते हैं। अक्सर हम जब निर्णय लेते हैं तो हमें मालूम नहीं होता कि निर्णय सही है या गलत, और उसका हम पर तथा हमारे आसपास की दुनिया पर क्या असर होगा। अक्सर हम अपने दिल, दिमाग, अनुभव और जोखिम लेने के साहस पर निर्भर करते हुए कोई निर्णय लेते हैं। ऐसे निर्णय सही अथवा गलत होने की संभावना बराबर-बराबर की होती है, यानी निर्णय के सही या गलत होने की कोई तार्किक या वैज्ञानिक प्रक्रिया के अभाव में हम निर्णय तो लेते हैं, पर यह नहीं जानते कि असल में वह निर्णय कितना सटीक है। हम सिर्फ आशा करते हैं कि वह निर्णय सही होगा और प्रार्थना करते हैं कि निर्णय सचमुच सही ही हो, लेकिन सूज़ी वेल्च की पुस्तक 'दस मिनट, दस महीने, दस साल' इससे भी आगे बढक़र निर्णय लेने की प्रक्रिया में हमारी सहायता करती है और हमें कदरन सही निर्णय लेने की प्रक्रिया सिखाती है। सूज़ी वेल्च अपनी पुस्तक 'दस मिनट, दस महीने, दस साल' में इसे बड़े सहज ढंग से समझाती हैं। सूज़ी का कहना है कि जब भी हम कोई निर्णय लेना चाहें तो हमें यह सोचना चाहिए कि हमारे निर्णय का अगले दस मिनट में क्या असर होगा, फिर सोचना चाहिए कि उसका अगले दस महीनों में क्या असर होगा और फिर यह कि हमारे निर्णय का अगले दस सालों में क्या असर होगा।

> एक अत्यंत सफल उद्योगपति से जब पूछा गया कि वे हर बार सही निर्णय कैसे ले लेते हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें उनका 'अनुभव' सहायक होता है और जब उनसे अगला सवाल किया गया कि अनुभव कैसे प्राप्त किया जाए तो उनका उत्तर था 'गलत निर्णय लेकर'। इससे हमें दो बातें सीखने को मिलती हैं। पहली, हमें असफलता के भय से सोचते ही नहीं रहना चाहिए और निले नहीं बैठना चाहिए, और दूसरी, यदि निर्णय गलत हो जाए तो उससे सीख लेनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। 'मूव ऑन', यानी पिछली बातें छोड़ो और आगे बढ़ो। यह एक जाना-माना तथ्य है कि अक्सर हम जो निर्णय लेते हैं वे भावावेश यानी भावनाओं के आवेश में लिए गए निर्णय होते हैं। इसीलिए विद्वजन कहते हैं कि हमें बहुत खुशी की अवस्था में, बहुत दुख की अवस्था में अथवा बहुत गुस्से की अवस्था में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए क्योंकि तब हम तर्क से नहीं सोचते, भावनाओं से सोचते हैं और ऐसे निर्णय ले लेते हैं।

## नागरिक बोध

# क्षुब्ध गधों का दर्द

**देश** के गधे क्षुब्ध हैं कि पशु गणना विभाग ने उनकी गिनती कम कर दी है। इतना ही क्यों, गधों की मंडी में अब उनका मोल भी कम मिलने लगा है। हम उनकी चिंता से बहुत चिंतित हैं। आजकल तैयारी तो जनसंख्या गिनने की हो रही है। तैयारी क्या करनी है? बड़ी आसानी से यह काम छोटे बड़े स्कूलों के अध्यापकों के हवाले कर दिया जाएगा। इसी की आशंका में उन्होंने अभी से कक्षाओं में बांटा जाने वाला पोथी पत्र समेट लिया है। अब बच्चे सरकारी स्कूलों के बाहर अपने बस्ते लहराते हुए यह गाना गाते हुए नजर नहीं आते कि 'अद्धी छुट्टी सारी, मियां मक्खी मारी'। अब जब स्कूलों में छुट्टियां ही छुट्टियां रहें और अध्यापक महोदय कान पर कलम लगा कर छात्रों की कापियां सुधारते नहीं, बल्कि फार्म उठा कर घरों के द्वार पर दस्तक देते नजऱ आएं कि 'कितने जीव हैं परिवार के?' तो बच्चों को भला अपने स्कूलों में मक्खियों से मुलाकात करने के लिए आने की ज़रूरत क्या है? कक्षाओं में झांक कर देखें, वहां आपसे अध्यापकों की खाली कुर्सियों की आत्मा बतियाने लगती है। वे भाग्यवान स्कूल बहुत कम हैं, जहां बड़ी कक्षा का लडक़ा छोटी कक्षाओं का मानीटर और मास्टर दोनों बन जाता है। वैसे भी अब यह काम कठिन होता जा रहा है, क्योंकि जबसे छात्रों की योग्यता की गुणवत्ता रिपोर्ट सामने आई है, कि देश में आठवीं में पढने वाला लडक़ा अच्छी तरह से दूसरी तीसरी कक्षा के स्तर का गुणा भाग भी नहीं कर सकता, तब से उसे भला इन कक्षाओं का स्थानापन्न अध्यापक बनाओगे भी तो कैसे? उधर जनगणना ड्यूटी के लिए तैयार होते अध्यापक देखो तो वे बड़े दुख से कहते हैं, 'अजी साब, इस देश की हर नौकरी ऐसी है जिसमें लगे लोगों को भरपूर बालाई आमदन हो जाती है। एक अपना ही पेशा ऐसा है, जिसमें शब्द बालाई का प्रयोग आमदन के साथ नहीं, किसी अतिरिक्त काम से जुड़ा हुआ होता है। कभी वोटर लिस्टें बनवाते हैं। कभी वोटें डलवाने वाले अमले का रूप धरवाते हैं। अब तो सुना है, राशन कार्ड, गरीबी कार्ड सही है या गलत भी चेक करवाएंगे।' ये रंग-बिरंगे काम करते हैं। बस कक्षाओं में पढ़ाने का काम ही नहीं कर पाते। लगता है हम तो भूलते ही जा रहे हैं, किस पेशे में लगे थे। हमारे लिए हर दिन नये काम की तजवीज़ हो जाती है।



# अफ्रीका में फैला घातक मारबर्ग वायरस, 9 लोगों की मौत – विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तेज कर दी निगरानी

**मलाबो ।** अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी में घातक मारबर्ग वायरस फैल गया है। यह मारबर्ग वायरस बहुत ही संक्रामक है और इबोला की तरह ही घातक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संक्रमण को देखते हुए अपनी निगरानी को तेज कर दिया है। इस किलर वायरस की चपेट में आकर अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने एक आपातकालीन बैठक बुला रहा है, ताकि वैक्सीन और इसके इलाज को लेकर चर्चा की जा सके। डब्ल्यूएचओ के अधिकारी जार्ज अमेह ने कहा कि इस क्षेत्र में निगरानी को बढ़ा दिया गया है। जार्ज ने कहा कि इसके संपर्क में आने वाले लोगों की तलाश करना, समस्या के हल के लिए जरूरी है। हमने कोविड 19 की टीम को फिर से तैनात किया है, जो वहां पर संक्रमित लोगों की तलाश के लिए मौजूद थीं। डब्ल्यूएचओ ने संक्रमण से बचाव, केस मैनेजमेंट, प्रयोगशाला, हेल्थ इमरजेंसी के विशेषज्ञों को तैनात किया है। पिछले सप्ताह इक्वेटोरियल गिनी ने 200 से ज्यादा लोगों को क्वारंटाइन किया था और किए नटेम प्रांत में लोगों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। नटेम प्रांत में एक अजीब बुखार फैला था। इक्वेटोरियल गिनी ने विगत दिवस सोमवार को मारबर्ग वायरस के पहले मामले के सामने आने का ऐलान किया था। देश में मौतों के अलावा 16 लोगों के संक्रमित होने के संदिग्ध मामले भी सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ के अफ्रीका क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक मत्शीदिसो मोइती ने सोमवार को कहा कि मारबर्ग एक बहुत ही संक्रामक वायरस है। इक्वेटोरियल गिनी के अधिकारियों के त्वरित और निर्णायक एक्शन से इस वायरस पर काबू पाने के लिए पूरी ताकत से प्रयास किया गया। इस बीच पड़ोसी देश कैमरून ने संक्रमण फैलने के डर से पिछले सप्ताह अपनी सीमा पर लोगों का आना-जाना प्रतिबंधति कर दिया था। मंगलवार को कैमरून में दो संदिग्ध मामले सामने आए थे। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि मारबर्ग एक बहुत ही तेजी से फैलने वाली बीमारी है, जिससे बुखार के साथ शरीर के अंदरूनी अंगों से खून निकलने लगता है। इस संक्रमण के होने पर मरीजों के मरने की दर 88 प्रतिशत तक है। अभी तक इस बीमारी से बचाव के लिए कोई वैक्सीन या एंटी वायरल इलाज नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### टेक्सास में शॉपिंग मॉल में चार लोगों पर गोलीबारी, एक की मौत; पकड़ा गया एक संदिग्ध




**टेक्सास ।** अमेरिका में एक बार फिर खुलेआम गोलीबारी का मामला सामने आया है। यहां टेक्सास राज्य के अल पासो में एक बंदूकधारी ने शॉपिंग मॉल में घुसकर चार लोगों पर गोलियां बरसा दीं। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक और संभावित संदिग्ध की खोज की जा रही है। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को कस्टडी में रखा गया है। लेकिन इस घटना में एक और व्यक्ति के शामिल होने का शक है और उसकी तलाश की जा रही है। अल पासो पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि हमला सिएलो विस्टा मॉल के फूड कोर्ट में हुआ। उसने लोगों को मॉल से दूर रहने का अलर्ट जारी किया। बताया गया है कि यह मॉल उस वॉलमार्ट के काफी नजदीक है, जहां 2019 में गोलीबारी की घटना में 23 की मौत हुई थी और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस घटना के एक चश्मदीद ने बताया कि उसने मॉल में अचानक गोलीबारी की आवाज सुनी और कई लोगों को बाहर भागते देखा। उसने बताया कि वह अपनी कार तक सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा।

### नेपाल सांसद चंद्र भंडारी गैस लीक विस्फोट में गंभीर रूप से घायल, एयरलिफ्ट करके मुंबई लाया जा रहा



**काठमांडू ।** नेपाल के सांसद चंद्र भंडारी की मां का एलपीजी गैस लीक विस्फोट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद निधन हो गया है। नेपाल के कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि नेपाल के सांसद चंद्र भंडारी एलपीजी गैस लीक से हुए विस्फोट में बुरी तरह घायल हो गए हैं। इस विस्फोट में चंद्र भंडारी 25 फीसदी और उनकी मां हरीकला भंडारी करीब 80 फीसदी जलने से गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिसके बाद दोनों को कीर्तिपुर बर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि वहां इलाज के दौरान सांसद की बुजुर्ग मां का देहांत हो गया है। घटना बुधवार रात करीब दस बजे की बुद्धनगर स्थित सांसद निवास की है। बता दें कि चंद्र भंडारी बीते दिनों हुए आम चुनाव में नेपाल की गुलमी संसदीय सीट से सांसद चुने गए थे। नेपाल सांसद को बेहतर रइलाज के लिए मुंबई भेजा जा रहा है। सांसद को एयर लिफ्ट करके मुंबई भेजा जा रहा है। इससे पहले कीर्तिपुर अस्पताल के अधिकारियों ने कहा था कि घायलों की हालत अच्छी नहीं है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए देश से बाहर किसी विशेषज्ञ अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ेगा।

### पाकिस्तानी पत्रकार ने बीबीसी पर आईटी सर्वे का मामला उठाया, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने ऐसे काटी कन्नी

**वॉशिंगटन ।** बीबीसी के कार्यालयों में आयकर विभाग के सर्वे को पाकिस्तान के एक पत्रकार ने अमेरिकी सरकार के सामने उठाया तो अमेरिका की सरकार ने इस सवाल पर कन्नी काट ली और सीधे तौर पर इस मामले पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। खबर के अनुसार, पाकिस्तान के मीडिया संस्थान के वॉशिंगटन में रिपोर्टर जहांजेब अली ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठा दिया। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा कि अमेरिकी सरकार क्या इस मुद्दे को लेकर चिंतित है या फिर इस पर कुछ प्रतिक्रिया देना चाहती है इसके जवाब में यूएस स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि दिल्ली में बीबीसी के कार्यालयों में भारतीय टैक्स अथॉरिटीज के तलाशी अभियान की हमें जानकारी है लेकिन उन्होंने इस पर आगे कुछ टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पाकिस्तानी पत्रकार ने कहा कि 2002 के गुजरात दंगे पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर उठे विवाद के बाद यह कार्रवाई हुई है। इस पर नेड प्राइस ने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के लोगों से संबंध हैं। साथ ही दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्य भी साझा करते हैं। हालांकि नेड प्राइस ने अपने बयान में प्रेस की आजादी का समर्थन किया और कहा कि अमेरिका लगातार दुनियाभर में प्रेस की आजादी और धार्मिक आजादी और मानवाधिकार की अहमियत का समर्थक रहा है। इनसे लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग की तलाशी के बारे में भारतीय अथॉरिटीज ही विस्तृत जवाब दे सकती हैं। बता दें कि मंगलवार को आयकर विभाग ने बीबीसी के दिल्ली मुंबई स्थित कार्यालयों पर सर्वे शुरू किया था। आयकर विभाग ने वित्तीय गड़बड़ी के शक में यह सर्वे शुरू किया है। आयकर अधिकारी बीबीसी के वित्त विभाग के कई खातों की जांच कर रहे हैं।

## तालिबान की धमकी से सहमा चीन

# पाकिस्तान में कॉनस्युलर ऑफिस पर ताला, नागरिकों से कहा- पाक में रहना खतरनाक



**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त चीन ने इस्लामाबाद में अपना कॉन्स्युलर ऑफिस बुधवार को अचानक बंद कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- शी जिनपिंग सरकार ने यह फैसला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलोच लिबरेशन फ्रंट से लगातार मिल रही हमलों की धमकियों के बाद किया है। पिछले ही हफ्ते चीन ने पाकिस्तान में रह रहे अपने नागरिकों को एक सख्त एडवाइजरी जारी की थी। इसमें कहा गया था कि पाकिस्तान में सिक्योरिटी के हालात खराब हैं और वहां रहना खतरनाक है। लिहाजा, अपनी सुरक्षा का खास ख्याल रखें।

**वेबसाइट पर दी जानकारी** - एक रिपोर्ट में दावा किया था कि चीन इस्लामाबाद में मौजूद अपनी एम्बेसी की हिफाजत को लेकर परेशान है और कोई सख्त कदम उठा सकता है। इसके बाद बुधवार को एम्बेसी ने अपनी वेबसाइट पर बयान जारी किया और कहा कि कॉन्स्युलर सेक्शन बंद किया जा रहा है। हालांकि, इसकी वजह नहीं बताई गई। पिछले हफ्ते चीन सरकार ने एक नोटिफिकेशन में कहा था- अगर चीनी नागरिक पाकिस्तान में मौजूद हैं तो वो अपनी सिक्योरिटी को लेकर बिल्कुल अलर्ट रहें। जब तक जरूरी न हो बाहर निकलने से बचें। वहां सिक्योरिटी सिचुएशन खराब है। चीन के इस बयान का पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने विरोध किया था। पाकिस्तान ने कहा था- हम सभी विदेशी नागरिकों की पूरी हिफाजत कर रहे हैं। सिक्योरिटी फोर्सेस अलर्ट पर हैं। पिछले महीने इस्लामाबाद में तालिबान के एक फिदायीन हमलावर को पुलिस ने रेड सिक्योरिटी जोन में रोकने की कोशिश की थी। इसके बाद उसने खुद को उड़ा लिया था। हमले में दो पुलिस अफसर मारे गए थे। इसके बाद पेशावर की पुलिस लाइन्स की मस्जिद में फिदायीन हमला हुआ था और वहां 100 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

**चीन इतना परेशान क्यों** - चीन ने करीब 60 अरब डॉलर पाकिस्तान में सीपीईसी (चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर) पर खर्च करने का प्लान बनाया है। कई साल से यह प्रोजेक्ट चल रहा है और अब तक इस पर करीब 40 अरब डॉलर खर्च भी हो चुके हैं। सीपीईसी का बड़ा हिस्सा बलोचिस्तान प्रांत से गुजरता है। यहां बलोच लिबरेशन फ्रंट की हुकूमत चलती है और यह संगठन पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है। पिछले साल बीएलए ने चीनी इंजीनियरों को दासू डैम प्रोजेक्ट साइट पर ले जा रही बस को उड़ा दिया था। इसमें 9 इंजीनियरों समेत कुल 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद पिछले ही साल कराची यूनिवर्सिटी में चीन की महिला प्रोफेसरों की वैन पर बीएलए की महिला फिदायीन ने हमला किया था। इसमें 6 लोग मारे गए थे। इनमें से 5 चीनी थे। पेशावर और क्वेटा में चीनी अफसरों पर 4 हमले हुए। कुल 7 चीनी मारे गए। चीन की दिक्कत इसलिए बढ़ गई कि पाकिस्तान के सबसे खतरनाक आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी ने बीएलए से हाथ मिला लिया है। अब चीनियों पर खतरा कई गुना बढ़ गया है।

**4 और देशों ने एडवाइजरी जारी की** - चीन के एक अफसर ने नाम न बताने की शर्त पर पिछले महीने कहा था- अगर पाकिस्तान सरकार हमारे नागरिकों को सिक्योरिटी मुहैया नहीं करा सकती, तो हमारे पास भी विकल्प हैं। इसके पहले अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सऊदी अरब ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सलाह देते हुए कहा था- वहां सिक्योरिटी के हालात हर दिन बिगड़ रहे हैं। दिसंबर 2022 के बाद मुल्क में आतंकी हमले 56प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। अब राजधानी इस्लामाबाद में भी हमले शुरू हो चुके हैं। ऐसे में कोई विदेशी यहां क्यों आएगा।

**बलूचिस्तान और बीएलए** - बलूचिस्तान के नागरिक 1947-1948 से ही खुद को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानते। इसके बावजूद किसी तरह वो पाकिस्तान के नक्शे पर मौजूद रहे। उन्हें दोयम दर्जे नागरिक माना जाता रहा। पंजाब, सिंध या खैबर पख्तूनख्वा की तरह उन्हें कभी अपने जायज हक भी नहीं मिले। वक्त गुजरता रहा और इसके साथ ही गुस्सा भी बढ़ता गया।

1975 में तब के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो एक रैली के लिए क्वेटा पहुंचे। यहां एक हैंड ग्रेनेड फटने से मजीद लांगो नाम के युवक की मौत हो गई। दावा किया गया कि यह भुट्टो को मारने आया था। वास्तव में बीएलए की नींव यहीं से पड़ी। मजीद के छोटे भाई का नाम भी मजीद ही था। वो 2011 में पाकिस्तानी फौज के हाथों मारा गया। इसके बाद बीएलए का एक अलग दस्ता तैयार हुआ और इसका नाम मजीद ब्रिगेड पड़ा।

# चीन ने ईरान को समर्थन देने का किया वादा वैश्विक मामलों में चीन ने अमेरिका के प्रभुत्व की आलोचना की



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम के दबाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मंगलवार को यहां दौरे के दौरान उनके देश के लिये अपना समर्थन व्यक्त किया। ईरान के राष्ट्रपति ने ऐसे समय में यह यात्रा की है, जब तेहरान परमाणु हथियारों के विकास को लेकर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच चीन व रूस के साथ अपने रिश्तों को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है। रईसी के साथ शी की बैठक के संबंध में चीन के आधिकारिक बयान में इस बात का कोई संकेत नहीं दिया गया कि क्या उन्होंने यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर चर्चा की।

तेहरान ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सरकार को सैन्य ड्रोन की आपूर्ति की थी। हालांकि उसने स्पष्ट किया था कि इन्हें युद्ध शुरू होने से पहले भेजा गया था। शी ने बीजिंग द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा में रईसी की सरकार के लिए समर्थन व्यक्त किया और वैश्विक मामलों में अमेरिका के खिलाफ जहर उगलते हुए वॉशिंगटन के प्रभुत्व की आलोचना की। रूस के साथ-साथ चीन और ईरान खुद को अमेरिकी शक्ति के प्रतिपक्ष के रूप में पेश करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी ने एक बयान में कहा कि चीन राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा करने में ईरान का समर्थन करता है और एकपक्षवाद और धमकाने का विरोध करता है। चीन सरकार ने घोषणा की कि शी और रईसी ने व्यापार और पर्यटन सहित 20 सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते तेल, उद्योग और अन्य क्षेत्रों के विकास में सहयोग करने के लिए 2021 में हस्ताक्षरित 25 वर्षीय रणनीति समझौते की अगली कड़ी सरीखे हैं। चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार और निवेश का एक स्रोत है।

# तानाशाह किम जोंग का अजीबोगरीब फरमान, बेटी के नाम वाली महिलाएं और लड़कियां अपना नाम बदलें

**नॉर्थ कोरिया।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग उन की बेटी के नाम वाली लड़कियों और महिलाओं को अपना नाम बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। तानाशाह किम जोंग उन की बेटी का नाम जू-एई है। जू एई की उम्र लगभग दस साल बताई जा रही है। अनुमाना लगाया जा रहा है कि यह फरमान उसके रहस्य को रखने के लिए किया जारी किया गया है।



एशिया के दो अज्ञात रिपोर्टर के हवाले से बताया कि यहां की स्थानीय सरकारों ने 'जू-ए' नाम की महिलाओं को उनके जन्म प्रमाण पत्र बदलने के आदेश जारी किए हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि ये नया फरमान उसके रहस्य को बरकरार रखने के लिए किया जा रहा है। बताया कि स्थानीय सरकारों ने जू-ए नाम की महिलाओं के लिए जन्म प्रमाण पत्र बदलने के आदेश जारी किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जोंगजू शहर में सुरक्षा मंत्रालय ने एक दिन पहले जू ऐ नाम के तहत रेजिडेंट रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में पंजीकृत महिलाओं को अपना नाम बदलने के लिए बुलाया था। इसके बाद अधिकारियों ने सभी को एक सप्ताह के अंदर नाम बदलने के निर्देश दिए हैं। तानाशाह किम जोंग इससे पहले भी इस प्रकार का फरमान लागू कर चुके है। उत्तर कोरिया ने लोगों को अपने नेताओं और उनके परिवारों के समान नामों का उपयोग करने पर रोक लगाई थी।

# दो देशों में हुए हादसों में 50 माइग्रेंट्स की मौत: लीबिया में नाव पलटी, 11 की मौत; पनामा में बस खाई में गिरने से 39 मरे

**ट्राइपोलि।** दो देशों में हुए 2 हादसों में 50 माइग्रेंट्स की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लीबिया से यूरोप जा रही एक बोट समुद्र में पलटने से 73 लोगों के मारे जाने की आशंका है। नाव में 80 लोग थे, अब तक 11 शव बरामद हुए हैं। इससे पहले सुबह पश्चिमी पनामा में बस खाई में गिरने से 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हैं।



**पश्चिमी पनामा में बुधवार तड़के माईग्रेंट्स की एक बस खाई में गिर गई, 39 की मौत**

पश्चिमी पनामा में बुधवार तड़के माईग्रेंट्स की एक बस खाई में गिर गई। हादसे में कम से कम 39 प्रवासियों की मौत हो गई और लगभग 20 घायल हो गए। अधिकारियों ने मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता के बारे में अभी कुछ नहीं बताया है। माइग्रेंट्स ने कोलंबिया से डेरेन गैप को पार कर लिया था।

पनामा की सरकार आमतौर पर डेरेन को पार करने वाले प्रवासियों को पनामा के दूसरी तरफ कोस्टा रिका सीमा के पास एक शिविर में ले जाती है। पनामा की राष्ट्रीय आव्रजन सेवा की निदेशक समीरा गोज़ाइन ने कहा कि ऐसा लगता है ड्राइवर ने हाईवे पर जाने के लिए मुड़ने की कोशिश की तो हादसा हो गया।

यूरोप जा रही बोट समुद्र में पलटी, 73 माइग्रेंट्स के मारे जाने की आशंका, 11 शव मिले लीबिया से यूरोप जा रही एक बोट समुद्र में पलट गई। हादसे में 73 माइग्रेंट्स के मारे जाने की आशंका है। लीबिया के अधिकारियों ने अब तक 11 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। नाव में 80 माइग्रेंट्स सवार थे। ये लीबिया की राजधानी त्रिपोली से 80 किलोमीटर दूर कसर अल-खैर गांव से यूरोपीय तटों के लिए रवाना हुए थे। 7 माइग्रेंट्स तैरकर बाहर आ गए। बाकी की तलाश की जा रही है।

## ओसामा का वफादार रहा सैफ अल-आदेल बना अलकायदा चीफ

# अमेरिका ने इस पर रखा था 82 करोड़ का ईनाम, ईरान से ऑपरेट कर रहा

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र संघ की सिक्योरिटी काउंसिल ने सोमवार को रिपोर्ट जारी कर बताया कि ओसामा बिन लादेन का वफादार सैफ अल आदेल अलकायदा का नया चीफ बन गया है। जो अभी ईरान से ऑपरेट कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अयमान अल जवाहिरी की अमेरिका की तरफ से गई स्ट्राइक में मौत के बाद सैफ अल आदेल को अलकायदा का चीफ चुना गया था। हालांकि, अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने से वहां की राजनीति में चल रही उठापटक के चलते अभी अल कायदा इसकी घोषणा करने से बच रहा है।



### अमेरिका ने इस पर रखा था 82 करोड़ का ईनाम

रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान 2021 में सत्ता में आने के बाद इंटरनेशल लेवल पर अपनी स्वीकार्यता को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। जिसके चलते उसने अमेरिका के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया था जिसमें लिखा गया था कि वो अपनी सरजमीं से किसी भी आतंकी संगठन को ऑपरेट नहीं करने देगा।

ऐसे में अगर अल कायदा सैफ अल आदेल को नया चीफ घोषित कर देता है तो इससे तालिबान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चूंकि आदेल पर अमेरिका ने 82 करोड़ का ईनाम रखा था। साथ ही ये तंजानिया और केन्या में अमेरिकी दूतावासों पर हमले की साजिश रच चुका है।

हालांकि कई यएन सदस्यों का मानना है कि आदेल के काफी समय से ईरान में रहने के चलते अलकायदा उसके चीफ बनने पर चुप्पी साधे हुए है। इन सदस्यों का कहना है कि ईरान एक शिया बहुल देश है जिसकी कमान शिया क्लेरिक्स के हाथों में है। जबकि अलकायदा एक सुन्नी आतंकी संगठन है।

### कौन है सैफ अल आदेल

अल कायदा के एक्सप्लोसिव एक्सपर्ट सैफ अल आदेल का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में मिस्त्र में हुआ। माना जाता है कि उसका असली नाम मोहम्मद सलाह अल-दीन जैदान है, लेकिन सैफ अल-आदेल नाम के पीछे एक कहानी है। सैफ अल-आदेल का अर्थ है 'सोर्ड ऑफ जस्टिस' यानी न्याय की तलवार। इसीलिए उसने अपना नाम बदला।

सैफ अल आदेल मिस्त्र की सेना में कर्नल रह चुका है। 1988 में मिस्त्र के राष्ट्रपति अनवर अल सादात की हत्या के बाद वह मिस्त्र छोड़ कर अफगानिस्तान में मुजाहिदीन के साथ सोवियत सेना को बाहर करने में जुट गया था। माना जाता है कि वह यहां से लेबनान गया। खारतूम के खाली खेतों में आतंकियों को विस्फोटक बनाने और इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दी। आदेल अल कायदा के मजलिस-ए-शूरा और मिलिट्री कमेटी का मेंबर है। उसने अफगानिस्तान, सूडान और पाकिस्तान में कई ट्रेनिंग कैंप भी चलाए। सोमालिया के रास कंबोनी में केन्या की सीमा के पास उसने ट्रेनिंग कैंप भी खोला था।

### पाकिस्तान में ट्रेन में धमाका, दो यात्रियों की मौत, चार अन्य घायल

**पेशावर ।** पाकिस्तान में गुरुवार सुबह एक ट्रेन में ब्लास्ट की दिल-दहलाने वाली खबर सामने आई है। बताया गया है कि बलूचिस्तान के क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस में जबरदस्त धमाका हुआ। इसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। थानीय मीडिया के मुताबिक, यह ब्लास्ट तब हुआ जब पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस चिचावतनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह ब्लास्ट तब हुआ जब पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस चिचावतनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। बताया गया है कि धमाका इकोनॉमी क्लास की बोगी नंबर 6 में हुआ। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अभी धमाकों के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। धमाके का यह दूसरा मामला है। पिछले महीने ही इस ट्रेन में ऐसा ही एक ब्लास्ट हुआ था, जिसमें आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

# महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम को धमकी पर भीलवाड़ा में सनातन समाज ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**भीलवाड़ा, (हि.स.)।** भीलवाड़ा के हरी शेवा उदासीन धाम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन को सोशल मीडिया पर मिली धमकी से आक्रोशित भीलवाड़ा के सनातन समाज ने गुरूवार को प्रदर्शन कर कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंप कर धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। देशभर में सिंधी समाज व सनातनी मंदिरों, आश्रम तथा पूजनीय स्थलों से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मान गुरुद्वारों को लौटाने के बाद इस मामले में भीलवाड़ा के हरी शेवा उदासीन धाम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन द्वारा ब्यावर में प्रोग्राम चल रहा था, उसी प्रोग्राम का लाइव फेसबुक पर चल रहा था। महामंडलेश्वर के बयान के बाद उनको सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां मिल रही है। इस मामले को लेकर आज गुरुवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गयी है। समाजसेवी विनोद झुरानी ने बताया कि इस मामले की जानकारी भीलवाड़ा के जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू को दे दी गयी है। इस मामले में लेकर श्री हरी शेवा धाम रिलिजियस एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर महामंडलेश्वर के जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई गई थी। इस पत्र में विस्तार से समूचे प्रकरण की जानकारी देते हुए कहा गया है कि कट्टरपंथी संकीर्ण विचारधारा वाले संगठनों और व्यक्तियों से महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन को जान माल की सुरक्षा को खतरा है। इस पत्र में सोशल




मीडिया में दी गई धमकी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को सौंपे गए गुरु ग्रंथ साहिब से संबंधित समाचार पत्रों की कटिंग और महामंडलेश्वर द्वारा आयोजित की गई सभाओं की जानकारी भी दी गई है। पंकज आडवाणी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज ने राष्ट्रहित कार्यक्रमों में सहभागिता निभाते हुए अपने विचार रखे थे और इंदौर सहित देश के अन्य भागों में अखिल भारतीय सिंधु संत समाज की ओर से आयोजित धर्म सभा को संबोधित किया था। उसके बाद ही सोशल मीडिया पर यह धमकियां मिलना प्रारंभ हुई है, जिला पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र के उपरांत भीलवाड़ा की पुलिस हरी शेवा आश्रम सनातन पहुंचकर महामंडलेश्वर से इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर ली गयी थी। ज्ञापन देने वालों में सनातन सेवा समिति भीलवाड़ा, सर्व सिंधी समाज महासभा भीलवाड़ा, सिंधु सेना भीलवाड़ा, सिंधी सेंट्रल पंचायत (रजि.), सिंधी युवा शक्ति समिति, पूज्य झूलेलाल नवयुवक सेवा संस्थान (रजि.), शास्त्रीनगर सिंधी सेवा समिति (रजि.), झूलेलाल मंदिर मंडल सिंधुनगर भीलवाड़ा (रजि.), जय माँ इच्छापूर्णी महाकाली, दुर्गा माता मंदिर, श्री मसानिया भैरुनाथ विकास समिति, भीलवाड़ा (राज.), श्री नगर माहेश्वरी सभा, राजपूत विकास परिषद (संस्थान), डबल विकेट क्रिकेट एसोसिएशन राजस्थान, राष्ट्रीय मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण ब्यूरो, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेन्टर, पूज्य झूलेलाल मंदिर सेवा समिति (रजि.), बापूनगर के पदाधिकारीगण एवं समस्त सनातन समाज उपस्थित रहे।

## अलवर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में रोये बुजुर्ग परिवादी तो कलेक्टर ने तुरंत समस्या निस्तारण के दिए निर्देश



**अलवर, (हि.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने गुरुवार को जिला परिषद के सभागार में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे। आलम यह था कि जिला परिषद के मुख्य गेट से लेकर सीढ़ियां होते हुए सभागार कक्ष के बाहर तक लंबी परिवादियों की लाइन लगी रही। जिला कलेक्टर ने परिवादियों से एक-एक कर उनकी परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान नल, बिजली, सफाई, पट्टे, पुलिस, अवैध कब्जा, निर्माण, बिल्डरों के खिलाफ सहित अनेक प्रकार की परिवेदनाएं लेकर परिवादी कलेक्टर के पास पहुंचे थे। जिन्हें सुनकर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए तुरंत प्रभाव से उनके कार्य करने के निर्देश दिए। जो काम मौके पर हो सकते थे उन्हें मौके पर ही करने के आदेश दिए। जनसुनवाई में दिल्ली रोड स्थित राज भट्टा निवासी 65 वर्षीय प्रभु दयाल और उनकी भाभी मिश्री देवी भी पहुंची। यह पट्टे की समस्या को लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे थे। जिनसे कलेक्टर ने पूछा कि पेंशन मिल रही है क्या, इस पर प्रभु दयाल ने मना कर दिया तो तुरंत अधिकारियों को निर्देश देकर उनकी पेंशन बनवाने और उन्हें चलने के लिए एक स्टिक देने के आदेश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला परिषद सीओ रेखा रानी व्यास, सहायक कलेक्टर रिया डाबी, एडीएम प्रथम उत्तम सिंह शेखावत, सीओ हरिसिंह धायल, आबकारी अधिकारी ओपी सहारण, एसडीएम सोहन सिंह नरूका, यूआ-ईटी सचिव जितेंद्र नरूका सहित जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जिला कलेक्टर के पास अपनी समस्यायें लेकर पहुंचे कई बुजुर्ग अपनी समस्याओं को रखते हुए कलेक्टर के सामने रोने लग गए। इस पर कलेक्टर ने उन्हें चुप कराते हुए उनके कार्यों को प्राथमिकता से करने के अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए।

## बहरोड़ विधायक ने विभिन्न मांगों को लेकर अब जैसलमेर में लगाई दौड़, फिर जोधपुर का है कार्यक्रम



**अलवर, (हि.स.)।** बहरोड़ से निर्दलीय विधायक बलजीत यादव ने विभिन्न मांगों को लेकर जैसलमेर के पोकरण में सुबह दौड़ लगाई। दोपहर बाद जैसलमेर के गांधी दर्शन से लेकर कलेक्ट्रेट तक दौड़ लगाई। इससे पहले प्रदेश में बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए जयपुर के सेंट्रल पार्क में दौड लगा चुके हैं विधायक यादव ने बाबा रामदेव मंदिर में सुबह धोक लगाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ साथी कार्यकताओं के साथ दौड़ लगाई। उन्होंने पोकरण में सूर्योदय के साथ ही दौड़ शुरू कर दी थी। इस दौरान विधायक ने विरोध स्वरूप काले कपड़े पहने रखे हैं। विधायक ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में प्रण लिया है कि जब तक युवाओं, किसानों के मुद्दे पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा लेती और समस्याओं का समाधान नहीं कर देती, तब तक मैं राजस्थान के 200 विधानसभाओं क्षेत्रों में इसी तरह सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक दौड़ लगाऊंगा। उन्होंने यहां पर अपनी 15 सूत्रीय मांग भी रखी। विधायक ने कहा कि पेपर लीक रुके, पांच लाख भर्तियां हो, सरकारी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी हो, चुनाव के वक्त की गई घोषणा पूरी हो, सरकारी स्कूलों की दशा सुधरे, स्मार्ट क्लास बने। जब मैं निर्दलीय विधायक होकर मेरे विधानसभा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर रहा हूं तो राजस्थान सरकार क्यों नहीं कर सकती। इस दौरान उनके साथ पोकरण प्रधान भगवत सिंह, रामदेवरा सरपंच समंदर सिंह, ऑटो यूनियन अध्यक्ष गोविंद सिंह, करणी सेना अध्यक्ष शान सिंह, सुजान सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

**कल जोधपुर रहेगा दौड़ का कार्यक्रम** - आज जैसलमेर की दो विधानसभा क्षेत्रों में दौड़ने के बाद शुक्रवार को विधायक बलजीत यादव जोधपुर में दौड़ेंगे। यहां फलोदी, ओसिया, लोहावट, सरदारपुरा आदि विधानसभाओं में दौड़ लगाने का कार्यक्रम है। इसके बाद अगला कार्यक्रम बाड़मेर जिले में होगा।

## स्टार्ट अप फंड से सभी आवेदकों को वित्तीय सहायता दी गई : कल्ला

**जयपुर (ईएमएस)।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने विधानसभा में विधायक कैलाश मेघवाल के मूल प्रश्न के उत्तर में कहा कि स्टार्ट अप्स को प्रोत्साहन देने के लिए बनाए गए राजीव फंड के तहत भीलवाड़ा में 2 ही स्टार्ट अप्स द्वारा आवेदन किया गया है तथा दोनों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो चुकी है। कल्ला ने कहा कि राजीव फंड के तहत वर्ष 2020-21 में 291 लाख रुपए व्यय किए गए। वर्ष 2021-22 में 26 करोड़ 18 लाख रूपए व्यय कर 171 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 5 करोड़ 80 लाख रूपए व्यय कर 56 व्यक्तियों को योजना का लाभ दिया गया। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में इस फंड के तहत आईस्टार्ट पोर्टल पर 21 स्टार्टअप्स द्वारा पंजीकरण कराया गया, जिनमें से केवल 2 ने ही वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया, जिनको वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन के लिए एक समिति बनी हुई है जो रेंटिग के बाद आवेदन का वित्तीय सहायता के लिए अनुमोदन करती है। प्रदेश में स्टार्टअप्स के प्रोत्साहन हेतु राजीव फण्ड की स्थापना की गई है, यह एक समेकित फण्ड है, जिसके द्वारा प्रदेश के स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला भीलवाडा से आईस्टार्ट पोर्टल पर अब तक 21 स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं, जिनमें से 2 स्टार्टअप्स द्वारा वित्तीय सहायता हेतु आवेदन किया गया है। इन 2 स्टार्टअप्स को 6 लाख 20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता विभाग द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में भीलवाड़ा के प्रेपयंग वेन्चर प्राइवेट लिमिटेड को 21 अगस्त 2021 को 5 लाख रुपए विपणन सहायता के तौर पर दिए गए। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 भीलवाड़ा के एक्सपोंशियल पावर प्राइवेट लिमिटेड को निर्वहन भत्ते के रूप में 25 मई 2022 को एक लाख 20 हजार देय है। इस स्टार्टअप्स को 80,000 रुपए अब तक दिए गए तथा दिसम्बर एवं जनवरी की 20,000 रुपए की किस्त प्रक्रियाधीन है।

## आम आदमी पार्टी को लगा बड़ा झटका, हर्ष देव सिंह ने छोड़ी पार्टी




**जम्मू, (हि.स.)।** पंजाब की तर्ज पर जम्मू व कश्मीर में भी अपनी सरकार बनाने के लिए दावे करने वाली आम आदमी पार्टी को गुरूवार को उस समय एक बड़ा झटका लगा जब इस्के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री हर्ष देव सिंह ने पार्टी के चेयरमैन पद से इस्तीफा देने के साथ ही अपनी प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखे एक पत्र में हर्ष देव सिंह ने पार्टी नेतृत्व को सूचित कर दिया है। इसमें कहा गया है कि वह पार्टी के जम्मू-कश्मीर के चेयरमैन के पद के साथ-साथ आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कुछ व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए कहा है कि वह अब आम आदमी पार्टी में नहीं रह सकते और इसलिए इसे तत्काल प्रभाव से छोड़ रहा हूं। उन्होंने कहा है कि इस पत्र को पार्टी के जम्मू-कश्मीर के चेयरमैन के पद के साथ-साथ आम आदमी पार्टी (आप) की प्राथमिक सदस्यता से मेरा इस्तीफा माना जाए। बताते चलें कि हर्ष देव सिंह पूर्व शिक्षा मंत्री होने के साथ ही एक फायरब्रांड नेता भी हैं।

उनके आम आदमी पार्टी से नाता तोड़ने से निश्चित रूप से पार्टी को गहरा आघात पहुंचा है जबकि इस समय जम्मू व कश्मीर में सभी राजनीतिक दल विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए कमर कस रहे हैं। वह पैंथर्स पार्टी से नाता तोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे।

## जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना



**जम्मू, (हि.स.)।** कुछ दिन तेज धूप निकलने तथा दिन में जम्मू संभाग में गर्मी का एहसास होने के बाद गुरूवार को मौसम एक बार फिर खराब होना शुरू हो गया है। आसमान पर आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीच-बीच में धूप भी निकल रही है। मौसम विभाग ने भी जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ शुष्क मौसम जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान शुष्क मौसम के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। इसी बीच श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1.3, पहलगाम में शून्य से नीचे 1.9 और गुलमर्ग में शून्य से नीचे 2 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू में 11.2, कटरा में 12, बटोत में 8.2, बनिहाल में 4 और भद्रवाह में 4.6 न्यूनतम तापमान रहा। लद्दाख के द्रास कस्बे में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 10.9, कारगिल में शून्य से नीचे 10.8 और लेह में शून्य से नीचे 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## तंगधार में घुसपैठ की कोशिश में एक आतंकी ढेर, हथियार और गोला बारूद बरामद



**कुपवाड़ा, (हि.स.)।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार में बुधवार देर रात सेना ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकी को मार गिराया। गुरुवार सुबह शुरू किए गए सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकी के शव के साथ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार देर रात को तंगधार सेक्टर के अग्रिम इलाके में घुसपैठ रोधी ग्रिड में तैनात सतर्क सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास तीन आतंकवादियों की हलचल देखी। जब आतंकी बाड़ के नजदीक पहुंचे तो सेना के जवानों ने उन्हें चेतावनी दी, जिस पर आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना के जवानों ने भी तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की। गोलीबारी के दौरान एक आतंकी ढेर हो गया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल आतंकी तीसरे आतंकवादी के साथ अंधेरे में भाग गया। रक्षा प्रवक्ता के अनुसार गुरुवार सुबह सेना ने जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया तो उस दौरान एक आतंकी का शव, एक एके राइफल, एक हल्का स्वचालित हथियार, छह मैगजीन, दो ग्रेनेड और काफी मात्रा में युद्ध जैसी सामग्री बरामद हुई। दरअसल, नियंत्रण रेखा पर लगातार घुसपैठ की कोशिशें कश्मीर घाटी में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति और सद्भाव को बाधित करने के पाकिस्तान के प्रयासों का एक हिस्सा है।

## डीजीपी ने कहा- पंजाब में नशा व अपराधों की सप्लाई चेन को तोड़ा जाएगा

**जालंधर (ईएमएस)।** पंजाब में नशों तथा अपराधों की सप्लाई चेन को तोड़ा जाएगा, इसके लिए पंजाब पुलिस ने कठोर कदम उठाए हैं जिस कारण रोज ही नशा तस्करों के संभावित ठिकानों पर पुलिस छापे मार रही है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि सीएम मान के पंजाब को नशामुक्त बनाने के सपने को पूरा करने के लिए पुलिस लगातार कोशिश कर रही है और इसके अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के अलग-अलग स्थानों में रोजाना ही पुलिस द्वारा नशा तस्करों के ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने जिस तरह से नशा तस्करों के ऊपर दबाव बनाया हुआ है उसके सकारात्मक नतीजे जल्द ही जनता के सामने होंगे। पंजाब पुलिस के दबाव से नशा तस्करों में अफरा-तफरी मची हुई है। डीजीपी ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वप्न को पूरा करने के लिए जरूरी है कि समाज का सहयोग भी पंजाब पुलिस को लगातार मिले। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और सभी पुलिस कमिश्नरों व एसएसपीज को निर्देश दिए गए हैं कि वे जनता के साथ निकट के संबंध बनाकर चलें क्योंकि जनता से जो महत्वपूर्ण जानकारियां पंजाब पुलिस व अधिकारियों को मिलेगी उससे इन नशा तस्करों का सफाया करने में मदद मिलेगी।

## उबलते पानी में गिरा डेढ़ साल का बच्चा, अस्पताल में मौत!



**खन्ना(ईएमएस)।** खन्ना के गांव रोसियाना में एक डेढ़ साल का बच्चा उबलते पानी की बाल्टी में गिर गया। मृतक बच्चे की पहचान मनवीर सिंह के तौर पर हुई है। मनवीर सिंह को नहलाने के लिए उसकी मां ने इलैट्रिक रॉड से बाल्टी में पानी गर्म किया और रॉड को कमरे में रखने लिए चली गई। इसके बाद बाल्टी पकड़कर खड़ा मनवीर बाल्टी में गिर गया जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई। झुलसे मनवीर को पहले मलेरकोटला के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया वहां से उसे राजिंदरा अस्पताल पटियाला रैफर किया, यहां भी मनवीर की हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया गया। पीजीआई में इलाज के दौरान मनवीर की मौत हो गई। इसकी मामले जब पुलिस चौकी सिआड़ के इंचार्ज व आईओ तरविंदर कुमार बेदी से बातचीत की गई तो उन्होंने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बच्चे की मौत संबंधी अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी। जिसके कारण पुलिस मौके पर पहुंची। कानूनी तौर पर जब तक बच्चा पूरी तरह से दांत नहीं निकाल लेता तब तक उसका पोस्टमार्टम नहीं हो सकता। इसीसे पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के बच्चे का शव वारिसों को सौंप दिया है।

## गुरुग्राम की सड़कों पर वाहनों, पैदल यात्रियों की सहूलियत के लिए लगेंगे साईन बोर्ड



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़कों में सुधार के लिए विभिन्न सड़क सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटनाग्रस्त संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए उनमें जो भी आवश्यक कार्यवाही एवं कार्य किए जाने हैं, वह समय से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला की सभी सड़कों पर वाहनों व पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए निर्धारित स्थानों पर साईन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। एडीसी ने यह भी निर्देश दिए कि सड़क किनारे किसी भी प्रकार से कोई अतिक्रमण न हो एवं अनावश्यक वाहन खड़े न हों। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर जरूरत के स्थानों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था करने सहित शहर की सड़कों पर भीड़ कम करने के लिए नो पार्किंग जोन और सड़कों के किनारे पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया। एडीसी ने अधिकारियों से कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के अंतर्गत शामिल एजेंडों के कार्यों को सभी अधिकारी समय सीमा के अंदर पूरा करे, इस विषय में किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

बैठक में अधिकारी आए तो पूरी तैयारी के साथ आए और किए गए कार्यों की रिपोर्ट भी साथ लेकर आए। बैठक में जिला के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चर्चा करते हुए बताया गया कि नरसिंहपुर कट पर मौजूदा दोनों एफओबी के बीच एक नया एफओबी जीएमडीए द्वारा बनवाया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही बिड्स आमंत्रित किए जाएंगे। वहीं शंकर चौक पर डीएलएफ द्वारा बनवाए जा रहे अंडरपास के डिजाइन को मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही यहां निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसी प्रकार तावडू रोड पर सड़कों पर मौजूद पोटहोल्स को भरने का काम पूरा हो चुका है। बैठक में अन्य स्थानों जैसे पंचगांव चौक, पटौदी रोड, वैली व्यू कट, बिलासपुर चौक, सोहना बस स्टैंड, दमदमा लेक कट, रामपुरा फ्लाईओवर, हीरो होंडा चौक, हीरो होंडा चौक से बसई रोड, राजीव चौक, सिकंदरपुर चौक सहित ओल्ड गुरुग्राम की सड़कों में आवश्यक सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## हरियाणा ओपन की परीक्षाओं में बैठेंगे 73 हजार 240 परीक्षार्थी, एडमिट कार्ड जारी

**भिवानी, (हि.स.)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओपन परीक्षाओं के लिए 105 परीक्षा केंद्र प्रदेश के 22 जिलों के जिला मुख्यालयों पर बनाए गए हैं। हरियाणा ओपन की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव ने यहां बताया कि 27 फरवरी से 25 मार्च तक चलने वाली हरियाणा ओपन की परीक्षाओं में 73 हजार 240 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जिनके एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीएसईएच डॉट ओआरजी डॉट इन से डाऊनलोड कर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र का प्रयोग परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राएं प्रयोग करेंगे। बोर्ड चेयरमैन डॉ. यादव ने कहा कि हरियाणा ओपन की 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में 105 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षाओं का समय दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से तीन बजकर 30 मिनट तक रखा गया है। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रेगुलर व ओपन के मिलाकर कुल 1450 सैंटर बनाए गए है, जिनमें से एक हजार से अधिक सैंटर सरकारी स्कूलों में बनाए गए है, जबकि 450 के करीबन सैंटर प्राइवेट स्कूलों में बनाए गए है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में मुख्य केंद्र अधीक्षक के अलावा कोई भी व्यक्ति या परीक्षार्थी प्रवेश नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के नकल रहित संचालन के लिए सीसीटीवी लगाए गए है। इसके अलावा प्रश्न पत्र के हर पेज पर यूनिक क्यूआर कोड अंकित किया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति प्रश्न पत्र लीक करने की चेष्टा करता है तो उसको ट्रैस कर यूनिक क्यूआर कोड के माध्यम से पकड़ा जा सकें।

## हमारी सरकार ने हर महापुरुष को दिया है सम्मान: सुधीर सिंगला

**-सीआरपीएफ चौक का नाम परशुराम चौक करने की मांग पर विधायक को सौंपा ज्ञापन**

**-ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन**



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन ने ज्ञापन देकर मांग की है कि श्रीमाता शीतला देवी मंदिर रोड पर पुराना सीआरपीएफ चौक का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा जाए। विधायक ने उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। ब्राह्मण वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि शक्तिपीठ श्रीमाता शीतला मंदिर पर हजारों लोग आते हैं। इस रोड पर काफी साल पहले सीआरपीएफ का बेस कैंप होता था। वर्तमान में वह समाप्त हो गया है। लेकिन अभी भी यह चौक सीआरपीफ चौक के नाम से जाना जाता है। ब्राह्मण समाज की मांग है कि इस चौक का नाम सीआरपीएफ से बदलकर भगवान परशुराम चौक किया जाए। यह लाखों लोगों की श्रद्धा है। इस चौक पर बोर्ड आदि लगाने का जो भी खर्च आएगा, वह संस्था उठाने को तैयार है। विधायक सुधीर सिंगला ने संस्था को आश्वस्त किया कि भगवान परशुराम चौक का नामकरण के लिए जल्द ही निर्णय लेकर इस काम को सिरे चढ़ाया जाएगा। इस बारे में नगर निगम आयुक्त से सिफारिश की जाएगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारी सरकार ने महापुरुषों को उचित सम्मान दिया है। हर महापुरुष की जयंती सरकार स्तर पर मनाई जा रही है। ऐसा करके हर वर्ग को सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में पहले भी कई चौराहों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं। भगवान परशुराम के नाम पर भी चौक का नामकरण करने के लिए सकारात्मक काम होगा। किसी भी चौक-चौराहे के नामकरण के लिए सदन की बैठक में प्रस्ताव पारित किया जाता है। फिलहाल सदन का कार्यकाल पूरा हो चुका है, इसलिए यह कार्य नगर निगम आयुक्त के स्तर पर होगा। मांग पत्र देने वालों में ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व कल्याण सिंह शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, एडवोकेट महेश शर्मा, अनिल वशिष्ठ, संजय शर्मा, संतोष शर्मा, डा. संदीप कटारिया, कमलजीत कटारिया समेत कई मौजिज लोग शामिल रहे।



# पाकिस्तान में पेट्रोल रिकॉर्ड 272 रुपए लीटर: पिछले एक महीने में पेट्रोल 58 रुपए तो डीजल 53 रुपए महंगा; वजह आईएमएफ की एक शर्त

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। सरकार ने गुरुवार से पेट्रोल में 22 तो डीजल में 17 रुपए की बढ़ोतरी की है। एक लीटर पेट्रोल अब 272 रुपए का तो एक लीटर डीजल 280 रुपए का हो गया है। इस तरह पिछले एक महीने में पेट्रोल 58 रुपए और डीजल 53 महंगा हुआ। 16 जनवरी को पेट्रोल की कीमत 214.80 रुपए तो डीजल की कीमत 227.80 रुपए थी। पाकिस्तान के फाइनेंस डिवीजन ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की वजह पाकिस्तानी करेंसी (रुपए) में आई गिरावट को बताया है। इस समय पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा का भारी संकट है। इससे आयात और निर्यात पर असर पड़ रहा है। महंगाई बढ़ रही है। आईएमएफ कर्ज नहीं दे रहा है। आईएमएफ ने कर्ज के लिए सख्त शर्तें रखी हैं। इनमें डीजल और पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी भी शामिल है। पाकिस्तान की शाहबाज सरकार ने पिछले हफ्ते ऐलान किया था कि सरकार आईएमएफ बेलआउट पैकेज को अनलॉक करने के लिए चार महीनों में 170 बिलियन पाकिस्तानी रुपए जुटाने के लिए एक मिनी-बजट पेश करेगी। इसी के चलते पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली में 15 फरवरी को एक बजट पेश किया। इसके तहत कई तरह के टैक्स में बढ़ोतरी की गई है। जिसका सारा भार महंगाई और भुखमरी की कगार पर पहुंच चुकी पाकिस्तान की जनता को उठाना होगा। पाकिस्तान में केवल पेट्रोल ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाला केरोसिन, लाइट डीजल और हाई स्पीड डीजल के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। इससे देश में महंगाई और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। मूडी एनालिटिक्स के सीनियर इकोनॉमिस्ट कैटरिना एल के मुताबिक, इससे 2023 की पहली छमाही (जून तक) में पाकिस्तान में महंगाई दर बढ़कर 33प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश की इकोनॉमी को वापस ट्रैक पर लाने के लिए आईएमएफ का लोन भी काफी नहीं रहेगा। लग्जरी आइटम्स पर जीएसटी 17प्रतिशत से बढ़ाकर 25प्रतिशत व्यापार और प्रथम श्रेणी के हवाई टिकटों पर टैक्स को बढ़ाकर रु. 20,000 या 50प्रतिशत कर दिया जाएगा। मैरिज हॉल पर 10प्रतिशत एडवांस इनकम टैक्स। स्टैंडर्ड जीएसटी 17प्रतिशत से बढ़ाकर 18प्रतिशत किया जाएगा। आईएमएफ की टीम 31 जनवरी से 9 फरवरी तक पाकिस्तान में थी। इस दौरान दोनों पार्टियों के बीच लोन को लेकर करीब 10 दिनों तक बातचीत चली। इसके बावजूद पाकिस्तान बेलआउट पैकेज को लेकर आईएमएफ के साथ कोई डील फाइनल नहीं कर पाया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ईको-फ्रेंडली कपड़ों के लिए लोग 40प्रतिशत ज्यादा खर्चने को तैयार: इनकी मैन्युफैक्चरिंग से कम फैलता है प्रदूषण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सस्टेनेबल मटेरियल से बनी जैकेट हाल में चर्चा में थी। देश में



आम उपभोक्ताओं के बीच भी इस तरह के ईको फ्रेंडली कपड़ों की मांग बढ़ रही है। हालांकि दाम ज्यादा होने के चलते अभी चुनिंदा लोग ही ऐसे कपड़े इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म बेन एंड कंपनी के मुताबिक, ऐसे कपड़ों के लिए लोग 40प्रतिशत तक ज्यादा खर्च करने के लिए तैयार हैं। दरअसल कपड़ा उद्योग दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों में शुमार है। इसे देखते हुए स्पोर्ट्स और फैशन वियर इंडस्ट्री ने खासतौर पर इको फ्रेंडली क्लोदिंग पर फोकस किया है। ईको फ्रेंडली कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग में कम से कम प्रदूषण फैलता है। इनमें कुदरती फाइबर और रिसाइकल मटेरियल से बने कपड़े शामिल हैं। देश का कपड़ा उद्योग भी कार्बन फुटप्रिंट घटाने और मैन्युफैक्चरिंग में कम से कम प्रदूषण करने की कोशिश कर रहा है। 79प्रतिशत उपभोक्ता सामाजिक जिम्मेदारी के चलते खरीदारी की प्राथमिकताएं बदल रहे हैं 60प्रतिशत लोग मानते हैं कि सीमित प्राकृतिक संसाधनों को लेकर ज्यादा सावधानी बरतेंगे 52प्रतिशत शहरी उपभोक्ता अगले तीन वर्षों में इको-फ्रेंडली ब्रांड्स पर खर्च बढ़ने की उम्मीद रखते हैं 60प्रतिशत उपभोक्ता इको-फ्रेंडली प्रोडक्ट्स के लिए प्रीमियम कीमत चुकाने को तैयार हैं स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए सुरक्षित ये कपड़े केमिकल रहित होते हैं एक मशहूर अपैरल ब्रांड की सीईओ पल्लवी उटागी के मुताबिक, ऑर्गेनिक मटेरियल का इस्तेमाल और निर्माण प्रक्रिया में पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान पहुंचाने के चलते इनकी लागत सामान्य कपड़ों से ज्यादा होती है। लेकिन ऐसे केमिकल रहित कपड़े पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होते हैं। बेन एंड कंपनी की एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के करीब 60प्रतिशत उपभोक्ता इको फ्रेंडली कपड़ों के लिए ज्यादा दाम चुकाने को तैयार हैं।

### बाइडन ने अपनी राष्ट्रीय आर्थिक टीम का पुनर्गठन किया, भारतीय मूल के भरत राममूर्ति भी शामिल

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में अपनी राष्ट्रीय आर्थिक टीम का



पुनर्गठन किया है हालांकि उन्होंने टीम में भारतीय-अमेरिकी भरत राममूर्ति को बनाए रखा है जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के पहले दिन से उनके साथ हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि लिल ब्रेनार्ड अब राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की निदेशक होंगी और जैरेड बर्नस्टीन को आर्थिक सलाहकार परिषद का अध्यक्ष नामित किया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि राममूर्ति राष्ट्रीय आर्थिक परिषद में उप निदेशक के पद पर बने रहेंगे जो यह दर्शाता है कि राष्ट्रपति ने उन्हें अपनी अहम टीम का हिस्सा बनाए रखा है। बाइडन ने हीथर बौशी को अमेरिका कैबिनेट में निवेश की मुख्य अर्थशास्त्री के तौर पर नामित किया है जो वर्तमान में आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य के तौर पर कार्यरत हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ने वर्तमान में श्रम विभाग राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की उप निदेशक जोएला गैंबल को भी नामित किया है। बाइडन ने एक बयान में कहा, ''भरत, हीथर, जोएला और व्हाइट हाउस आर्थिक टीम के अन्य अहम सदस्य, लिल एवं जैरेड भविष्य में एक मजबूत, समावेशी और अधिक लचीली अर्थव्यवस्था के निर्माण के कार्य में गंभीरता लाने के उद्देश्य में मदद करेंगे।

### सरकार ने क्रूड ऑयल, एटीएफ और डीजल पर विंडफॉल टैक्स घटाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को देश में उत्पादित क्रूड ऑयल, डीजल और एविएशन टर्बाइन



फ्यूल के निर्यात पर लगाने वाला विंडफॉल टैक्स घटा दिया है। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में नरमी के कारण लिया गया है। सरकारी आदेश के मुताबिक ऑयल और नेचुरल गैस कॉरपोरेशन जैसी कंपनियों की ओर से उत्पादित क्रूड ऑयल पर लगने वाला टैक्स 5050 रुपये प्रति टन से घटाकर 4350 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। डीजल पर लगने वाले टैक्स को 7.5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोल पर पहले की तरह कोई अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी देय नहीं होगा। टैक्स की नई दरें 16 फरवरी से लागू होंगी। बता दें कि क्रूड ऑयल की समुद्र की सतहों से निकाला जाता है और उसे रिफाइन कर पेट्रोल, डीजल और एटीएफ जैसे ईंधन बनाए जाते हैं।

# भारत का व्यापार घाटा 12 महीने के निचले स्तर पर, निर्यात-आयात में लगातार दूसरे माह गिरावट

**नई दिल्ली।**
देश के निर्यात और आयात में जनवरी, 2023 में लगातार दूसरे महीने गिरावट रही। इस दौरान व्यापार घाटा भी कम होकर 12 महीने के निचले स्तर 17.75 अरब डॉलर पर आ गया। जनवरी, 2022 में यह आंकड़ा 17.42 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, वैश्विक मांग में नरमी से निर्यात जनवरी में 6.58 फीसदी घटकर 32.91 अरब डॉलर रह गया। जनवरी, 2022 में देश से 35.23 अरब डॉलर की वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात हुआ था। आयात भी 3.63 फीसदी घटकर 50.66 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले दिसंबर, 2022 में निर्यात 12.2 फीसदी घटकर 34.48 अरब डॉलर रहा था।



**अप्रैल-जनवरी में 8.51 फीसदी बढ़ा निर्यात** - 2022-23 के शुरुआती 10 महीने यानी अप्रैल-जनवरी अवधि में देश का कुल वस्तु निर्यात 8.51 फीसदी बढ़कर 369.25 अरब डॉलर पहुंच गया। आयात भी 21.89 फीसदी की उच्च वृद्धि के साथ 602.20 अरब डॉलर पहुंच गया। इस अवधि में 233 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। इस दौरान पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, चावल, बने कपड़े और रसायन के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि रही।

**रूस से आयात 384 फीसदी बढ़कर 37 अरब डॉलर** - रूस से देश का आयात अप्रैल से जनवरी के दौरान 384 फीसदी बढ़कर 37.31 अरब डॉलर हो गया है। इसमें कच्चे तेल का योगदान सर्वाधिक रहा है। 2021-22 में रूस भारत का 18वां सबसे बड़ा आयातक भागीदार देश था। उस समय 9.86 अरब डॉलर का आयात हुआ था। अब यह पांचवां सबसे बड़ा आयातक देश है। चीन-अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रूड आयातक है। चीन से आयात 9प्रतिशत बढ़कर 83.76 अरब डॉलर हो गया है। संयुक्त अरब अमीरात से 23.53 फीसदी व अमेरिका से 25 फीसदी बढ़ा है।भारत से निर्यात में अमेरिका पहले स्थान पर है।

**खुले बाजार में बिक्री से गेहूं की थोक व खुदरा कीमतें 5प्रतिशत घटीं** - केंद्र के खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचने के फैसले के बाद थोक और खुदरा बाजारों में गेहूं की कीमतों में करीब पांच रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा, सरकार गेहूं और आटे (गेहूं का आटा) की कीमतों पर बारीकी से नजर रख रही है। दरों को कम करने के लिए अगर जरूरी हुआ तो और कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा, सरकार गेहूं निर्यात पर पिछले साल मईसे लगे प्रतिबंध को हटाने के किसी भी प्रस्ताव पर अभी विचार नहीं कर रही है। सचिव ने कहा कि जनवरी में मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) की घोषणा के बाद से गेहूं की कीमतें नीचे आ गई हैं। थोक मूल्य 3,000 रुपये से गिरकर 2,500 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया है। खुदरा बाजार में भी कीमतें 3,300-3,400 रुपये से घटकर 2,800-2,900 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई हैं।

**वेदांता ने कर्ज को 16 हजार करोड़ घटाया** - नई दिल्ली। वेदांता ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष में 16 हजार करोड़ रुपये (2 अरब डॉलर) की कमी की है। कंपनी पर कुल शुद्ध कर्ज मार्च, 2022 में 9.66 अरब डॉलर था। इस समय यह 7.7 अरब डॉलर है। इसमें तीन अरब डॉलर अगले वित्त वर्ष में चुकाना है।

**रुपये में विदेशी कारोबार करने के लिए 20 बैंकों ने खोले विशेष खाते** - एचडीएफसी बैंक और यूको बैंक समेत 20 बैंकों ने रुपये में विदेशी कारोबार को मुमकिन बनाने के लिए विशेष वोस्ट्रो खाते खोले हैं।साथ ही, कई और देश इस व्यवस्था में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के प्रमुख संतोष कुमार सारंगी ने बुधवार को कहा कि रुपये में विदेशी लेनदेन को प्रोत्साहन देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय बैंकों के संपर्क में है। इसके अलावा, वित्तीय सेवाओं का विभाग और निर्यातक भी मंत्रालय के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, सभी प्रमुख बैंकों ने इन खातों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए निर्यातकों के साथ अपने नोडल अधिकारियों की सूची भी साझा की है। उन्होंने कहा कि रुपये में विदेशी कारोबार की शुरुआत एक नई व्यवस्था है। लिहाजा, कुछ शुरुआती समस्याएं होना लाजिमी है, लेकिन इसे गति देने के लिए बैंकों, रिजर्व बैंक एवं निर्यातकों से लगातार संपर्क बनाए रखा गया है।

**बीएसएनएल में विलय करने के लिए डिलिस्ट होगी एमटीएनएल** - भारत संचार निगम लि (बीएसएनएल) में विलय के लिए सरकार महानगर टेलीफोन निगम लि (एमटीएनएल) को शेयर बाजारों से डिलिस्ट करा सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि हम इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। अगले साल तक विलय को पूरा कर लिया जाएगा। उससे पहले एमटीएनएल को डिलिस्ट कराना होगा। एमटीएनएल केवल मुंबई और दिल्ली में सेवा दे रही है। अधिकारी ने बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवा लॉन्च के लिए तैयार है।

**दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता के मानक सख्त करे ट्राई** - दूरसंचार विभाग ने कॉल ड्रॉप पर रोक लगाने और कॉल की गुणवत्ता सुधारने के लिए ट्राई से सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी मानक सख्त करने को कहा है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को फोन कॉल की गुणवत्ता को लेकर आ रही शिकायतें दूर करने के लिए मानक सख्त करने को कहा गया है।

# इंडिगो के शेयरों में ब्लॉक डील की खबरों के बाद फिसले भाव, कीमतें 4प्रतिशत घटीं




**नई दिल्ली।**
**नागरिक विमानन सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो की पैतृक कंपनी इंटर ग्लोब एविएशन लिमिटेड के शेयरों में चार प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। इंडिगो के शेयरों में यह गिरावट कंपनी के सहसंस्थापक राकेश गंगवाल की पत्नी शोभा गंगवाल की ओर से एक ब्लॉक डील के जरिए चार प्रतिशत शेयरों की बिकवाली करने की खबरों के बाद आई है।**

इन खबरों के बाद कंपनी के स्टॉक्स 4.48प्रतिशत प्रतिशत फिसलकर 1897 रुपये प्रति शेयर हो गए हैं। इससे पिछले कारोबारी सेशन में कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 1912.05 रुपये के भाव पर बंद हुए थे। विमानन कंपनी का कुल मार्केट कैप 73,346 करोड़ रुपये है।

गंगवाल परिवार की ओर से विमानन कंपनी के शेयरों में यह दूसरी बड़ी बिक्री होगी। इससे पहले पिछले वर्ष सितंबर में भी गंगवाल परिवार की ओर से इंटर ग्लोब एविएशन में 250 मिलियन डॉलर की 2.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेची गई थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार इंडिगो के 1.56 करोड़ शेयर बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। शोभा गंगवाल की ओर से बिक्री के लिए जारी किए गए शेयरों की कीमत 1875 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। इस तरह खरीदारों को बुधवार के इंटर ग्लोब के बाजार भाव पर 5.6 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ब्लॉक डील के बाद 150 दिनों का लॉकअप पीरियड होगा। शेयरों की बिक्री के बाद गंगवाल परिवार को 353 मिलियन डॉलर यानी 2,930 करोड़ रुपये हासिल होंगे। राकेश और शोभा गंगवाल की इंटर ग्लोब एविएशन लिमिटेड में क्रमश: 13.23प्रतिशत और 7.04प्रतिशत हिस्सेदारी है। वहीं उनके चिंकरपू परिवार ट्रस्ट के पास 13.50प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# महंगाई से निपटने की तैयारी में सरकार, ईंधन समेत कुछ अन्य उत्पादों पर घटा सकती है टैक्स

**मुंबई।**
**आरबीआई की महंगाई को लगातार कम किए जाने की कोशिशों के बीच सरकार भी इससे निपटने की तैयारी में है। केंद्रीय बैंक की मदद के लिए सरकार मक्का, पेट्रोल और डीजल सहित कुछ सामानों पर टैक्स में कमी कर सकती है।**




हालांकि, यह फैसला फरवरी की महंगाई दर के आंकड़े आने के बाद ही लिया जाएगा। जनवरी में खुदरा महंगाई दर एक बार फिर आरबीआई के 6 फीसदी के ऊपरी दायरे से बाहर निकल गई है। दिसंबर में यह 5.52 फीसदी थी। जानकारों का कहना है कि खाद्य महंगाई, दूध, मक्का और सोया तेल की कीमतें आगे भी ऊंची बनी रह सकती हैं। इससे महंगाई पर और दबाव बढ़ेगा।

### मक्के पर आयात शुल्क में कटौती संभव

सरकार मक्का पर आयात शुल्क घटा सकती है जबकि ईंधन पर भी टैक्स घटाने की योजना है। मक्का पर 60 फीसदी का मूल शुल्क लगता है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेलों की कीमतें घटी हैं और यह स्थिर भी हैं।

### और बढ़ सकती हैं ब्याज दरें

भारत अपनी जरूरतों का दो तिहाई ईंधन आयात करता है। ऐसे में इस पर टैक्स में कटौती से महंगाई से राहत मिल सकती है। उधर, खुदरा महंगाई बढ़ने से एक बार फिर आरबीआई दरें बढ़ा सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, यह अनुमान लगाना उचित होगा कि अगर महंगाई अगले कुछ महीनों में 6 फीसदी से ऊपर रहती है, तो दरों में और वृद्धि पर विचार किया जा सकता है।

# छंटनी के बीच जुकरबर्ग का सिक्योरिटी अलाउंस बढ़ाया गया: 33 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 115 करोड़ रुपए किया, कंपनी ने कहा- ये उचित और जरूरी

**नई दिल्ली।**
मेटा ने अपने सीईओ और को-फाउंडर मार्क जुकरबर्ग का सिक्योरिटी अलाउंस को उचित और जरूरी बताते हुए 40 लाख डॉलर (करीब 33 करोड़ रुपए) से बढ़ाकर 1.4 करोड़ डॉलर (करीब 115 करोड़ रुपए) कर दिया है। जुकरबर्ग वर्तमान में 63 अरब डॉलर से अधिक की नेटवर्थ के साथ फोर्ब्स की लिस्ट में 16वें स्थान पर हैं। साल 2021 में उन्हें कॉम्पेनसेशन के तौर पर 2.7 करोड़ डॉलर दिए गए। 2022 के लिए उनके कॉम्पेनसेशन की जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।



**कर्मचारियों को निकालने के बीच अलाउंस बढ़ाया** - सिक्योरिटी अलाउंस को बढ़ाने का फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब कंपनी आने वाले हफ्तों में और कर्मचारियों को निकालने का प्लान कर रही है। मेटा ने पिछले साल नवंबर में 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। कंपनी के 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी हुई था। मार्क जुकरबर्ग ने इसकी वजह गलत फैसलों से रेवेन्यू में आई गिरावट को बताया था।

मार्क ने कहा था, आज मैं मेटा के इतिहास में किए कुछ सबसे कठिन फैसलों के बारे में बताने जा रहा हूं। हमने अपनी टीम साइज में करीब 13प्रतिशत कटौती करने का फैसला किया है। इससे 11 हजार से अधिक प्रतिभाशाली कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। हम खर्च में कटौती करके और क्त्ता तक हायरिंग फ्रीज को बढ़ाकर ज्यादा कुशल कंपनी बनने के लिए कदम उठा रहे हैं।

मार्क जुकरबर्ग ने प्रभावित एम्प्लॉइज के लिए खेद भी जताया था और फैसले के साथ-साथ कंपनी इस जगह पर कैसे पहुंची, इसकी पूरी जिम्मेदारी ली था। उन्होंने कहा, मैं इन फैसलों और हम यहां कैसे पहुंचे इसकी जवाबदेही लेना चाहता हूं। मुझे पता है कि यह सभी के लिए कठिन है और खास तौर पर जो मेरे इस फैसले से प्रभावित हुए है उनके लिए मुझे खेद है।

**2004 में हार्वर्ड में बनाई थी फेसबुक** - जुकरबर्ग ने 2004 में हार्वर्ड में अपने होस्टल के कमरे में फेसबुक की स्थापना की थी। साइट को बनाने का ओरिजिनल आइडिया एक सोशल नेटवर्क बनाना था ताकि हार्वर्ड के छात्र ऑनलाइन एक दूसरे से जुड़ सकें। हालांकि, साइट ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की और अन्य यूनिवर्सिटीज में विस्तार किया। अब ये 2.9 बिलियन से ज्यादा डेली एक्टिव यूजर्स के साथ एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गया है।

मार्क जुकरबर्ग शुरुआत से ही फेसबुक के सीईओ रहे हैं। उनके नेतृत्व में, फेसबुक एक छोटे स्टार्टअप से ग्लोबल सोशल मीडिया दिग्गज के रूप में ग्रो हुआ है। हालांकि, जुकरबर्ग की प्लेटफॉर्म पर डेटा लीक और फेक न्यूज को लेकर आलोचना भी होती रही है।

# मित्र' को दुनिया दूसरा सबसे अमीर बनाने का 'जादू' छोटे व्यापारों पर क्यों नहीं, राहुल ने किया सवाल

**नई दिल्ली।**
**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के 'मित्रकाल' में 76 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को कोई मुनाफा नहीं हुआ है। उन्होंने कारोबारी दिग्गज गौतम अदाणी का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि एक 'मित्र' को दुनिया का दूसरा सबसे अमीर बनाने वाला 'जादू' छोटे व्यापारियों पर क्यों नहीं चलाया गया**

राहुल गांधी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट किया, ''मित्र काल की कहानी: 76 प्रतिशत एमएसएमई को कोई मुनाफ़ा नहीं, 72 प्रतिशत की आमदनी स्थिर रही, घटी, या ख़त्म। 62 प्रतिशत को बजट से सिर्फ़ निराशा मिली।

उन्होंने सवाल किया, ''जिस जादू से एक 'मित्र' को दुनिया में दूसरा सबसे अमीर बनाया, वही जादू छोटे व्यापारों पर क्यों नहीं चलाया



**जेपीसी के अलावा कोई कमिटी अदाणी समूह को दोषमुक्त करार देने की कवायद, रमेश बोले- ये मंजूर नहीं**

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा है कि अदाणी मुद्दे की गहन जांच जरूरी है। इस मामले में जेपीसी के अलावा कोई अन्य समिति समूह को दोषमुक्त करार देने के अलावा और कुछ नहीं होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार की ओर से समिति गठित करने के लिए उच्चतम न्यायालय के समक्ष रखे गए प्रस्ताव से पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो सकती।

उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने 13 फरवरी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए विशेषज्ञों की एक समिति बनाने पर चर्चा की थी जो अमेरिकी कंपनी की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद नियामकीय व्यवस्था की जांच करेगी।

उन्होंने कहा कि उसने सरकार को इस संबंध में 16 फरवरी तक अपनी दलीलें देने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा, जहां आरोप सत्तारूढ़ दल, भारत सरकार और अदाणी समूह से परस्पर जुड़े हुए हैं, वहां सरकार की ओर से प्रस्तावित एक समिति के गठन से पारदर्शिता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, यह दो प्रमुख तत्वों सरकार और अदाणी समूह की ओर से वास्तविक जांच से बचने और तथ्यों को दफन करने के लिए शुरू की गई कवायद है।

यह स्पष्ट हो रहा है कि प्रस्तावित समिति सत्तारूढ़ शासन के साथ अदाणी समूह के संबंधों की किसी भी वास्तविक जांच को रोकने के लिए इन निहित स्वार्थी तत्वों की ओर से की गई सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध अभ्यास का हिस्सा है। उन्होंने दावा किया, अगर प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की जवाबदेही तय होती है जेपीसी के अलावा कोई अन्य समिति और कुछ नहीं बल्कि वैधता और दोषमुक्त करने की कवायद भर होगी।

रमेश ने कहा कि आरोपों की प्रकृति को देखते हुए यह जरूरी है कि जनता के प्रति जवाबदेह निर्वाचित प्रतिनिधियों की ओर से अदाणी समूह और सत्तारूढ़ शासन के बीच के संबंधों की पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, विशेषज्ञों की की ओर से नियामकीय और वैधानिक व्यवस्था का मूल्यांकन किसी भी तरह से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच के बराबर नहीं है।

इस तरह की समिति, चाहे वह कितनी भी सक्षम क्यों न हो, पिछले दो हफ्तों में सामने आई राजनीतिक-कॉर्पोरेट सांठगांठ की गहन जांच का विकल्प नहीं हो सकती है। उसके पास विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों की जांच करने का अधिकार या संसाधन नहीं है। उन्होंने कहा कि अदाणी मुद्दे पर जेपीसी जांच जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि प्रतिभूति और बैंकिंग लेनदेन में अनियमितताओं के साथ-साथ 2023 के शेयर बाजार घोटाले जैसे सार्वजनिक महत्व के मामलों की जांच के लिए अतीत में कई जेपीसी का गठन किया गया है। कांग्रेस अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए आरोपों की जेपीसी जांच की मांग कर रही है। दूसरी ओर, अदाणी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताया है।

## पठान के सफलता के बाद विवेक अग्निहोत्री का बदला रुख



द कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री सोशल मीडिया पर अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 'पठान' के पहले गाने रिलीज होते ही इस फिल्म पर तंज कसा था। हालांकि, अब विवेक अग्निहोत्री ने अपना इरादा बदल दिया है। 'पठान' की सफलता के बारे में बात करते हुए उन्होंने शाहरुख खान की तारीफ की। उन्होंने फिल्म के विरोध में सिनेमाघरों में हंगामा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। एक पोडकास्ट में विवेक अग्निहोत्री ने कई मुद्दों पर कमेंट किया। उन्होंने कहा, हमारे साथ एयर होस्टेस की तरह दुर्व्यवहार किया जा रहा है। पायलट को पीटा जाता है। थिएटरों को जला दिया जाता है और तोड़फोड़ की जाती है। यह बहुत बड़ा क्राइम है... लेकिन यहां किसी को कुछ नहीं होता।' थिएटर जाओ, तोड़फोड़ करो, पोस्टर फाड़ो, यह बदमाशी है। मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं। उन्होंने आगे कहा, मैंने केंद्र सरकार से हमेशा शिकायत की है कि ऐसे सवालों पर चुप नहीं रहना चाहिए। अगर आप दो-तीन महीने में उनके खिलाफ कुछ बोलेंगे तो कोई बात नहीं... मुझे लगता है कि ऐसी हरकत करने वालों के घर पर बुलडोजर चला देना चाहिए। विवेक अग्निहोत्री ने 'पठान' की सफलता के लिए शाहरुख खान की तारीफ की विवेक अग्निहोत्री ने कहा, 'शाहरुख के स्टारडम और फैन फॉलोइंग की वजह से फिल्म पठान ने कमाल कर दिया हैं। जिस तरह से उन्होंने इस फिल्म की मार्केटिंग की और पूरी फिल्म को अपने कंधों पर ढोया कि यह मेरी फिल्म है और मैं इसके लिए जिम्मेदार हूं, यह सब जबरदस्त था। कुछ श्रेय उन लोगों को जाता है जिन्होंने फिल्म के बारे में शैतानी बयान दिए, बिना कारण विरोध किया और बहिष्कार की मांग की।

# प्रदीप पांडेय चिंटू ने रच दिया इतिहास, लगातार चार शो में मिला बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड



भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू ने इतिहास रच दिया है। उन्हें इस साल लगातार चार अवॉर्ड शो में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिल है। चिंटू को अभी हाल ही में मुंबई में संपन्न ग्रीन सिनेमा अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। उन्हें यह अवॉर्ड उनकी फिल्म ह्यससुरा बड़ा सतावेलाह्ल के लिए दिया गया। यह रिकार्ड बनाने वाले चिंटू पहले अभिनेता बन गए हैं। भोजपुरी सिनेमा में चिंटू ने अपनी अदाकारी से बॉक्स ऑफिस पर पहले ही धमाल मचा रखा है और अब अवॉर्ड शो में भी उनका जलवा खूब देखने को मिल रहा है। चिंटू को ग्रीन सिनेमा अवॉर्ड से पहले अयोध्या में आयोजित भोजपुरी सिने अवॉर्ड, 22 देशों के फिल्म जगत से जुड़े लोगों के बीच झारखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और 17वें भोजपुरी फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिल चुका है। यह सिलसिला ग्रीन सिनेमा अवॉर्ड में भी जारी रहा। इस अवॉर्ड के मिलने की खुशी का इजहार चिंटू ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से किया। उन्होंने अवॉर्ड वाली एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि एक बार फिर... ग्रीन सिनेमा अवाड्र्स में 'ससुरा बड़ा सतावेला' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। थैंक यू और दिल से लव यू ऑल। ये आप सबके प्यार और विश्वास की नतीजा है। चिंटू ने कहा कि ये अवॉर्ड हर रोज लाखों लोगों का मनोरंजन करने वाले लोगों का सबसे बड़ा मंजिल है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी अवॉर्ड का मंच जब सजता है, तब हमारे भोजपुरी कलाकार, तकनीशियन, हमारा पूरा भोजपुरिया परिवार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होता है, तब आप लोगों के कदम के धूल हमलोगों को आशीर्वाद देकर जाता है।

इन चारों अवॉर्ड पर मुझे प्यार करने वाली जनता का भी अधिकार है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक्टर सिर्फ एक्टर होता है। कोई छोटा-बड़ा नहीं होता है। उसका किरदार समय निर्धारित करता है। वो अपने हिसाब से परफॉर्म करता है। एक्शन से कट तक सेट पर 100 से अधिक लोगों की मेहनत चलती है, तब जाकर यह अवॉर्ड हाथ में आता है। इसलिए इस अवॉर्ड पर उन सबका हक है।

## नवरत्न और अनुपमा का धमाल होली गीत 'अबीर' रिलीज





होली के पहले त्योहार का रंग भोजपुरी संगीत में घुल जाता है। नतीजतन भोजपुरी के बेहतरीन सिंगर नवरत्न पांड्ये और अनुपमा यादव का धमाल होली गीत अबीर रिलीज हुआ है। वर्ल्डवाइड रिकार्डस भोजपुरी के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर जारी हुए इस वीडियो सांग को दर्शक खासा पसंद कर रहे हैं। इस गीत में भोजपुरी की नई अभिनेत्री कोमल सिंह ने इंडस्ट्री में एंट्री मारी है, जिनके साथ नवरत्न की केमिस्ट्री फ्रेश और कमाल की लग रही है। दर्शकों को ये गाना भी बेहद पसंद आ रहा है और इस गाने में नवरत्न के साथ साल 2022 में हिट पर हिट देने वाली सिंगर अनुपमा यादव की आवाज है। अनुपमा यादव के अब तक गाये सभी गाने मिलेनियम क्लब में शामिल होकर धमाल मचा रहे हैं। वे इस साल भी दर्शकों को अपनी आवाज पर झूमने को मजबूर करने वाली हैं। सिंगर नवरत्न पांडेय और अनुपम यादव के नए गाने 'अबीर' को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी ने प्रस्तुत किया है। इसके लिरिक्स अर्जुन शर्मा ने लिखे हैं, इसका म्यूजिक आर्या शर्मा ने दिया है। इसका निर्माण रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक भोजपुरिया हैं। इसकी कोरियोग्राफी सनी सोनकर ने की है।

## मुझे प्यार के ख्याल से भी प्यार हैः तारा सुतारिया

**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने कहा कि उन्हें प्यार के ख्याल से भी प्यार है। यह पूछे जाने पर कि उनके लिए सेल्फ लव का क्या मतलब है, तारा ने कहाः मुझे लगता है कि सेल्फ लव का मतलब अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग चीजें हैं। एक्ट्रेस तारा ने डेटिंग ऐप बम्बल के साथ कॉलेबोरेट किया, ताकि वेलेंटाइन डे से पहले एक नया कैपेंन बिफोर एनीवन अदर, देयर वास यू लॉन्च किया जा सके, ताकि सेल्फ लव को प्रोत्साहित किया जा सके। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि हम सभी हाल ही में कोविड-19 जैसे बहुत मुश्किल समय से गुजरे हैं, जिसने दुनिया को प्रभावित किया।

मुझे लगता है कि सेल्फ-लव ने हम सभी को एक नया आकार और अर्थ दिया है। हम सभी ने खुद को समझना सीखा, खुद को सुनना शुरू किया और इसलिए, खुद से प्यार करते हैं। मैंने हमेशा प्यार के ख्याल से प्यार किया है। इसे यूटोपिया कहें, लेकिन मैंने हमेशा प्यार को बहुत प्यार से देखा है, मैंने वास्तव में कभी भी खुद को उस तरह के प्यार से नहीं देखा है, इसलिए इसे पाने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। मैं वास्तव में खुद को समझना सीख रही हूं।मुझे लगता है कि मेरी जिस तरह की लाइफ स्टाइल है, उसमें छोटे-छोटे पलों का आनंद लेना बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमेशा संभव नहीं होता है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने जीवन के सभी रिश्तों में दूसरों की तुलना में उस गुण को अधिक देखती हूं। अपने भावी साथी में वह क्या गुण देखती है, इस बारे में बात करते हुए, तारा कहती हैं, मैं जानबूझकर किसी साथी या किसी ऐसे व्यक्ति में गुणों की तलाश नहीं करती, जिसके साथ मैं हूं, लेकिन मैंने सालों से महसूस किया है कि मेरे जीवन में हर रिश्ते में क्या महत्वपूर्ण है, मेरी दोस्ती, मेरा परिवार और अन्य सभी रिश्ते जीवन को सुंदर बना सकते हैं। कभी-कभी व्यस्त और जटिल लेकिन जो वास्तव में मदद करता है, विशेष रूप से बुरे समय में, वह अच्छा साथी होता है।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर मुसीबतों का पहाड़, 'टीकू वेड्स शेरू' की रिलीज डेट टली




ऐसा लगता है जैसे नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। जहां एक तरफ उनकी निजी जिंदगी सोशल मीडिया पर छाई हुई है, वहीं दूसरी तरफ सुनने में आ रहा है कि अब उनके प्रोजेक्ट्स पर भी असर पड़ने लगा है। चर्चा है कि अमेजन प्राइम वीडियो ने 'टीकू वेड्स शेरू' की रिलीज टालने का फैसला लिया है। इस बारे में खुलासा करते हुए एक सूत्र ने बताया कि इस साल की शुरूआत में अमेजन प्राइम वीडियो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके 2023 में रिलीज होने वाली कई शो और फिल्मों की घोषणा की थी। उनमें से नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर 'टीकू वेड्स शेरू' भी थी। हालांकि, किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई थी, लेकिन प्राइम वीडियो ने दावा किया था कि फिल्म इस साल रिलीज होगी। अब अमेजन ने फिल्म की रिलीज टालने का फैसला लिया है। टीकू वेड्स शेरू को एक रोमांटिक ड्रामा और एक डार्क व्यंग्य फिल्म कहा जाता है। कंगना रनौत द्वारा निर्मित और मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले साई कबीर द्वारा लिखित और निर्देशित, टीकू वेड्स शेरू में अवनीत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## 14 अप्रैल को दिखेगा शाकुंतलम का जलवा

**चेन्नई (ईएमएस)।** फिल्म शाकुंतलम के निर्देशक गुणशेखर ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। अब यह फिल्म 14 अप्रैल को जारी होगी। पहले शाकुंतलम 17 फरवरी को रिलीज होने वाली थी लेकिन अज्ञात कारणों से फिल्म को एक बार फिर से स्थगित कर दिया गया। सामंथा रुथ प्रभु की 3डी पैन इंडिया पौराणिक फिल्म शाकुंतलम को दूसरी बार स्थगित कर दिया गया है। नई रिलीज की तारीख तेलुगू, हिंदी और तमिल भाषाओं में फिल्म की रिलीज को चिन्हित करेगी। यह फिल्म तेलुगु स्टार अल्लू अर्जुन की पांच वर्षीय बेटी अल्लू अरहा की अभिनय की शुरूआत भी करती है। शाकुंतलम में प्रकाश राज, मधुबाला, गौतमी, अदिति बालन, अनन्या नागल्ला और जिशु सेनगुप्ता भी हैं। गुणशेखर, जो फिल्म के सह-निमार्ता भी हैं, ने कैप्शन में लिखा है, वह प्यार जिसे भुला दिया गया. . . . प्यार की एक अविस्मरणीय कहानी जो बनी हुई है। अपने कैलेंडर को चिह्नित करें - शाकुंतलम 14 अप्रैल को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सामंथा ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर फिल्म की घोषणा को रीपोस्ट किया। फिल्म, जिसमें अभिनेता देव मोहन भी मुख्य भूमिका में हैं, मूल रूप से नवंबर 2022 में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, आखिरी मिनट में फिल्म को 3डी फॉर्मेट में रिलीज करने का फैसला किया गया, जिसने रिलीज को फरवरी 2023 तक के लिए टाल दिया। हम एक टीम के रूप में महसूस करते हैं कि 3डी एक शानदार तरीका होगा। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, हमें प्रस्तुत करने में कुछ समय लगेगा और इसलिए, रिलीज की पूर्व घोषित तिथि को पूरा करने में असमर्थ होंगे। हम दुनिया भर से हमें मिले समर्थन और प्यार का शुक्रिया अदा करते हैं, इसमें भी आपके समर्थन की उम्मीद है ! हम जल्द ही एक नई रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। कालिदास के उपन्यास पर आधारित शाकुंतलम, शकुंतला और राजा दुष्यंत के साथ उनकी प्रेमालाप की कहानी है और ऋषि दुवार्सा का श्राप है, जिसने दुष्यंत को अप्सरा जैसी शकुंतला के लिए अपने प्यार को भुला दिया।


# इंटरनेशनल फिल्म को आवाज देंगे करीना-सैफ

### -आगामी 28 जून को होगा प्रदर्शन



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर सैफ अली खान और करीना कपूर खान मार्वल फ्रेंचाइजी इंटरनेशनल फिल्म को अपनी आवाज देने जा रहे हैं। इनके अलावा सेलेब्रिटी डिजाइनर मसाबा गुप्ता भी मार्वल यूनिवर्स में शामिल हो गई हैं। एक ही दिन में देश के तीन कलाकारों की मार्वल यूनिवर्स में एंट्री की खबर चौंकाने वाली रही है। सैफ अली खान मार्वल फ्रेंचाइजी में स्टार लॉर्ड की भूमिका निभाएंगे और इंटरनेशनल फिल्म को अपनी आवाज देंगे। वहीं दूसरी ओर करीना कपूर खान ब्लैक विडो के किरदार को अपनी आवाज देंगी। सैफ अली खान की बहुमुखी प्रतिभा और स्टाइल से तो हम सभी वाकिफ हैं लेकिन अब देखना यह है कि यह नयी शुरूआत उनके करियर हाइलाइट के लिए कितना आगे बढ़ता है। स्टार लॉर्ड उर्फ पीटर जेसन क्विल एक आकाशीय-मानव संकर प्रजाती से है, जिसे 1988 में योंडू रैगर कबीले द्वारा पृथ्वी से अपहरण कर लिया गया था और उनके सदस्यों में से एक के रूप में उठाया गया था। अंततः कुख्यात अंतरिक्ष डाकू स्टार-लॉर्ड के रूप में सामने आया। हम अब सैफ की आवाज के साथ स्टार लॉर्ड उर्फ साक के बारे में जल्द ही कुछ अलग और नया देखने वाले हैं।मसाबा गुप्ता मार्वल यूनिवर्स में शामिल होकर और वेस्टलैंडर्सः ब्लैक विडो में लिसा कार्टराईट के लिए हिंदी आवाज देकर अपने करियर को अगले स्तर पर ले जा रही हैं। यह फ्रैंचाइजी मार्वल की हिट सीरीज वेस्टलैंडर्स पर आधारित है, मार्वल के सबसे प्रतिष्ठित और प्रिय नायकों को शामिल किया गया है, क्योंकि वे सर्वनाश के बाद के भविष्य में नियम और न्याय को बहाल करने के लिए लड़ते हैं, जहां मार्वल के सुपर विलेन ने लगभग सभी सुपर हीरोज एक दुखद घटना में मारने के बाद 30 से अधिक वर्षों तक शासन किया। मुंबई के एक कार्यक्रम में आर्टिस्टिक डायरेक्टर मंत्रा मुग्ध से बात करते हुए छह भाग वाली पॉडकास्ट सीरीज की घोषणा करते हुए करीना ने कहा कि इस सीरीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। यह चरित्र वास्तव में, जितना अधिक मैंने इसे पढ़ा, मैंने कहा, ठीक है, अब मुझे पता है कि वे इसे क्यों निभाना चाहते हैं। क्योंकि मैं इसके साथ पूरी तरह से प्रतिध्वनित थी। मुझे लगता है कि काली विधवा हमेशा उग्र, शक्तिशाली, बुद्धिमान रही है ... मैं चालाकी नहीं कहूंगी, लेकिन वह जानती है कि उसे कब अपनी चाल चलनी है, इसलिए यह कुछ ऐसा है जो मैं बस .. ... यह बहुत भयंकर था और यह एक त्वरित कनेक्ट की तरह था। मुझे आशा है कि मेरी आवाज के माध्यम से, मैं इस अद्भुत चरित्र में अपना स्पर्श जोड़ सकती हूं। निश्चित रूप से, इसका हिस्सा होने के नाते, ऐसे अद्भुत अभिनेताओं और आवाजों के साथ भी होने जा रहा है बिल्कुल अद्भुत। हमने अभी यह यात्रा शुरू की है और मेरे प्रिय मित्र और मसाबा का इसमें शामिल होना भी हमारे लिए एक जीत की स्थिति है। फोटो जारी करते हुए मसाबा ने कैप्शन के साथ सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा की है। उन्होंने लिखा, मार्वल्स वेस्टलैंडर्स पर लिसा कार्टराईट के रूप में मुझे सुनें, एक हिंदी ऑडिबल ओरिजिनल सीरीज, जो 28 जून से विशेष रूप से औडिएब्ल पर शुरू हो रही है। 28 जून, 2023 को मार्वल की वेस्टलैंडर्सः स्टार-लॉर्ड की पहला एपिसोड ऑडिबल पर रिलीज होगा।

## दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे हमारी पीढ़ी को परिभाषित करने वाली फिल्मः रणबीर कपूर



**मुंबई (ईएमएस)।** दिग्गज फिल्मकार यश चोपड़ा पर आधारित नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री द रोमांटिक्स में नजर आने वाले बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने कहा कि प्रतिष्ठित फिल्म दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे हमारी पीढ़ी की परिभाषित फिल्म रही है। रोमांटिक्स में रणबीर देखेंगे, बात करेंगे कि कैसे आदित्य चोपड़ा ने सर्वकालिक ब्लॉक बस्टर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) का निर्देशन किया, जिसने भारतीय पॉप संस्कृति को आकार दिया। रणबीर कपूर ने एक नए वीडियो में कहा कि डीडीएलजे हमारी पीढ़ी की परिभाषित फिल्म रही है। मैं आपको यह भी नहीं बता सकता कि मेरे अंदर अभी भी भावना जीवित है। इसने मेरे कपड़े पहनने के तरीके को प्रभावित किया। इसने मेरे एक लड़की से बात करने के तरीके को प्रभावित किया। आमिर खान से लेकर सलमान खान, शाहरुख खान से लेकर रणबीर कपूर, अमिताभ बच्चन से लेकर रणवीर सिंह, रानी मुखर्जी से लेकर ऋतिक रोशन, कैटरीना कैफ से लेकर अनुष्का शर्मा तक, हिंदी सिनेमा के मेगा-स्टार्स और आइकन एक साथ आए हैं और यश चोपड़ा के बारे में बात की है।

रोमांटिक्स का निर्देशन ऑस्कर और एमी-नॉमिनेटेड फिल्म निमार्ता स्मृति मूंदड़ा ने किया है, जो इंडियन मैचमेकिंग और नेवर हैव आई एवर की शानदार सफलता के बाद नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रही हैं। चार भाग वाली इस डॉक्यू-सीरीज में फिल्म उद्योग की 35 प्रमुख हस्तियां भी शामिल होंगी, जिन्होंने वाईआरएफ के 50 साल के शानदार यात्रा के दौरान उसके साथ मिलकर काम किया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रतिष्ठित यशराज फिल्म्स के एकांतप्रिय प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने रोमांटिक्स के लिए अपना पहला ऑन-कैमरा साक्षात्कार भी रिकॉर्ड किया है। इस डॉक्यू-सीरीज में उन्हें वाईआरएफ और हिंदी फिल्म उद्योग के बारे में बोलते हुए सुनना कुछ ऐसा है, जिसे अधिकतर लोगों ने नहीं देखा और बिरादरी के भीतर काफी उत्साह पैदा कर दिया।

### सूडोकु नवताल- 6345

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -6344 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

### शब्दजाल - 7092

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | चि | न्ना | स्वा | मी | शि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | फि |
| वा | व | ना | पू | ने | जी | थ | न | ग | क | रो |
| न | ची | न | ते | श | ज | का | म | पा | त | ज |
| खे | त | ई | ड | न | गा | र्ड | न | ग | र्क | शा |
| ड़े | अ | म | सु | ल | अ | पू | न | मो | र | ह |
| ती | जं | सी | मे | ता | प | नु | श | हा | ज | को |
| क | ल | ग | रि | वि | ल | नी | प | ली | न | ट |
| ब्रे | बो | र्न | य | या | चि | क | री | म | प | ला |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | टो | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | रा | त | थ |

शब्दजाल में 10 'खेल स्टेडियम' के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

ईडन गार्डन, शिवाजी, वानखेड़े, ग्रीनपार्क, फिरोजशाह कोटला, चिन्नास्वामी, मोहाली, नेशनल, ब्रेबोर्न, तालकटोरा

#### शब्दजाल - 7091 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | म | मा | गौ | त | म | बु | द्ध | गु | क | वि |
| हा | हा | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | को | ज |
| त्मा | वी | रा | द | अं | त | त | र | मो | ल | अ |
| गां | र | दा | णा | ल | क | वा | दा | ह | व | र |
| धी | स्वा | न | ष | प्र | म | डे | र | म्म | सी | विं |
| दि | मी | य | स | जि | ता | क | प | द | गु | दो |
| ने | ह | बु | मां | या | म | प | टे | र | रु | घो |
| टी | पू | सु | ल्ता | न | पं. | सौ | ल | ट | ना | ष |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | ने | ने | जे. | न | र |
| गि | ल | च | त्त | र | ट | क | ह | न | क | थ |
| या | अ | क | ब | र | बा | इ | र | रू | ह | धी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग - 6045

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 3 | | | |
| | 30 | | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | | 2 | | 3 | 7 | |
| | 29 | 6 | 40 | | 34 | |
| | 3 | | 7 | 6 | 1 | 2 |
| | 33 | | 42 | | 26 | |
| 3 | 1 | | | 2 | | 4 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

#### अष्टयोग 6044 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 30 | 7 | 41 | 4 | 37 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# आयरलैंड की मैरी टी-20 वर्ल्ड कप की सबसे उम्रदराज खिलाड़ी: इंटरनेशनल फुटबॉल खेल चुकीं; अंपायरिंग भी करती हैं

**केप टाउन।**
आयरलैंड की मैरी वॉल्ड्रोन देश के लिए हमेशा से वर्ल्ड कप खेलना चाहती थीं। मैरी 38 साल की हैं और दक्षिण अफ्रीका में चल रहे महिला टी20 वर्ल्ड कप की सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वे उन चार चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं, जो 38 साल से ज्यादा की उम्र में महिला टी20 वर्ल्ड कप में खेल चुकी हैं। आयरलैंड के लिए बतौर विकेटकीपर खेलने वाली मैरी का यह चौथा टी20 वर्ल्ड कप है।

हालांकि, उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि देश के लिए वर्ल्ड कप खेलने का उनका सपना क्रिकेट में पूरा होगा। मैरी स्कूल के दिनों से ही खेलों से जुड़ी रही। 12 साल की उम्र में वे बतौर आयोजक खेलों में हिस्सा लेती थीं और इसी दौरान उन्होंने फुटबॉल, हॉकी व बास्केटबॉल में भी हाथ आजमाए। 13 की उम्र में उन्हें आयरलैंड की अंडर-16 फुटबॉल टीम में जगह मिली, जहां से उनके प्रोफेशनल करियर की शुरुआत हुई।

### क्रिकेट से नफरत थी

मैरी बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें क्रिकेट से नफरत थी। उनके पिता टीवी पर क्रिकेट देखा करते थे तो उन्हें कुछ समझ नहीं आता था। हालांकि, उनकी एक क्रिकेटप्रेमी दोस्त ने उन्हें क्लब क्रिकेट देखने के लिए आमंत्रित किया। मैरी को मजा आया तो वे एक स्थानीय क्लब से जुड़ गईं। इस दौरान क्लब की एक विकेटकीपर मौजूद न होने पर उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली और यहीं से आयरलैंड को सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी मिली।

क्लब के लिए विकेटकीपिंग करते हुए आयरलैंड ए के कोच ने मैरी का हुनर पहचाना, जिसके बाद उन्होंने 2010 में नेशनल टीम के लिए डेब्यू किया। मैरी बताती हैं कि तब तक उनके दिमाग में कहीं न कहीं फुटबॉल ही प्राथमिकता थी, पर पर्याप्त समय न मिलने की वजह से उन्हें कोई एक खेल चुनना था। ऐसे में जब आयरलैंड ने 2014 के टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया तो उन्होंने फुटबॉल छोड़ दिया।

आखिर उन्हें तो देश के लिए वर्ल्ड कप खेलना था। 2015 में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व विकेटकीपर जूलिया प्रिस ने मैरी को क्लब टीम होबार्ट से जुड़ने के लिए निमंत्रण भेजा। मैरी वहां गईं और खेलने के दौरान ही अंपायरिंग का लेवल-1 कोर्स भी पूरा कर लिया। इसके बाद से तो जब भी मैरी को नेशनल टीम से फुर्सत मिलती, वे ऑस्ट्रेलिया में खेलने और अंपायरिंग करने पहुंच जातीं।

### बिग बैश लीग में की अंपायरिंग

2018 में मैरी को आयरलैंड के अंपायरों के फर्स्ट क्लास पैनल में जगह मिली, जहां वे पुरुषों के लिस्ट-ए मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बनीं। मैरी टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच और बिग बैश में भी अंपायरिंग कर चुकी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला टी20 विश्वकप : पाकिस्तान की मुनीबा ने लगाया शानदार शतक

केपटाउन। पाकिस्तान की युवा सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने दक्षिण अफ्रीका में जारी आईसीसी



महिला टी20 विश्वकप में शानदार शतक लगाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। मुनीबा ने ग्रुप बी मैच में आयरलैंड के खिलाफ 68 गेंदों में ही 102 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वह पाक की ओर से टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी हैं। मुनीबा के शतक से पाकिस्तान की टीम ने पांच विकेट पर 165 रन बनाये। इसके बाद नाशरा संधू की घातक गेंदबाजी से आयरलैंड की टीम 95 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार पाक टीम को 70 रनों से शानदार जीत मिली। पाक की ओर से नाशरा ने 18 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं आयरलैंड की ओर से ओरला प्रेंडरगैस्ट और आइमर रिचर्डसन ने काफी प्रयास किये पर वे दोनो अपनी टीम की हार नहीं टाल पायीं। सलामी बल्लेबाज मुनीबा ने आक्रामक बल्लेबाजी कर विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। उसने पहले विकेट के लिए जावेरिया खान के साथ 44 रन बनाये। इसमें से 33 रन अकेले मुनीबा ने बनाए। जावेरिया के आउट होने के बाद कप्तान बिस्माह मारूफ ने मुनीबा का साथ दिया। मुनीबा ने एक छोर से आक्रमण रुरु कर दिया। वहीं दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। मारुफ के बाद निदा भी पेवेलियन लौट गयीं। 48वें ओवरे में मुनीबा ने अपना शतक पूरा किया। यह पाक की किसी खिलाड़ी का पहला और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में छठा शतक था। मुनीबा पारी की अंतिम गेंद पर लिआह पॉल शिकार बनी।

### पृथ्वी शॉ की कार पर हमलाः सेल्फी लेने से फैन को किया था मना, 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मुंबई। टीम इंडिया के क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के ऊपर हमला करने की कोशिश की गई। मुंबई में वे और



उनके दोस्त कार में बैठे हुए थे। उसी समय कुछ लोगों ने उनसे सेल्फी क्लिक करवाना चाही। पृथ्वी शॉ के मना करने पर फैंस भड़क गए और उनकी कार पर हमला कर दिया। मुंबई की ओशिवारा पुलिस ने हमले के आरोप में 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसमें से 2 नामजद और 6 अज्ञात लोग है। पृथ्वी शॉ पर हमला किया गया। एफआईआर के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 148, 149, 384, 427, 504 और 506 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि, जांच जारी है। वैलेंटाइन डे के मौके पर इंडियन क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के इंस्टाग्राम हैंडल से एक फोटो शेयर की थी, जिसमें उनके साथ उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड निधि नजर आ रही थीं। पोस्ट में पृथ्वी ने उन्हें वाइफ कहते हुए वैलेंटाइन विश किया था। हालांकि, खास बात ये रही कि उन्होंने वो पोस्ट कुछ देर बाद ही डिलीट कर दिया था। इसके बाद पृथ्वी ने अपने इस पोस्ट सफाई देते हुए कहा है कि ये फोटोज मैंने नहीं पोस्ट की हैं, कोई और ये सारी फोटोज एडिट करके पोस्ट और अपलोड कर रहा है। पृथ्वी शॉ नवी मुंबई में डीवाय पाटिल टी-20 कप में खेल रहे है। मंगलवार को शॉ ने इंडियन ऑयल टीम से 15 बॉल में 42 रन स्कोर किए। साथ ही उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की। दोनों ने मिलकर 25 बॉल में 68 रन बनाए और मुंबई कस्टम्स टीम के खिलाफ जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में टीम इंडिया के शार्दूल ठाकुर भी टाटा स्पोर्ट्स क्लब टीम से खेल रहे है। शॉ का अगला मुकाबला 17 फरवरी को है।

### वेस्टइंडीज में तीनों फॉर्मेट के अलग कप्तानः शाई होप को वनडे और रोवमैन पॉवेल को टी-20 की कमान

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज टीम ने तीनों फॉर्मेट यानी टेस्ट, वनडे और टी-20 के अलग-अलग कप्तानों की नियुक्ति



की है। रोवमैन पॉवेल को टी-20 और शाई होप को वनडे की कप्तानी सौपी गई है। जबकि, क्रैग ब्रैथवेट पहले से ही टेस्ट टीम के कप्तान है। दोनों कप्तान साउथ अफ्रीका टूर में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान निकोलस पूर्ण ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद व्हाइट बॉल क्रिकेट की कप्तानी से इस्तीफा दिया था। पूरन वनडे और टी-20 के कप्तान थे। पूरन की कप्तानी के दौरान होप और पॉवेल टीम के उपकप्तान थे। वेस्टइंडीज के लिए इस समय सबसे बड़ी चुनौती वन दे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई होना है। वेस्टइंडीज जून-जुलाई में जिम्बाब्वे में क्वालीफायर मैच खेलेगा। इस समय टीम अफगानिस्तान के ठीक पीछे आंठवे स्थान पर है। होप ने कहा - वेस्टइंडीज टीम कप्तान नियुक्त होना किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी और सम्मान की बात है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट आज से

# दिल्ली में 100वां टेस्ट खेलेंगे चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर भी फिट

**नई दिल्ली।**
भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट शुक्रवार से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय बैटिंग की बैक बोन कहे जाने वाले वाले चेतेश्वर पुजारा के लिए खास होगा, क्योंकि इस मैदान पर पुजारा अपने करियर का 100वां टेस्ट खेलेंगे। वे 100 टेस्ट खेलने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी बनेंगे।

### इस मैदान में क्या दांव पर होगा...

भारत का किला दिल्ली को भारतीय टीम का अभेद किला कहा जाता है। टीम इंडिया इस मैदान पर पिछले 36 साल से नहीं हारी है। टीम को यहां आखिरी हार 1987 में मिली थी। हालांकि, दिल्ली जीतना ऑस्ट्रेलिया के लिए असंभव सा लगता है, क्योंकि इस मैदान का रिकॉर्ड उसके पक्ष में नहीं है। कंगारू टीम इस मैदान पर पिछली बार 64 साल पहले 1959 में जीती थी। यदि पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई टीम यहां भारत को हरा देती है तो कंगारू टीम भारत के इस अभेद्य किले को भेद लेगी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से यह मुकाबला जीत लेती है तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए लगभग क्वालिफाई कर जाएगी। यदि भारत हार जाता है तो उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए अगले दोनों मैच जीतने ही होंगे।



नंबर-1 का सपना यहां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड नंबर-1 टीम बन जाएगी। हालांकि, भारतीय टीम 6 घंटे के लिए वर्ल्ड नंबर-1 बनी थी, लेकिन वह आईसीसी वेबसाइट पर गलती से हुआ जिसे बाद में सुधार लिया गया।

### स्पिनर्स को मदद करेगी पिच

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की पिच पर पानी डाला गया। रोलिंग की गई, घास नहीं है। ऐसे में पिच पर हल्की नमी भी रह सकती है। जिससे स्पिनर्स की बॉल थोड़ी फंसकर आएगी। ऐसे में बल्लेबाजों को खेलने में दिक्कत होगी।

### मौसम- बारिश के आसार नहीं

दिल्ली का मौसम साफ रहेगा। वहां बारिश के आसार नहीं हैं। शुरुआती 2 दिन का तापमान 14 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। फिर तीसरे, चौथे और पांचवें दिन तापमान बढ़ेगा।

### हेड टु हेड रिकॉर्ड

ओवरऑल हेड टु हेड की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में है, वहीं दिल्ली के आंकड़े देखें तो भारत हावी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 103 टेस्ट हुए हैं। इनमें 43 ऑस्ट्रेलिया, जबकि 32 भारत ने जीते हैं। 28 ड्रॉ और एक टाई रहा है।

### अय्यर फिट दिन भर अभ्यास किया

श्रेयस अय्यर फिट हो चुके हैं और टीम से भी जुड़ गए हैं। उन्होंने दिन भर प्रैक्टिस की। ऐसे में नागपुर में डेब्यू मैच खेलने वाले सूर्यकुमार यादव को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसके अलावा टीम मैनेजमेंट आउट ऑफ फार्म चल रहे केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को ओपनिंग का मौका दे सकती है। नेट प्रैक्टिस के दौरान राहुल द्रविड़ गिल की बैटिंग को ध्यान से देखते नजर आए।

कंगारू खेमे की बात करें तो तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टीम से जुड़ गए हैं। वे दिल्ली टेस्ट में खेल सकते हैं। वहीं, टीम के मिडिल ऑर्डर बैटर ट्रेविस हेड ने भी बहुत देर तक बैटिंग प्रैक्टिस की। ऐसे में नागपुर टेस्ट के फ्लॉप बैटर मैट रेन्शॉ की जगह हेड को मौका मिल सकता है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन भी बॉलिंग करते नजर आए। ऐसे में वह भी टीम में शामिल किए जा सकते हैं। लेकिन, उन्हें शामिल करने के लिए किसे बैठाया जाएगा, यह अब तक साफ नहीं हो सका है।

### पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल/केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और टॉड मर्फी।

साउथ अफ्रीका में पसीना बहा रहे नीरज चोपड़ा

# अभ्यास की वीडियो डालकर युवाओं को भी कर रहे प्रेरित मिलियन लोगों ने देखी



**पानीपत।**
देश के गोल्डन ब्यॉय नीरज चोपड़ा हमेशा की तरह इन दिनों भी मैदान में खूब पसीना बहा रहे है। कड़ी मेहनत की कुछ वीडियो वे ट्वीट कर रहे हैं। जिससे युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है। 15 फरवरी को भी नीरज चोपड़ा ने एक वीडियो ट्वीट की है। ट्वीट के अनुसार वे दक्षिण अफ्रीका के शहर पोटचेफस्ट्रूम में हैं। जहां के मैदान में वे इन दिनों जंपिंग का अभ्यास कर रहे हैं। 24 घंटे से भी कम समय में नीरज की वीडियो को 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। जिसमें 2 हजार से ज्यादा रि-ट्वीट हो गए हैं। इस पर 46 हजार से ज्यादा लाइक मिल चुके हैं। इस वीडियो के कमेंट में काफी यूजर लिख रहे हैं कि उनकी वीडियो हमेशा प्रेरित करती है।

इसके लिए धन्यवाद। दरअसल, नीरज चोपड़ा इस साल होने वाली तीन बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। जिसमें वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियाई खेल 2023 और डायमंड लीग का फाइनल शामिल है। हाल ही में जेवेलिन थ्रोअर ने पत्रकारों से कहा था कि इस साल जेवलिन में 90 मीटर के आंकड़े को छूने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की ये एक जादुई आंकड़ा जिस तक कड़ी मेहनत के बाद ही पहुंच पाना संभव होता है। इसी साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है। 19 से 27 अगस्त के बीच हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में वर्ल्ड चैंपियनशिप होगी। चीन के ह्वांगझू में एशियन गेम्स भी है। 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफिकेशन प्रोसेस इसी साल शुरू होना है। झारखंड एथलीट्स संघ, रांची में 2023 में 2 बड़े आयोजन करेगा। पहला आयोजन फरवरी में होगा, जबकि दूसरा जुलाई में होगा। फरवरी में मोरहाबादी इंटरनेशनल रेस वॉक चैंपियनशिप और जुलाई में 62वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा।

# दूसरा टेस्ट खेल सकते है मिचेल स्टार्कः ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा - कॉम्बिनेशन बैठाना होगा

**नई दिल्ली।**
ऑस्ट्रेलिया भारत टेस्ट मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मिचेल स्टार्क की वापसी के संकेत दिए है। उन्होंने कहा - स्टार्च फिट है, लेकिन हमने अभी यह नहीं सोचा है कि टीम में स्पिनरऔर बोलैंड के साथ एक और फास्ट बॉलर को कैसे शामिल करेंगे। मिचेल स्टार्क दिसंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होम टेस्ट सीरीज में चोटिल हो गए थे।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन भी टीम में वापसी कर सकते है। कमिंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कैमरून ग्रीन भी फिट है और वे अगला मैच खेल सकते है। कैमरून ग्रीन भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजर्ड हुए थे। उनकी उंगली पर चोट आई थी। अगर ऑस्ट्रेलिया को उन्हें टीम में शामिल करता है तो बतौर बैटर ही खिलाना होगा। वह बॉलिंग नहीं कर सकेंगे।

ऑस्ट्रेलिया साफ संकेत दे रहा है कि स्पिनर्स के साथ उतरेगा। पैट कमिंस ने कहा - नागपुर और दिल्ली की मिटटी अलग है और पिच भी, लेकिन देख कर ऐसा ही लग रहा है कि स्पिनर को मदद करेंगी। नागपुर टेस्ट में दोनों पारी में फ्लॉप रहे ओपनर डेविड वॉर्नर के फॉर्म पर सवाल उठ रहे थे, लेकिन पैट कमिंस ने संकेत दिए है कि वार्नर खेल सकते है। कमिंस ने कहा - जब वार्नर सामने वाली टीम पर प्रेशर बनाते है, तब वह अच्छा प्रदर्शन करते है। इस वजह से उनका आक्रामक होना बहुत जरूरी है। दिल्ली टेस्ट चेतेश्वर



पुजारा का 100 वां टेस्ट होगा। पुजारा ने गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 100वां टेस्ट मेरे लिए खास है। मैं इसे अपने पिता को समर्पित करना चाहता हूं। दिल्ली टेस्ट में पुजारा का पूरा परिवार उन्हें देखने स्टेडियम आएगा। पुजारा ने अपनी डेब्यू पारी को सबसे यादगार बताया। 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में पुजारा ने दूसरी पारी में 72 रन स्कोर किये थे और टीम को मैच जीताया था। प्रैक्टिस का ऑप्शनल डे था, यानी प्लेयर अपनी इच्छा से प्रैक्टिस कर सकता है या आराम कर सकता है। नेट्स पर केएल राहुल समेत चेतेश्वर पुजारा और शुभमन गिल ने प्रैक्टिस की। वहीं, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज से आराम किया। केएल राहुल प्रैक्टिस के दौरान थोड़े परेशान दिखे। प्रैक्टिस के बाद उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ से बात भी की।

# बेल्जियम की एक लीग के दौरान हादसा, दो मिनट पहले पेनाल्टी बचाई पर खुद की जान नहीं बचा सका गोलकीपर

**ब्रुसेल्स।**
बेल्जियम की द्वितीय श्रेणी की लीग में खेलते हुए विंकेल स्पोर्ट बी टीम के 25 साल के गोलकीपर आर्ने एस्पील ने मैच के दौरान एक पेनाल्टी बचाई लेकिन उसके बाद वह मैदान पर गिर गए और उठे ही नहीं। उनका निधन हो गया। हादसा वेस्ट्रोजेबेके टीम के खिलाफ मैच के दौरान दूसरे हाफ का है, तब टीम 2-1 से बढ़त पर थी। मैच वहीं अधूरा समाप्त हो गया। टीम के सहायक कोच स्टीफन डेवरचिन ने बताया कि उस समय मैच चल रहा था। आर्ने ने पेनाल्टी बचाई, उसके बाद तेजी से खड़े हो गए और अचानक गिर पड़े। यह सब देखना बेहद भयावह था। तुरंत चिकित्सकीय दल बुलाया गया और उन्होंने गोलकीपर की जान बचाने के लिए जो कुछ किया जाना था वो किया लेकिन अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कई



खिलाड़ियों को पता ही नहीं चला कि मैच में अचानक ऐसा क्या हुआ कि खेल रुक गया। अब पोस्टमार्टम में ही उनकी मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### सम्मान में निकलेगी शोक यात्रा

विंकेल स्पोर्ट बी क्लब के सदस्य, प्रशंसक, खिलाड़ी और एस्पील के दोस्त एवं परिजन मिलकर उनके सम्मान में वेस्ट फ्लेंडर्स प्रांत की गलियों में एक शोक यात्रा निकालेंगे। हादसे के बाद बेल्जियम क्लब ने बयान में कहा कि, पूरा क्लब आर्ने एस्पील के असामयिक निधन से शोक में हैं। हम उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं। क्लब के निदेशक पैट्रिक रोटसेइर्ट ने कहा कि यह बड़ा दुखद है। आर्ने पूरी जिंदगी हमारे क्लब में रहे। हम सब उन्हें बेहद प्यार करते थे। यह क्लब के लिए बहुत बड़ा झटका है।

### ब्राजीली लीग में मैच के दौरान बुलानी पड़ी मिलिट्री

रियो डि जेनेरियो। उरुग्वे के लुइस सुआरेज जब से ग्रेमियो क्लब में आए हैं, तब से शानदार फॉर्म में हैं। पांच मैचों में सात गोल कर चुके हैं। क्लब के ब्राजीलियन सीरी बी में एस्पोर्ट क्लब अवेनिदा के खिलाफ मुकाबले में 2-0 से विजयी रही।

इस मैच के दौरान इस कदर झगड़ा बढ़ गया कि रेफरी को बचाने के लिए मैदान में मौजूद सेना को बुलाना पड़ा। दरअसल एक फाउल को लेकर खिलाड़ियों के बीच चल रही नोकझोक के बीच सुआरेज ने तेजी से फ्री किक लेते हुए साथी फ्रेंको क्रिस्टियाल्डो को दी, जिन्होंने गोल कर दिया। उसके बाद झगड़ा बढ़ गया। इसके बाद झगड़ा और बढ़ गया।

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप...भारत की लगातार दूसरी जीत

# वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, सेमीफाइनल के करीब पहुंची टीम

**केप टाउन।**
हरमनप्रीत की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका में चल रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज पर 6 विकेट की आसान जीत दर्ज की। यह भारत की टी-20 क्रिकेट में वेस्टइंडीज पर लगातार आठवीं जीत है। यह भारत की इस वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम सेमीफाइनल के करीब पहुंच गई है। भारत का अगला मुकाबला 18 फरवरी को इंग्लैंड से होगा। केप टाउन के मैदान पर वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 118 रन बनाए। टीम की ओर से स्टेफिनी टेलर ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। जबकि शेमाइन कैंपबेल ने 30 रन का योगदान दिया। वहीं, कप्तान हेली मैथ्यूज (2 रन) जल्दी आउट हो गईं। दीप्ति ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। जवाब में टीम इंडिया ने 4 विकेट खोकर 19वें ओवर में जीत के लिए जरूरी रन बना लिए। कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष की अर्धशतकीय साझेदारी ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। कौर ने 33 और रिचा घोष ने 44 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से करिश्मा रामहरक ने दो विकेट लिए। जबकि हेली मैथ्यूज और चिनेले हेनरी को एक विकेट मिला।

**शेफाली-मंधाना ने दिलाई तेज शुरुआत** - ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने टीम इंडिया को तेज शुरुआत दिलाई। भारतीय टीम ने शुरू के दो ओवर में 28 रन बना डाले, हालांकि यह जोड़ी ज्यादा देर टिक नहीं सकी और



मंधाना 32 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। वहीं, शेफाली वर्मा ने 28 रनों की पारी खेली।

**ऐसे गिरे भारत के विकेट**

पहला : करिश्मा रामहरक ने चौथे ओवर की तीसरी बॉल पर स्मृति मंधाना को विकेटकीपर रशदा विलियम्स के हाथों स्टंपिंग कराया। दूसरा : चौथे ओवर की 5वीं बॉल पर हेली मैथ्यूज ने जेमिमा रोड्रिग्ज को कैच एंड बोल्ड किया। तीसरा : शेफाली बड़ा शॉट खेलना चाहती थीं, लेकिन रामहरक की बॉल पर स्क्वायर लेग में एफी फ्लेचर को कैच दे बैठीं। चौथा : 18वें ओवर में हेनरी की बॉल पर कप्तान हरमनप्रीत कौर कैच आउट हुईं। विंडीज ने दिया 119 रन का टारगेट, दीप्ति के 100 विकेट पूरे वेस्टइंडीज ने भारत को 119 रन का टारगेट दिया। भारतीय टीम की ओर से स्पिनर दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट लिए। उनके टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट हो गए हैं। दीप्ति ने एफी फ्लेचर (0 रन), स्टेफिनी टेलर (42 रन) और शेमाइन कैंपबेल (30 रन) के विकेट लिए। दीप्ति के अलावा रेणुका और पूजा वस्त्राकर को एक-एक विकेट मिला।

**ऐसे गिरे वेस्टइंडीज के विकेट**

पहला: दूसरे ओवर की पहली ही बॉल पर पूजा वस्त्राकर ने हेली मैथ्यूज को रिचा घोष के हाथों कैच कराया। दूसरा : 14वें ओवर की तीसरी बॉल पर दीप्ति ने कैंपबेल को स्मृति मंधाना के हाथों कैच कराया। तीसरा : 14वें ओवर की आखिरी बॉल पर दीप्ति ने स्टेफिनी टेलर को आउट कर दिया। चौथा : 15वें ओवर की दूसरी बॉल पर स्मृति और रिचा ने हेनरी को रनआउट कर दिया। पांचवां : 19वें ओवर की आखिरी बॉल पर शबिका को रेणुका सिंह ने बोल्ड किया।

**टेलर-कैंपबेल ने 73 रन जोड़े** - कप्तान हेली मैथ्यूज के जल्दी आउट होने के बाद स्टेफिनी टेलर और शेमाइन कैंपबेल ने दूसरे विकेट के लिए 74 बॉल पर 73 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी के टूटते ही एक के बाद एक दो विकेट गिरे। टेलर 42 और कैंपबेल 30 रन बनाकर आउट हुईं। 4 रन पर ही पहला विकेट गंवाने से वेस्टइंडीज की शुरुआत धीमी हुई। स्टेफिनी टेलर और शेमाइन कैंपबेल पावर प्ले में महज 29 रन ही बना सकीं।



## सुंदरता ही नहीं चैतन्यता भी बढ़ाता है सिंदूर

महिलाएं मांग में जिस स्थान पर सिंदूर लगाती है वह स्थान समाधि योग का प्रथम स्थान ब्रह्मरन्ध्र के ठीक ऊपर का भाग होता है। स्त्री के शरीर में यह भाग पुरुष की अपेक्षा विशेष कोमल होता है, अत: उसकी संरक्षा के लिए शास्त्रकारों ने सिंदूर का विधान किया है। सिंदूर में पारा जैसी अलभ्य धातु बहुत मात्रा में होती है। जिससे यह स्त्री के मस्तिष्क को हमेशा चैतन्य अवस्था में रखता है और बाहरी दुष्प्रभाव से बचाता है। सिंदूर महिलाओं के श्रंगार के साथ ही उनकी सौंदर्य में भी वृद्धि करता है।

## फायदेमंद है केले का सेवन


केला स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। रोज एक केला खाना तन-मन को तंदुरुस्त रखता है। केला शुगर और फाइबर का बेहतरीन स्रोत होता है। केले में थाइमिन, नियासिन और फॉलिक एसिड के रूप में विटामिन ए और बी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। साथ ही इसमें पानी की मात्रा 64.3 प्रतिशत, प्रोटीन 1.3 प्रतिशत, कार्बोहाईड्रेट 24.7 प्रतिशत तथा चिकनाई 8.3 प्रतिशत होती है।

## नींद नहीं आती तो दूध का सेवन करें

जिन लोगों को नींद नहीं आती, उन्हें सोने से पूर्व एक गिलास दूध पीना चाहिए। यह बात वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुकी है कि नींद लाने में दूध मुख्य भूमिका निभाता है। दूध जब पेट में जाता है तो अतिरिक्त एसिड को शरीर में से खत्म कर नींद लाने में सक्षम होता है। दूध में एमीनो-एसिड लेबपटोफान होता है जो नींद लाने में सहायक है। नींद के लिए गोलियों का प्रयोग हानिकारक है।



# कोलस्ट्रोल दूर भगाए ये देसी नुस्खा



**इस दौड़** भरी जिंदगी लोगों के पास अपने लिए समय नहीं है। व्यस्त जीवनशैली में न ही लोग सही समय पर खा रहे हैं न सोते हैं जो आखिकार बिमारियों को बुलावा देता है और आजकल जिस बीमारी ने लोगों को घेरा है वो है कोलस्ट्रोल। कोलस्ट्रोल बढ़ने के कारण हार्टअटैक भी होता है।

आपके घर मैं ऐसे बहुत से लोगो होंगे जिनका वजन व कोलस्ट्रोल बढ़ा हुआ हे। इस बीमारी से निजात पाने के लिए लोग महंगे से महंगा इलाज करवाने से परहेज नहीं करते,हालांकि दवाईयों से कुछ समय तक फर्क तो प?ता ही है लेकिन अगर इसी की जगह पर नानी के नुस्खे अपनाया जाए तो ये फयदेमन्द साबित हो सकता है।


### जानिए कोलस्ट्रोल का आयुर्वेदिक इलाज

**अदरक** - यह खून को पतला करता है। यह दर्द को प्राकृतिक तरीके से 90त्न तक कम करता हें।

**लहसुन** - इसमें मौजूद एलिसन तत्व कोलस्ट्रोल व बी पी को कम करता है। वह हार्ट ब्लॉकेज को खोलता है।

**नींबू** - इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी व पोटैशियम खून को साफ़ करते हैं। ये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं।

**एप्पल साइडर सिरका** - इसमें 90 प्रकार के तत्व हैं जो शरीर की सारी नसों को खोलते है, पेट साफ़ करते हैं व थकान को मिटाते हैं।



### इन देशी दवाओं को इस तरह उपयोग में लें

एक कप नींबू का रस लें,एक कप अदरक का रस लें,एक कप लहसुन का रस लें,एक कप एप्पल का सिरका लें,चारों को मिला कर धीमीं आंच पर गरम करें जब 3 कप रह जाए तो उसे ठण्डा कर लें। अब इस मिश्रण में 3 कप शहद मिला लें। इस दवा के रोज 3 चम्मच सुबह खाली पेट लें जिससे सारी ब्लॉकेज खत्म हो जाएंगी क्यूंकि अगर पेट साफ होगा तो अब सभी बीमारियों से मुक्त।

# कहीं आपको तो नहीं 20 की उम्र में 40 की बीमारियां



**आज की युवा** पीढ़ी हाइपर टेंशन, मानसिक तनाव, एसिडिटी आदि कई समस्याओं से परेशान है। पहले ये समस्याएं 40 साल की उम्र के बाद होती थीं लेकिन अब खराब जीवनशैली के कारण ये समस्याएं 20 वर्ष के युवाओं में भी नजर आने लगी है।

### गलत खानपान का असर

आज के युवा स्वाद के चक्कर में पोषक तत्वों से भरपूर खानपान की बजाय कुछ भी उल्टा-सीधा जैसे चिप्स, नूडल्स, मोमोज आदि खाना पसंद करते हैं जो फैट बढ़ाने के साथ-साथ आंतों पर भी भारी पड़ते हैं। इससे पाचनक्रिया गड़बड़ाती है और एसिडिटी, अपच व कब्ज जैसी दिक्कतें होती हैं। अधिक वसायुक्त भोजन से हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है। अब भारत में 30 साल से कम उम्र के युवाओं में दिल के दौरों का खतरा तेजी से बढने् लगा है। डाइट में संतुलित आहार लें। मौसमी फल जरूर खाएं।

### एक्टिविटी की कमी


युवा पीढ़ी शारीरिक एक्टिविटी कम करती है और उनका दिमाग हर समय कुछ न कुछ सोचता रहता है। ऐसे में मनोवैज्ञानिक तनाव होता है। इसका असर पढ़ाई और कॅरियर पर भी पड़ता है। व्यायाम न करने से मोटापा, ब्लड प्रेशर, तनाव और डायबिटीज जैसी लाइफस्टाइल से जुड़ी

समस्याएं भी युवाओं में आम हैं। रोजाना आधे से एक घंटे तक व्यायाम करें। 10 से 15 मिनट का ध्यान तनाव दूर करेगा।

### अपर्याप्त नींद से घटती एनर्जी

अनुसंधान बताते हैं कि नींद में गड़बड़ी के कई कारण हैं, पर युवाओं में नींद से जुड़ी समस्याओं का सबसे बड़ा कारण रात में सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करना है। कई युवा रात को सोते समय घंटों अपने फोन में लगे रहते हैं। वाट्सएप या फेसबुक से नींद बाधित होती है। इससे दिमाग स्थिर नहीं रहता और गहरी नींद नहीं आ पाती। नींद पूरी न होने से धीरे-धीरे एनर्जी लेवल गिरता जाता है और चिड़चिड़ापन आता है। आगे चलकर स्थिति तनाव में बदल जाती है। रात को जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने की आदत डालें।

### संतुलन बनाएं



युवा पीढ़ी पर नौकरी के दौरान आज काफी दबाव है जिससे उनके व्यक्तित्व में चिड़चिड़ापन व आक्रामकता आ जाती है। जीवन में असंतुलन की वजह से वे जल्द ही हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज से ग्रसित हो जाते हैं।

उन्हें चाहिए कि परिस्थितियों के लिए खुद को पहले से तैयार रखें और किसी भी बात को दिल पर न लें। निजी बातों को दोस्त, साथी या परिवार के किसी सदस्य के साथ जरूर बांटें और बेवजह का तनाव न पालें। इसके अलावा धूम्रपान, शराब व तंबाकू से बचें।

### जल्दी हो रहे बूढ़े

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में छपे शोध के अनुसार आजकल कुछ युवा अपनी उम्र से तिगुनी गति से बूढ़े हो रहे हैं जिसकी वजह खराब जीवनशैली के कारण उनमें तेजी से बढ़ रहे किडनी, लिवर व हृदय संबंधी रोग हैं। इन रोगों में कोलेस्ट्रॉल की अधिक मात्रा, दांतों से जुड़ी समस्या, रक्तवाहिनियों का सिकुडऩा और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी भी शामिल है।

### सही प्लानिंग

उम्र के 20वें पड़ाव पर पहुंचते ही युवाओं को जीवन की सही तरह से प्लानिंग शुरू कर देनी चाहिए। जीवन की प्लानिंग करते समय सेहत के पहलू पर भी पूरी तरह ध्यान दें।

इस दौर में युवा माता-पिता का दामन छोड़कर दुनिया का सामना करने के लिए तैयार होते हैं। ऐसे दौर में शरीर में पूरी ऊर्जा होना आवश्यक है।युवाओं को शुरुआत में सब कुछ अच्छा और आकर्षक लगता है लेकिन कई बार बाद में पता लगता है कि वे गलत राह पर हैं।

इसलिए कोई भी बड़ा फैसला लेने के पहले दस बार सोच लेना चाहिए। जीवन की असलियत को समझकर अपने लक्ष्य बनाने चाहिए। तनाव की बजाय सकारात्मक और खुश रहना चाहिए। जरूर से ज्यादा आराम, और जरूरत से ज्यादा काम से भी बचें। लेकिन यदि इन सबके बावजूद आपको रोग सताएं तो डॉक्टरी सलाह भी लें।

# एसिडिटी दूर करने के घरेलू और पक्के उपचार



**एसिडिटी की परेशानी** से बहुत सारे लोग परेशान रहते हैं। यह इस हद तक व्यक्ति को परेशान करती है कि कही जाना, उठना- बैठना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। इसके लिए लोग खाली पेट तरह-तरह की दवाइयां खाते हैं लेकिन आप को बता दें कि ऐसी बहुत सारी घरेलू चीजें हैं जिसकी मदद से एसिडिटीसे राहत मिल सकती है।

### चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ही घरेलू नुस्खे बताते हैं

1. आप मुनक्का के सेवन से भी एसिडिटी से निजात पा सकते हैं। इसके लिए आप को मुनक्का को दूध में उबालकर दूध फिर ठंडा कर इसे ले सकते हैं।
2. एसिडिटी की समस्या तब भी होती है, जब आप भोजन के बीच में अधिक समय का गैप हो जाता है। इसलिए थोड़ी-थोड़ी देर पर कुछ ना कुछ खाते रहें।
3. सलाद में मूली का प्रयोग करें और मूली पर काला नमक तथा कालीमिर्च छिड़ककर खाएं। इससे एसिडिटी में काफी आराम होगा।
4. एसिडिटी की समस्या होने पर एक गिलास ठंडा दूध पी लें, इससे तुरंत ही आराम होगा।
5. गाजर का जूस भी एसिडिटी में काफी फायदेमंद होता है। इसके लगातार इस्तेमाल से एसिडिटी को जड़ से भी ख़त्म किया जा सकता है।
6. 3-4 किशमिश और एक टुकड़ा गुड को एक साथ खाने से एसिडिटी में बहुत जल्दी आराम हो जाता है।
7. रोज सुबह खाली पेट 2-3 तुलसी की पत्ती खाने से भी एसिडिटी में लाभ होता है।
8. केला ,खीरा और नारियल पानी भी एसिडिटी में बहुत ही फायदेमंद साबित होते है।
9. एसिडिटी होने पर कच्ची सौफ को चबाकर खाने से भी एसिडिटी में आराम मिलता है।
10. एसिडिटी की समस्या होने पर 1-2 लौंग को मुंह में रखकर चूसने से भी एसिडिटी में तुरंत ही रहत मिलती है।

# सौंफ के सेहत के लिए ये हैं आश्चर्यजनक फायदे!

**खाने के** बाद अक्सर सौंफ खाई जाती है। ये सौंफ के दाने अपने में कितने गुण समेटे हुए हैं इसे कम ही लोग जानते होंगे...सौंफ आपकी याददाश्त बढ़ाती है, निगाह तेज करती है, खांसी भगाती है और कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रण में रखती है। सौंफ में कैल्शियम, सोडियम, आयरन, पोटैशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं...



गर्म तासीर वाली सौंफ पेट के अनेक रोगों में फायदेमंद मानी जाती है। आंखों की बीमारियों को दूर करने में सौंफ एक अच्छी औषधि है। जिन्हें रतौंधी की शिकायत है उन्हें सौंफ रोजाना खानी चाहिए। सौंफ(150 ग्राम), मिश्री (300 ग्राम) और बादाम (150ग्राम) को मिक्स करके पाउडर बना लें। इससे आंखों की रोशनी तेज होकर शारीरिक कमजोरी दूर होती है। खांसी, उल्टी, पेटदर्द, कफ आदि के लिए सौंफ खाएं। दो कप पानी में उबली हुई एक चम्मच सौंफ को दो या तीन बार लेने से अपच और कफ की समस्या समाप्त होती है। पेट में दर्द हो तो भुनी हुई सौंफ चबाकर खाएं, दर्द ठीक हो जाएगा। जो लोग कब्ज से परेशान हैं, उनको आधा ग्राम गुलकन्द और सौंफ मिलाकर दूध के साथ रात में सोते समय लेना चाहिए। कब्ज दूर हो जाएगा।

आधा गिलास पानी में सौंफ का चूर्ण मिलाकर दिन में दो-तीन दिन बार पीने से पेशाब की जलन दूर होती है। सौंफ को अंजीर के साथ खाएं और खांसी व ब्रोन्काइटिस को दूर भगाएं। मासिक चक्र को नियमित बनाने के लिए सौंफ को गुड़ के साथ खाएं।

इसे खाने से लीवर ठीक रहता है। यदि आपको खट्टी डकारें आ रही हों तो थोड़ी सी सौंफ पानी में उबालकर मिश्री डालकर पी लें। आराम मिल जाएगा। रोजाना सुबह-शाम खाली सौंफ खाने से खून साफ होता है जो कि त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है, इससे त्वचा में चमक आती है।

# आवंले में हैं कई गुण

**आंवला प्राकृति** का दिया हुआ ऐसा तोहफा है जिससे हमारे शरीर में पनप रही कई सारी बीमारियों का नाश हो सकता है।यदि आपको अच्छी सेहत चाहिए तो आंवला बड़ी काम की चीज है।आंवला में आयरन और विटामिन सी भरा पड़ा होता है।

### आइए जानतें है इसके गुण।

- यदि आंवला के रस को रोज शहद के साथ लिया जाए तो अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की बीमारी में लाभ मिल सकता है।
- आवंले के रस को शहद के साथ पीने से खून साफ होता है।
- यदि पीरियड्स के समय ज्यादा ब्लीडिंग होती है तो आमला रस को रोजाना तीन बार केले के साथ लेने से फायदेमंद साबित होता है।
- रोज सुबह आंवला का रस शहद के साथ पीने से चेहरा चमकदार बनता है और झाइंया दूर होती हैं।
- आंवला दिल की मासपेशियों को मजबूत बनाता है और हृदय रोग से दूर रखता है।
- पाइल?स के समय होने वाले कब्ज से आमला का रस राहत दिलाता है।
- रोजाना एक आंवला खाने से आंखों की रौशनी बढाती है।
- आंवला आपके चेहरे पर पैदा होने वाले एक्ने और मुंहासो से निजात दिलाता है।
- मधुमेह रोगियों के लिए आंवला वर्दान है। आमला का जूस शहद और हल्दी पाउडर के साथ पीने से मधुमेह कंट्रोल होता है।



# दवाओं के दुष्प्रभाव से निपटने के आसान तरीके

**दवाएं कई प्रकार** की स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह हानिकारक बैक्टीरिया के खिलाफ मुकाबला करने, दर्द से राहत देने और जान बचाने में मदद करती है। दवाएं ऐसे रोगों का भी इलाज करती है जिनका अन्य किसी तरीके से इलाज नहीं हो पाता।

लेकिन अफसोस, दवाओं के उपयोग में एक खामी भी है। दवाएं मानव शरीर के साथ एक नाजुक संतुलन में काम करती हैं, लेकिन इस संतुलन के बिगड़ने पर यह कई प्रकार के साइड इफेक्ट का कारण बन सकती है।

### किसे होते हैं साइड इफेक्ट

किसी को भी दवा से साइड इफेक्ट हो सकते हैं, लेकिन कोई भी एक विशेष दवा आपके लिए साइड इफेक्ट का कारण नहीं हो सकता। यह दवा की खुराक, उम्र, लिंग, वजन और आपके द्वारा ली जाने वाली अन्य दवाओं पर निर्भर करता है। बुजुर्गों में में जवां लोगों की तुलना में साइड इफेक्ट अधिक होने की संभावना होती है। मामूली साइड इफेक्ट होने पर आप यहां दिये उपायों को अपना सकते हैं।

### कब्ज

कई निर्धारित और काउंटर दवा से कब्ज की समस्या हो सकती है। नियमित रूप से पेनकिलर दवाओं को लेने पर होने वाला यह सबसे आम दुष्प्रभावों में से एक है।

हालांकि, आप ब्रान और होल वीट ग्रेन और हाई फाइबर सब्जियां और फल जैसे बींस, सेब और ब्रोकली के सेवन से इसका इलाज कर सकते हैं। इसके साथ ही तरल पदार्थों को खूब सेवन करें और नियमित रूप से एक्सरसाइज करें।

### दिन के समय उनींदापन

कुछ दवाओं के कारण दिन में उनींदापन की समस्या भी हो सकती है, लेकिन शरीर द्वारा दवा के आदि होने पर समस्या आमतौर पर अपने आप ही दूर हो जाती है। अगर समस्या काफी दिनों तक ऐसी ही बनी रहती है तो डॉक्टर से पूछ कर दवा रात के समय लें। साथ ही यह भी सलाह दी जाती है कि उनींदापन महसूस होने पर भारी उपकरण न उठाये और ड्राइविंग करने से भी बचें।

**साइड इफेक्ट:** लगभग सभी प्रकार की दवाओं के साइड इफेक्ट होते है, लेकिन कुछ लोगों को साइड इफेक्ट का पता नहीं लगता वह इन साइड इफेक्ट के साथ आसानी से डील कर लेते हैं। यहां ऐसी कुछ महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई है जो आपको पता होनी चाहिए।



### डायरिया


लगभग सभी दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में डायरिया की समस्या देखने को मिलती है। हालांकि कीमोथेरेपी के लिए इस्तेमाल होने वाली कुछ दवाएं जैसे एंटीबॉयोटिक, एंटी-डिप्रेसेंट और एंटासिड डायरिया का कारण बनती है। अगर आपको दवा से डायरिया की समस्या होती है तो अपने आहार में हल्के, फाइबर युक्त जैसे की चावल और दही को शमिल करें। और बेहतर महसूस होने तक मसालेदार और फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों से बचें।

### सिरदर्द

कई निर्धारित और गैर निर्धारित दवाएं भी सिरदर्द का कारण हो सकती है। हालांकि शरीर को दवा की आदत हो जाने पर सिरदर्द अपने आप दूर हो जाता है। लेकिन अगर समस्या लंबे समय तक बनी रहती हैं तो बिना देर किये अपने डॉक्टर से संपर्क करें। आमतौर पर दवा के लाभ मामूली



साइड इफेक्ट से अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। क्योंकि अधिकांश दवाओं के साइड इफेक्ट अक्सर एक समय के बाद अपने आप दूर हो जाते हैं। लेकिन अगर साइड इफेक्ट लंबे समय तक रहते हैं तो आपको खुद से दवाओं को बंद नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने डॉक्टर से इस विषय पर राय लेनी चाहिए। और अगर दवा लेने के बाद पित्ती, चेहरे, होठों और जीभ पर सूजन या सांस लेने में परेशानी महसूस हो तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



# जानलेवा बीमारी है ब्लड पॉयजनिंग



**ब्लड पायजनिंग** के बारे में सुनने पर आपके जहन में ब्लड में जहर आने की कल्पना घूमने लगती होगी। लेकिन वास्तवकिता में इसका जहर के साथ कुछ लेना देना नहीं होता है। यह एक खतरनाक अवस्था है और तत्काल उपचार इससे बचने की कुंजी, इसलिए इसे पूरी तरह से समझना बहुत महत्वपूर्ण है। ब्लड पायजनिंग बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण है जो एक घातक स्थिति है। बहुत सारे मरीज इस अवस्था के निदान में विफल रहते हैं और बहुत लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करने के कारण यह समस्या जानलेवा भी हो सकती है। इसलिए इस समस्या के बारे में पता होना जरूरी है ताकी आप बीमारी के बारे में अपने डॉक्टर को सही समय पर सचेत कर सकें।

**जानलेवा संक्रमण है ब्लड पॉयजनिंग:** ब्लड पॉयजनिंग को सामान्यतः सेप्टिसीमिया या सेप्सिस के रूप में भी जाना जाता है, और यह जानलेवा सक्रमण खून में बैक्टीरिया की उपस्थिति के कारण होता है। बैक्टीरिया के खून में प्रवेश करने पर यह शरीर के किसी भी भाग में संक्रमण पैदा कर ब्लड पॉयजनिंग का कारण बन सकता हैं। इस संक्रमण में व्यक्ति के रक्त में श्वेत रक्त कणिकाओं की संख्या बहुत अधिक हो जाती है।

**ब्लड पायजनिंग का निदान:** ब्लड पायजनिंग का आत्म निदान मुश्किल होता है। अगर आपको सेप्सिस है तो इसको निर्धारित करने का सबसे अच्छा तरीका तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना होता है।

## रेसिपी



### मसाला पुरी

**सामग्री**

1 कप गेहूं का आटा
1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर
1/4 टी-स्पून हींग
1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर
1 टेबल-स्पून तेल
नमक स्वादअनुसार
तेल , तलने के लिए
**परोसने के लिए, ताज़ा दही**

**विधि**

सभी सामग्री को एक बाउल में मिलाकर, ज़रुरत हो उतनी मात्रा में पानी का प्रयोग कर सख्त आटा गूथ लें। 15 से 20 के लिए एक तरफ रख दें। आटे को 10 भाग में बांटकर, प्रत्येक भाग को 75 मिमी व्यास के गोल आकार में बेल लें। एक कढ़ाई में तेल गरम करें और एक या दो पुरी डालकर, उच्च तापमान पर उनके दोनो तरफ सुनहरा होने तक तल लें। ताज़े दही के साथ गरमा गरम परोसें।



### मूँगफली कढ़ी

**सामग्री**

1 कप ताज़ा दही, 1 टेबल-स्पून राजगीरा आटा, 1 टी-स्पून घी, 1 टेबल-स्पून अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, 2 टेबल-स्पून भूना मूंगफली पाउडर, सेंधा नमक , स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून टी-स्पून शक्कर, सजाने के लिये, 1 टी-स्पून बारीक कटा धनिया

**परोसने के लिये**

मिन्टी सान्वा , कुट्टु की खिचड़ी

**विधि**

दहीं, राजगीरा आटा और 2 कप पानी को 1 बाउल में डालकर अच्छि तरह से फेंटे। एक तरफ रख दें। एक गहरे नॉन-स्टिक पॅन में घी गरम करें और जीरा डालें। जब वे चटकने लगे, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट डालकर 30 सेकन्ड तक मध्यम आंच पर भूनें। मूँगफली पाउडर डालकर 30 सेकन्ड तक मध्यम आँच पर भूनें। दही-राजगीरा आटा का मिश्रण, सेंधा नमक और शक्कर डालकर अच्छि तरह से मिलायें और धिमी आँच पर लगातार हिलाते हुए, 4 से 5 मिनट तक पकायें। धनिया से सजाकर मिन्टी सान्वा/कुट्टु की खिचड़ी के साथ गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )